# देश

**उवाच** मध्य प्रदेश सरकार के बजट में आदिवासी समुदाय के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा है कि 100 आदिवासी गांवों को सौर ऊर्जा देंगे। क्या सिर्फ 100 ही गांव सरकार को दिखाई दे रहे हैं बाकी का क्या होगा। यह सिर्फ जादुई आंकड़ों का और जुमलेबाजी का बजट है।

–उमंग सिंघार,कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 20.0 |
| मुंबई | 35.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 36.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 26.0 |

# तेल क्षेत्र में बढ़ रही आत्मनिर्भरता : कांग्रेस

- विपक्ष ने मोदी सरकार पर लगाया तेल उत्पादन को प्रोत्साहन नहीं देने का आरोप
- लोकसभा में तेल क्षेत्र विनिमय तथा विकास संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा



**सरकार को सभी ऊर्जा स्रोतों में बदलाव कर उन्हें एक कर देना चाहिए और बिखरी ऊर्जा व्यवस्था का एकीकरण तेल क्षेत्र में आयात निर्भरता कम करनी चाहिए : मनीष तिवारी**

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार तेल उत्पादन को प्रोत्साहन नहीं दे रही है और तेल क्षेत्र के विकास के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए हैं जिसके कारण देश में तेल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता कम होने की बजाय लगातार बढ़ रही रही है। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने बुधवार को लोकसभा में तेल क्षेत्र (विनिमय तथा विकास) संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि तेल का आयात आज बढ़ गया है। सरकार दावा करती है कि वह ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रही है लेकिन हालात यह है कि तेल का आयात आज 90 प्रतिशत बढ़ गया है और देश की तेल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता कम होने की बजाय लगातार बढ़ रही है और यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था हाइड्रो कार्बन आधारित है और इसमें कोयला से ऊर्जा उत्पादन 55 प्रतिशत से अधिक है। सरकार को सभी ऊर्जा स्रोतों में बदलाव कर उन्हें एक कर देना चाहिए और बिखरी ऊर्जा व्यवस्था का एकीकरण तेल क्षेत्र में आयात निर्भरता कम करनी चाहिए। उनका कहना था कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में कोई काम ऊर्जा विकास के लिए नहीं हुआ है और इसी का परिणाम है कि देश में तेल क्षेत्र में आयात निर्भरता लगातार घट रही है जबकि इसे बढ़ना चाहिए था।

### तेल एवं गैस का उत्पादन को बढ़ाने की जरूरत

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ई टी मोहम्मद बशीर ने कहा कि देश में तेल एवं गैस का उत्पादन को बढ़ाने की जरूरत है और उसके लिए एक सशक्त कानून बनाने की भी जरूरत है। लेकिन यह केवल उत्खनन का मामला ही नहीं है। इसके लिए सभी पक्षकारों से बातचीत करना एवं उनकी चिंताओं का निराकरण करना जरूरी है। पर्यावरण एवं स्थानीय पारिस्थितिकी का ध्यान रखना अपरिहार्य है। भाजपा के जगदंबिका पाल ने कहा कि यह संशोधन विधेयक नहीं है बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सशक्त करने के लिए क्रांतिकारी कदम है। स्पष्ट है कि 1948 के कानून में संशोधन की जरूरत इसलिए पड़ी है क्योंकि तब सिर्फ तेल के उत्खनन की बात करते थे। अब माइनिंग लीज़ को पेट्रोलियम लीज़ कर दिया गया है।अनिश्चिता के कारण लोग निवेश नहीं आ सका। उत्खनन के साथ भंडारण, शोधन भी जोड़ा जा रहा है। वाईएसआर कांग्रेस की गुम्मा तनुजा रानी और तृणमूल कांग्रेस की प्रतिमा मंडल ने भी चर्चा में भाग लिया। भाजपा के दिलीप सैकिया ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए जो कदम उठाए हैं वे अभूतपूर्व हैं और उससे देश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। ऊर्जा क्षेत्र की देश की अर्थव्यवस्था अहम भूमिका है। भारत तेल क्षेत्र में एशिया में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है और इस महाद्वीप में भारत दूसरा सबसे ज्यादा तेल रिफाइनरी वाला मुल्क है। मोदी सरकार ऊर्जा शक्ति को गति देने के लिए काम कर रही है और इसी का परिणाम है कि श्री मोदी की कल्पनाशीलता के परिणाम स्वरूप देश की पहली वायु रिफाइनरी असम वायु रिफाइनरी बन रही है। इस रिफाइनरी को स्वरूप देने के लिए सरकार ने 4200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है और बिहू पर्व के बाद से यह रिफाइनरी का काम शुरु होगा। सैकिया ने कहा कि इस विधेयक के पारित होने से देश में तेल क्षेत्र में निवेश आएगा और इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पहले 142 अरब डालर का तेल आयात किया जाता था लेकिन मोदी सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में जो काम किया है उसके कारण अब 62 अरब डालर का ही आयात किया जा रहा है। तेलुगु देशम पार्टी के टी कृष्णा प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने खुद को पेट्रोलियम पदार्थों के निर्यातक के रूप में स्थापित करने में कामयाबी हासिल की है।

उन्होंने आंध्र प्रदेश के विकास में पेट्रोलियम उद्योग के विकास का योगदान होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में विकसित भारत एवं विकसित आंध्र प्रदेश को बल मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि भारत तेल का सबसे आयातक देशों में से है। इस कानून के बनने से देश में तेल उत्खनन क्षेत्र में सुधार के साथ निवेश आएगा और तेल एवं गैस की उत्पादन बढ़ने से दामों में कमी आएगी।

## जब सरकारी तेल कंपनियां मुनाफा कमा रहीं हैं तो दाम में कमी क्यों नहीं : सपा



सपा के रमाशंकर राजभर ने कहा कि जब सरकारी तेल कंपनियां मुनाफा कमा रहीं हैं तो तेल के दाम में कमी क्यों नहीं की जा रही है। तेल के दाम कम नहीं होने से किसानों और खेती पर दबाव ज्यादा है। उन्होंने कहा कि भारतीय तेल कंपनियों को विदेशी कंपनियों पर निर्भरता समाप्त होनी चाहिए और भारतीय तेल कंपनियों का सामाजिक सरोकारों के प्रति योगदान को भी सुनिश्चित करनी चाहिए। द्रविड़ मुनेत्र कषगम के कथीर आनंद ने कहा कि विधेयक में केंद्र सरकार को तेल उत्खनन प्रणाली के नियम तय करने के अधिकार मिलते हैं। लेकिन तेल एवं प्राकृतिक गैस के उत्खनन की परियोजनाओं के कारण पारिस्थकीय, पर्यावरण एवं समुद्री जीव जन्तुओं को होने वाले नुकसान का ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने ऐसी उत्खनन परियोजनाओं के लिए पहले राज्य सरकारों से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने और स्थानीय समुदाय की सहमति भी हासिल करने और स्थानीय पर्यावरण एवं रोज़गार की रक्षा करने की प्रतिबद्धता हासिल करने की जरूरत है।

## संसद से

### संथाल परगना क्षेत्र में लगातार घट रही आदिवासियों की संख्या निशिकांत दुबे

भारतीय जनता पार्टी के निशिकांत दुबे ने बुधवार को लोकसभा में झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासियों की घटती संख्या की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्षेत्र से बांग्लादेशी घुसपैठियों को हटाने के उपाय किये जाने की मांग की। दुबे ने शून्य काल में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्ष 1951 में संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासियों की संख्या 45 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2011 में घटकर 28 फीसदी रह गई। यह बहुत चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बांग्लादेश के घुसपैठियों की संख्या बहुत बढ़ गई है, इससे वहां मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ रही है।

### संविदा कर्मियों को सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं मिलें : धर्मेन्द्र यादव

समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने बुधवार को लोकसभा में संविदा कर्मियों का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि सरकारी कर्मचारियों की तरह इन कर्मचारियों को भी वेतन और अन्य सुविधायें दी जानी चाहिए। यादव ने शून्य काल के दौरान यह मसला उठाते हुए कहा कि संविदा कर्मी, आशा कार्यकर्ता, रोजगार सेवक, शिक्षा मित्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं, अनुदेशक, पंचायत सेवक, रसोइया, ग्रामीण चौकीदार आदि कर्मी बहुत कम मानदेयों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने सरकारी विभागों में आउटसोर्स के तहत नियुक्त कर्मचारियों का भी मुद्दा उठाया और कहा कि आउटसोर्स करने वाली कंपनियां इन कर्मचारियों का शोषण करती हैं और उन्हें मामूली वेतन पर नियुक्त कर उनसे निर्धारित पूरा काम लेती हैं।

### कोयला खादानों में दुर्घटना को कम करने को लेकर सरकार गंभीर : रेड्डी

कोयला मंत्री जी. किशन. रेड्डी ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि कोयला खादानों मे दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार काम किए जा रहे है जिसके अच्छे परिणाम आ रहे हैं। रेड्डी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि खादानों में दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अलग-अलग समिति बनाने के साथ-साथ नई तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहली बार खादान के अंदर 5जी तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है ताकि दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से कोयला खादानों में लगातार दुर्घटना कम हो रहे हैं और आने वाले दिनों में और कम हो उसके प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खादानों में काम करने वालों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

### लोस सीटों के संभावित परिसीमन में जनसंख्या को ही आधार न बनाया जाए : कथिर आनंद

लोकसभा में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सदस्य डी.एम. कथिर आनंद ने सदन की सीटों के संभावित परिसीमन में जनसंख्या को ही आधार न बनाए जाने की मांग करते हुए कहा कि राज्य में प्रति व्यक्ति आय, वस्तु एवं सेवा कर संकलन, कृषि आय, निर्यात आदि को भी मानदंड माना जाना चाहिए। आनंद ने शून्य काल के दौरान कहा कि लोकसभा सीटों के परिसीमन को ऐसा हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए जिससे प्रगति कर रहे राज्य अपने को दंडित किया जाना महसूस करें। परिसीमन को लेकर अभी बहुत सी चीजें स्पष्ट नहीं हैं इससे तमिलनाडु के लोगों को आशंका है कि परिसीमन के बाद राज्य में लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। तमिलनाडु और दक्षिण भारत के अन्य राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण पर अच्छे कार्य किए हैं, अतः उनकी मांग है कि परिसीमन के दौरान जनसंख्या को ही आधार न माना जाये, जिससे इन राज्यों के साथ अन्याय न हो। यदि जनसंख्या को ही संभावित परिसीमन का आधार बनाया गया तो उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों की सीटें अधिक हो जाएंगी, जो न्याय संगत नहीं होगा।

### नीट यूजी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ अनियमतिता की चल रही जांच : सुकांत

सरकार ने राज्यसभा में दोहराया कि मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की परीक्षा नीट का पेपर लीक नहीं हुआ था और इस परीक्षा में जो अनियमितता तथा गड़बड़ी हुई उसकी केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच की जा रही है। शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजुमदार ने सदन को पूरक प्रश्नों के जवाब में बताया कि उच्चतम न्यायालय ने भी अपने आदेश में कहा है कि इस परीक्षा का पेपर लीक होने के साक्ष्य नहीं मिले हैं। ऐसे में यह कहना कि यह पेपर लीक हुआ है यह न्यायालय के आदेश के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में 45 छात्रों को आरोपी पाया गया है और उनके खिलाफ कार्रवाई जारी है। केंद्रीय जांच ब्यूरो इस मामले की व्यापक जांच कर रहा है और कुछ मामलों में आरोप पत्र भी दायर किए गए हैं। मजुमदार ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पवित्रता को बनाये रखने के उपाय सुझाने तथा सलाह देने के लिए एक समिति का गठन किया गया था और भविष्य की परीक्षाओं में इसकी सिफारिशों को लागू किया जा रहा है।

## सार संक्षेप

### मेघालय में उपद्रवियों ने सरकारी वाहन में आग लगाई

**शिलांग।** मेघालय की राजधानी शिलांग के नोंग्मेनसोंग डोंगकाडियांग इलाके में मेघालय इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन को आबंटित सरकारी वाहन में बुधवार तड़के कुछ अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। पूर्वी खासी हिल्स के जिला पुलिस प्रमुख विवेक सिम ने कहा कि यह आगजनी का मामला हो सकता है और दोषियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### मणिपुर में 12 उग्रवादी किए गए गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में 12 उग्रवादी गिरफ्तार हुए। पुलिस ने बुधवार को कहा कि उग्रवादियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए। बरामद हथियारों में 7.62 मिमी एसएलआर के साथ मैगजीन, 5.56 मिमी इंसास राइफल, .22 राइफल, 2 बोर डबल बैरल बंदूक, हैंड ग्रेनेड, स्टन ग्रेनेड शामिल हैं। ये हथियार इंफाल पूर्वी जिले के इरिलबुंग-पीएस के अंतर्गत केइराओ वांगखेम से बरामद किए गए। पुलिस ने कहा कि एक व्यक्ति को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान संदीप देसवाल के रूप में हुई है, जो सेनापति जिले के सेनापति-पीएस के अंतर्गत एनएच-2 के टी. खुल्लेन में 17.34 किलोग्राम अफीम ले जा रहा था।

### शिक्षा का केंद्र बनेगा त्रिपुरा : माणिक

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने राज्य को देश के बाकी हिस्सों के लिए ज्ञान का केंद्र बनाने के लिए शिक्षा के विकास को प्राथमिकता दी है। बिशालगढ़ में एक सामाजिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. साहा ने कहा कि शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाने और शिक्षा क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न शैक्षिक परियोजनाएं लागू की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि भविष्य में जिनके पास शिक्षा और ज्ञान होगा, वे दुनिया, देश और राज्य का नेतृत्व करेंगे।

### बिहार में शुरू की गई योजना में 41822 आवास अपूर्ण : श्रवण

**पटना।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने स्वीकार किया कि बेघर लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई योजना के 41 हजार 822 आवास अपूर्ण हैं। कुमार ने विधानसभा में भोजनावकाश के पहले की बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी सदस्य अमरेंद्र प्रताप सिंह के सवाल के जवाब में कहा कि योजना के तहत आवासों का निर्माण लाभुकों द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार इसके निर्माण के लिए राशि उपलब्ध करा रही है।

# मध्य प्रदेश में 4.21 लाख करोड़ का बजट पेश

- विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने पेश किया बजट



**बजट में न एक रुपए का टैक्स, न योजना में कटौती : मोहन यादव**

**भोपाल,** 12 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में मोहन यादव सरकार की ओर से बुधवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश हुआ। यह बजट मध्य प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने पेश किया। मोहन सरकार की ओर से 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया है। यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट को सीएम मोहन यादव ने हर वर्ग के विकास और विश्वास का बजट बताया। बजट पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने जो बजट पेश किया है वो ये हमारी सरकार का अद्वितीय बजट है। इसके माध्यम से हमने सभी वर्गों की बेहतरी के लिए प्रयास किया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक दो ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अर्थात दो लाख 50 हजार करोड़ रुपए का जो रोडमैप तैयार किया गया है, उसी सिलसिले में हम अपने बजट को पांच साल में दो गुना करने का संकल्प लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। यह सिर्फ आंकड़ों का दस्तावेज नहीं है, ये ठोस निर्धारित लक्ष्य है, जिसके आधार पर व्यवस्थित योजना तैयार की गई है। गरीब, महिला, किसान और युवा सभी वर्गों की बेहतरी के साथ-साथ ये बजट गांव-गरीब और खास करके व्यवस्थित प्लानिंग के भरोसे से मध्यप्रदेश को उड़ान की ओर आगे बढ़ेगा। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि ये बजट पिछली बार से 15 प्रतिशत ज्यादा है अर्थात चार लाख 21 हजार 32 करोड़ का ये बजट है। ये आज तक का सबसे बड़ा बजट है। ये सारे रिकॉर्ड से बाहर है। महिला सशक्तिकरण के लिए भी ये बजट बहुत अलग प्रकार का है। छह वर्षों में जेंडर बजट का आकार दो गुना हुआ है। कृषि क्षेत्र में भी हम छह वर्षों में दो गुनी छलांग लगाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उज्ज्वल भविष्य के लिए बच्चों के शैक्षणिक, सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास सभी प्रकार से बाल बजट को भी छह वर्षों दो गुना करने का लक्ष्य रखा गया है। लाडली लक्ष्मी योजना के माध्यम से भी हमने एक बार स्पष्ट किया है कि इसमें किसी प्रकार की धनराशि की कमी नहीं आएगी। मुख्यमंत्री कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि इतने बड़े बजट के बाद भी हमने एक रुपये का टैक्स नहीं लगाया है। न ही किसी योजना में कटौती की है। लगातार हम अपने संकल्प पत्र के वादों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हम कांग्रेस के शासनकाल से तुलना करें तो तब केवल 20 हजार करोड़ का बजट होता था 2024-04 तक। जब हमारी सरकार बनी तो सवा तीन लाख करोड़ से हम आगे बढ़े हैं। ये हमारी भारतीय जनता पार्टी की काम करने की शैली है, उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए हम निश्चित रूप से आगे बढ़ रहे हैं।

## बजट प्रदेश को कर्ज व भ्रष्टाचार में डुबोने का दस्तावेज : पटवारी



मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पेश किए गए वार्षिक बजट को लेकर कहा कि यह बजट नहीं है, यह मध्य प्रदेश को कर्ज और भ्रष्टाचार में डुबोने वाला एक दस्तावेज है। पटवारी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिए बजट पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह बजट नहीं, मध्य प्रदेश को, कर्ज/भ्रष्टाचार में डुबोने का दस्तावेज है। भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश की जनता को फिर से एक छलावा भरा बजट दिया है।

# शरारती तत्वों तथा अफवाह फैलाने वालों पर रखें कड़ी नजर : हेमंत

**रांची,** 12 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर प्रदेश पुलिस को बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हर हाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए राज्य में विधि व्यवस्था संधारण की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए वरीय पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि होली, सरहुल, ईद, रामनवमी इत्यादि त्योहारों के मद्देनजर राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हर हाल में सुनिश्चित करें। पर्व-त्योहारों का उत्सव अपराधमुक्त वातावरण में आपसी प्रेम-सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में किसी भी प्रकार से कोई छोटी-मोटी अप्रिय घटना, सांप्रदायिक तनाव या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो, इस निमित्त पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ अलर्ट मोड पर रहे। जिन क्षेत्रों में सांप्रदायिक तनाव अथवा विवाद की संभावनाएं रहती है, उन क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार आदि मौजूद रहे।



- आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर पुलिस को दिए निर्देश

## धार्मिक स्थलों पर हो पुलिस बल की तैनाती

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में शांति समिति के साथ निरंतर बैठक कर समन्वय स्थापित करें। भीड़-भाड़ वाले जगहों, धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करें तथा शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# तमिलनाडु लगातार कर रहा एनईपी का विरोध : अंबिल महेश

**चेन्नई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) द्वारा एनईपी पर बढ़ते विवाद के बीच, (इसे राज्य में हिंदी थोपने का प्रयास बताया जा रहा है) स्कूली शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस दावे का कड़ा खंडन किया कि राज्य ने इसे स्वीकार कर लिया है और कहा कि तमिलनाडु लगातार इसका विरोध कर रहा है और इसमें कोई अचानक बदलाव नहीं हुआ है। अंबिल महेश ने एक विस्तृत सोशल मीडिया पोस्ट में संसद में प्रधान के दावे पर आपत्ति जताई और कहा कि गलत सूचना फैलाने से वास्तविक तथ्य नहीं बदलेंगे क्योंकि तमिलनाडु लगातार एनईपी का विरोध कर रहा है क्योंकि यह राज्य के शिक्षा मॉडल को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि एनईपी पर तमिलनाडु के रुख में अचानक कोई बदलाव नहीं होने की बात कहते हुए अंबिल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 15 मार्च, 2024 को लिखे गए पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यह एनईपी का समर्थन नहीं है, बल्कि इस मुद्दे का अध्ययन करने के लिए गठित समिति के निष्कर्षों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु केवल उन केंद्रीय योजनाओं से जुड़ता है जो छात्रों के लिए फायदेमंद हैं और इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी योजना या ढांचे को आंख मूंदकर स्वीकार कर लिया जाए।



**चिंता** *अमेरीकी घोषणा से कश्मीरी सेब उत्पादकों की चिंता बढ़ी*

# टैरिफ में कमी से भारत के घरेलू फल उद्योग पर पड़ेगा असर

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 12 मार्च (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के सेब उत्पादकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प की वाशिंगटन सेब पर टैरिफ कम करने की हाल की घोषणा पर चिंता जताई है क्योंकि उन्हें डर है कि इससे भारत के घरेलू फल उद्योग पर गंभीर असर पड़ेगा।

कश्मीर घाटी फल उत्पादक सह डीलर संघ ने औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इस कदम को रोकने के लिए उनके हस्तक्षेप का आग्रह किया है, क्योंकि उनका तर्क है कि इससे भारतीय बाजार सस्ते आयातित सेबों से भर जाएंगे और स्थानीय उत्पादकों को संकट में डाल देंगे। 2 अप्रैल से प्रभावी होने वाले टैरिफ में कमी से अमेरिका से आयात बढ़ने की उम्मीद है, जिससे जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सेब किसानों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो जाएगा। सोपोर, शोपियां, पुलवामा और अनंतनाग जैसे प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्रों के उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ ने चेतावनी दी है कि छोटे और सीमांत किसान सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में वित्तीय संकट पैदा होगा।



- फल उत्पादक सह डीलर संघ ने मोदी को लिखा पत्र

जम्मू-कश्मीर का बागवानी उद्योग, जो क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में कार्य करता है, सात लाख से अधिक परिवारों का भरण-पोषण करता है। उत्पादकों का तर्क है कि वाशिंगटन सेब, जो पहले से ही भारतीय बाजारों में उपलब्ध है, कम आयात शुल्क के साथ और भी सस्ता हो जाएगा, जिससे स्थानीय सेब की कीमतें कम हो जाएंगी और घरेलू किसानों का मुनाफा कम हो जाएगा। कश्मीर घाटी फल उत्पादक सह डीलर संघ के अध्यक्ष बशीर अहमद बशीर ने पत्रकारों को बताया कि अगर वाशिंगटन सेब कम टैरिफ पर भारतीय बाजारों में प्रवेश करता है, तो यह हमारे स्थानीय उत्पादकों के लिए एक बड़ा झटका होगा। यह निर्णय हजारों किसानों को वित्तीय बर्बादी की ओर धकेल देगा। बशीर का यह भी कहना था कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है जिसमें उनसे तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की गई है, जिसमें वाशिंगटन सेब पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का आग्रह किया गया है ताकि कश्मीर में सेब के व्यापार से जुड़े सात लाख लोगों की आजीविका बच सके। यह सच है कि कश्मीरी सेब उत्पादक पिछले एक दशक से कई चुनौतियों से जूझ रहे हैं, जिनमें राजनीतिक उथल-पुथल, चरम मौसम की घटनाएं और परिवहन संबंधी मुद्दे शामिल हैं। 2014 की विनाशकारी बाढ़, उसके बाद ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने पहले ही बागों को काफी नुकसान पहुंचाया है।

यही नहीं पिछले दो सालों से लगातार सूखे की मार सेब उद्योग पर भी पड़ी है, जबकि इस साल मार्च में हुई बारिश ने इस सीजन में बंपर फसल की उम्मीद जगाई है।

उल्टा पुल्टा

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना, लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...

# जनसमस्याओं के समाधान में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं : आशीष सूद



- गृह मंत्री आशीष सूद ने अनदेखी करने वाले अधिकारियों को दी चेतावनी
- समस्याओं के समाधान के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र जनकपुरी का किया दौरा

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र जनकपुरी का दौरा किया और स्थानीय लोगों की चिंताओं को समझने के लिए उनसे बातचीत की। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने बिजली, पानी, सुरक्षा, वृद्धा पेंशन, सीवर, सड़कों की मरम्मत, साफ-सफाई जैसी कई समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। आशीष सूद ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और लापरवाह अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर 15 दिन में क्षेत्रीय कार्यों की समीक्षा होगी और जनता को परेशान करने वाले अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाएगी। स्थानीय लोगों ने शिकायत की कि बिजली के पोल से तार नीचे तक लटक रहे हैं, कई इलाकों में लाइट की समुचित व्यवस्था नहीं है, और ट्रांसफार्मर जर्जर हो चुके हैं। मंत्री ने मौके पर मौजूद बीएसईएस अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिना किसी बहाने के तुरंत सभी बिजली संबंधित समस्याओं का समाधान करें। जहां पोल खराब हैं, वहां तुरंत नए पोल लगाने और स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गर्मी को देखते हुए पानी की आपूर्ति सुचारू करें। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने पाया कि कुछ क्षेत्रों में पीने के पानी की आपूर्ति में दिक्कत आ रही है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जिस क्षेत्र में पानी की समस्या है, वहां पानी की पाइप लाइन को साफ किया जाए या पुरानी लाइन को बदल कर नई लाइन डालने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसके अतिरिक्त बोरवेल चालू किए जाएं या टैंकरों से जलापूर्ति आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

### पेंशन और महिला कल्याण योजनाओं को सुचारू रूप से हों लागू

जनसंवाद के दौरान कई महिलाओं ने मंत्री को बताया कि उनकी वृद्धा और विधवा पेंशन अभी तक नहीं मिली है और दिल्ली सरकार की नई महिला समृद्धि योजना की जानकारी भी स्पष्ट नहीं है। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला पेंशन से जुड़ी हर समस्या का तुरंत निवारण किया जाए और महिलाओं को सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी दी जाए। आशीष सूद ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर अधिकारी अपने क्षेत्र में जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित करे, अन्यथा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### स्वच्छता व्यवस्था को तत्काल सुधारें

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने देखा कि गलियों में साफ सफाई का कार्य सही ढंग से नहीं हो रहा है और जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। कई जगह सीवर और नालिया जाम है जिस कारण गंदा और बदबू दार पानी सडक़ पर बहता रहता है। एमसीडी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि सफाई कर्मचारियों को तुरंत आदेश देकर गलियों की नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। पूरे क्षेत्र में ऑटोमेटिक कूड़ा उठाने वाली टिप्पर गाडियों की संख्या बढ़ाई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कूड़ा सुबह ही उठा लिया जाए।

### अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई

स्थानीय निवासियों ने शिकायत की कि इलाके में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, अवैध शराब की बिक्री हो रही है, और जुआ तथा ताश के अड्डे सक्रिय हैं। मंत्री ने मौके पर मौजूद दिल्ली पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध तत्वों की निगरानी की जाए।

## पूर्व महापौर ने मुस्लिम भाइयों संग मनाई होली



**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। हमारा देश तीज त्योहारों का देश है और देश में 12 महीने त्योहारों की धूम बनी रहती है जहां अभी सभी ने मिलकर 144 वर्ष बाद आने वाले महाकुंभ का आनंद लिया और पूरे देश ने जाकर के आस्था की डुबकी लगाई वहीं पूरा देश एक तरफ होली के रंगों में सराबोर है वहीं मुस्लिम भाई भी रमजान के महीने में इबादत करके ईद का इंतजार कर रहे हैं। सदर बाजार जो की पुरानी दिल्ली का बहुत पुराना क्षेत्र है जहां लोग सब प्यार प्रेम और भाईचारे से रहते हैं और सभी धर्म जाति के लोग मिलजुल कर अपने क्षेत्र को सजाने सवारने का काम करते हैं। कार्यक्रम में सब ने मिलकर पूर्व महापौर जयप्रकाश को चंदन का टीका लगाकर एकता का संदेश दिया।

## एसआरएमआईएसटी ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एसआरएमआईएसटी ने विषयवार प्रतिष्ठित क्यूएस यूनिवर्सिटी वर्ल्डड रैंकिंग में अपनी महत्वपूर्ण वृद्धि की घोषणा की है, जिससे उच्च शिक्षा में वैश्विक नेता के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है। इस वर्ष, एसआरएमआईएसटी ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में 88 पायदान चढ़कर 280वां स्थान हासिल किया है।

विश्वविद्यालय को 11 विषयों में भी स्थान दिया गया है-जो इसके इतिहास में विषयों की सबसे अधिक मान्यता है। विशेष रूप से, गणित को पहली बार शामिल किया गया है, जिससे एसआरएमआईएसटी को 451-500 रैंक बैंड में रखा गया है, जो इसकी बढ़ती शैक्षणिक गहराई और उत्कृष्टता को रेखांकित करता है। एसआरएमआईएसटी के कुलपति प्रो. सी. मुथामिझचेलवन ने कहा कि यह मान्यता हमारे छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के अटूट समर्पण का प्रमाण है। यह सुनिश्चित करता है कि हमारे शैक्षणिक कार्यक्रम वैश्विक मानकों के अनुरूप हों और समाज पर सार्थक प्रभाव डालें।

## दिल्ली में महिलाओं के लिए समस्या का सबब बन रहे स्पा सेंटर : शंकर कपूर



- अवैध हैं राजधानी के अधिकांश स्पा सेंटर

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। गत 2 साल में दिल्ली नगर निगम की लापरवाही से दिल्ली के मुख्य बाजारों के साथ ही रिहायशी इलाकों में तेजी से खुलते जा रहे स्पा सेंटरों को लेकर दिल्ली भर में आरडब्ल्यूए के साथ ही रिहायशी कॉलोनियों में रहने वाली महिलाओं के लिए भी समस्या का कारण बन गया है। कुछ वर्ष पूर्व तक यह स्पा सेंटर कुछ कमर्शियल सड़कों एवं मार्किटों तक सीमित थे पर इधर कुछ दो वर्ष में इन सपा सेंटरों ने दिल्ली के रिहाइशी इलाकों में भी पैर पसारे हैं जिसके बाद कस्तूरबा नगर जैसी विधानसभा के कुछ भागों में तो स्थानीय महिलाओं का घर से निकलना भी दूभर हो गया है। यह स्पा सेंटर सामान्य महिलाओं की समस्या का सबब बन गए हैं। सूत्रों के अनुसार इनमे से अधिकांश स्पा सेंटर किराए की जगह से चलते हैं तो मार्किट क्षेत्रों के ऊंचे किराये से बचने के लिए अब यह रिहाइशी इलाकों में बिल्डिंग का फ्लोर किराये पर लेकर अवैध रूप से चलते हैं। दिल्ली मास्टर प्लान नियमों के अनुसार कनवर्जन चार्ज देकर भी रिहायशी इलाकों के भवनों में स्पा सेंटर नही खोले जा सकते हैं।

## दिल्ली के लोगों से विश्वासघात कर रही भाजपा : संजय सिंह



**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने भाजपा की डबल इंजन की सरकार से दिल्ली को सर्विसेज पर अधिकार देकर पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग की है। 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा सर्विसेज पर अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रहे केस को वापस लेने जा रही है, जो दिल्लीवालों के साथ बहुत बड़ा धोखा है। जबकि लालकृष्ण आडवाणी समेत भाजपा के कई नेताओं ने दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की वकालत की थी।

## कन्फ़र्मटिकट लेकर आया है नया फीचर 'ट्रैवल गांरटी'

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। अग्रणी ऑनलाईन ट्रेन-युटिलिटी एवं टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म कन्फ़र्मटिकट लेकर आए हैं अनूठा फीचर 'ट्रैवल गांरटी' जो प्रतीक्षासूची वाले यात्रियों को बेहतर सुरक्षा एवं फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करता है। अगर चार्ट तैयार होने तक यात्री की टिकट कन्फ़र्म नहीं होती, तो यात्री 3 गुना तक रिफंड पा सकते हैं, इस तरह उनके लिए अंत में यात्रा के अन्य विकल्पों जैसे उड़ान या बस की बुकिंग करना आसान हो जाएगा।

## निरंकारी सतगुरु के जन्मोत्सव पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में सतगुरु माता जी के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर दिल्ली, एन.सी.आर. एवं मिशन द्वारा गोद लिए गए गांवों पट्ठीकल्याणा, पांच्छी गुजरान, मंडोरा गांव एवं भोडवाल माजरी में स्वास्थ्य जांच शिविरों का भव्य आयोजन किया जाएगा। संत निरंकारी मंडल के सचिव, जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर प्रात: 7:00 से 11:00 बजे तक संचालित होगा, जिसमें हजारों नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

**होली त्यौहार-2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार है:-

### दिनांक 13.03.2025 (गुरुवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं. स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | गया जं. | 01:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम एवं डेहरी-ऑन-सोन स्टेशन |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जं. | 22:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर, जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04078 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया एवं मानसी स्टेशन |
| 04084 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड एवं रंगिया जं स्टेशन |
| 04014 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर ज., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोण्डा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली, मशरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 01708 | आनन्द विहार (ट.) | 18:05 | जबलपुर जं. | 10:00 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., सतना, मैहर एवं कटनी स्टेशन |
| 04080 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| 08761 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 13:50 | मथुरा जं., आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जं., पेंड्रा रोड, उसलापुर एवं रायपुर जं. स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद एवं नींदर बेनाड स्टेशन |

### दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी एवं जनकपुर रोड स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोण्डा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फ़तेहपुर स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोण्डा जं. एवं बस्ती स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | सीतामढ़ी | 02:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 07708 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जं., रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामागुंडम एवं काजीपेट जं. स्टेशन |
| 02982 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जं., भरतपुर जं., बयाना जं., हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद एवं नींदर बेनाड स्टेशन |

### दिनांक 15.03.2025 (शनिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04030 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 04:50 | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |
| 01492 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | मथुरा जं., सवाई माधोपुर, भवानी मंडी, रतलाम जं., वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण जं. एवं लोनावाला स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद और नींदर बेनाड स्टेशन |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

10 जनवरी 2024 को सोनू वर्मा निवासी उत्तरं चल कॉलोनी की बन्द रेलवे फाटक राम विहार मार्केट बेहटा हाजिपुर थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद स्थित सोने-चांदी के आभूषणों की दुकान का रात्रि मे शटर तोड़कर अज्ञात बदमाशों द्वारा सोने व चांदी के है। आभूषण आदि चोरी कर लिये गये थे । पुलिस ने इस मामले में पारदी गैंग के 10 आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ गिरफ्तार किया गया था। जिनके कब्जे से उपरोक्त चोरी का काफी माल बरामद हुआ था : **पीयूष सिंह, एडीसीपी क्राइम।**

## थार सवार का वीडियो वायरल होने पर गिरफ्तार

**नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा में थार सवार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक थार सवार रॉग साइड चलाकर गई गाड़ियों में टक्कर मारते हुए चला गया। जहां-जहां थार निकली रास्ते में जो मिला उसे टक्कर मार दी। ये वीडियो सेक्टर-16 के कार बाजार का बताया जा रहा है। वहीं खड़े किसी ने ये वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।



पुलिस ने कार नंबर के आधार पर आरोपी थार कार चालक को सेक्टर-16 कार बाजार से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान सचिन कुमार लोहिया पुत्र महेश कुमार लोहिया निवासी दिल्ली के रुप में हुई है। नोएडा में स्टंट का वीडियो अक्सर वायरल होते रहते है। लेकिन इस वीडियो में थार कार चालक जिस तरह से लापरवाही से ड्राइव कर रहा है उससे किसी की जान जा सकती है। या बड़ा हादसा हो सकता है। वीडियो करीब 12 सेकेंड का है। जिसमें वो रांग साइड आता है जो भी बाइक, गाड़ी उसके रास्ते में आ रही है उसे टक्कर मारकर निकल रहा है। वीडियो में दिख रहा है एक दंपति भी सड़क किनारे उसकी टक्कर से गिर गए। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस थार नंबर के आधार पर कार सवार की पहचान की। इसके बाद दो टीम बनाकर थार चालक को गिरफ्तार किया। साथ ही थार को सीज किया।

# होली की सुरक्षा के लिए चार हजार पुलिसकर्मियों की होगी तैनाती

- 984 जगह पर होलिका दहन प्रस्तावित, पीस कमेटी की बैठकें जारी
- जिले को 10 जोन और 26 सेक्टर में बांटा गया

**नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। होली पर जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस ने अभी से तैयारी पूरी जो चुकी है। पर्व को शांतिपूर्वक व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए जाने के लिए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने चार हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती अलग-अलग जगहों पर की है। इस बार जिले में 984 स्थान पर होलिका दहन होगा। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरे कमिश्नरेट को 10 जोन और 26 सेक्टर में बांटा गया है। इसके अलावा संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से निगरानी होगी।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि होली को लेकर पुलिस की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। पुलिस ने 181 आरडब्ल्यूए और 329 ग्रामों की ग्राम सुरक्षा समिति के पदाधिकारी के साथ 70 से अधिक शांति समिति की बैठक कर ली है। कुछ अन्य बैठकें भी आगामी दिनों में कर ली जाएंगी। इनमें धर्म गुरुओं के अलावा संभ्रांत व्यक्तियों को शामिल किया गया है। बैठक में लोगों से अपील की गई है कि वह पुलिस का सहयोग करें और जिसके ऊपर भी शक हो कि वह होली के दौरान माहौल खराब कर सकता है। उसकी जानकारी दें।

### 44 संवेदनशील और हॉट स्पॉट चिन्हित

ताकि समय रहते उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। पुलिस ने अब तक कमिश्नरेट में 44 संवेदनशील और हॉटस्पॉट स्थान को चिन्हित किया है। वहां पर अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जा रहा है। जोन की जिम्मेदारी संबंधित डीसीपी और एडिशनल डीसीपी की होगी। वहीं सेक्टरों का जिम्मा संबंधित सर्किल के एसीपी और थाना प्रभारी को सौंपा गया है। इसके लिए 26 मोबाइल क्यूआरटी और दो कंपनी अर्धसैनिक बल को तैनात किया गया है।

### विषेश कार्यक्रम के लिए अलग व्यवस्था

होली के अवसर पर परंपरागत शोभा यात्रा और जुलूस जारचा और दनकौर क्षेत्र में चार स्थानों पर निकाले जाएंगे। एक बड़ा आयोजन थाना बादलपुर क्षेत्र में आयोजित है, जिसके संबंध में अलग से पुलिस बल की डयूटी लगाई गई है। यहां एक हजार से अधिक लोगों के एकत्र होने की संभावना है। होली के दिन विशेष टीमें लगाकर ब्रेथ एनालाइजर की सहायता से शराब पीकर वाहन चलाने वाले और हुडदंगियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### आईटीएमएस से होगी निगरानी

आईटीएमएस के माध्यम से लगे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एमवी ऐक्ट के तहत कार्रवाई होगी। दो पहिया वाहन को नशे की हालत में चलाने पर या तीन सवारी पर वाहन को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। सभी थाना मोबाइल, पीसीआर, यातायात पुलिस व पीआरवी वाहनों को भी लगातार क्षेत्र के भ्रमणशील रहने के लिए निर्देश दिया गया है।

### आठ डीसीपी को मिली जिम्मेदारी

होली के मौके पर सुरक्षा को लेकर 11 मजिस्ट्रेट, आठ डीसीपी, 5 एडीसीपी, 17 एसीपी, 70 इंस्पेक्टर, 950 सब इंस्पेक्टर, 100 महिला सब इंस्पेक्टर, 1850 सिपाही, 550 महिला सिपाही और 350 होमगार्ड की तैनाती की गई है। इसके अलावा पीएसी और अर्धसैनिक बलों की भी ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस सोशल मीडिया पर सतर्कता से नजर रख रही है और होली के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व भड़काऊ पोस्ट करने वाले लोगों की तुरंत पहचान की जाएगी। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस की एक टीम लगाई गई है जो सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करेगी।

## सार संक्षेप

### नाली ढलान को लेकर दो पक्ष भिड़े, मारपीट के बाद चली गोलियां

**गाजियाबाद।** थाना विजयनगर के मिर्जापुर क्षेत्र की नूरानी मस्जिद के पास मंगलवार को एक नाली के ढलान को दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद मारपीट व फायरिंग हुई। जिससे गांव में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह स्थिति को संभाला। इस दौरान एक पक्ष के अमजद नामक युवक को गोली के छर्रे लगे हैं। पुलिस ने इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को नगर निगम की टीम आयी हुई थी और नाली निर्माण का कार्य चल रहा था। तभी दो पक्ष जिसमें कि एक पक्ष अली जान तथा दूसरा पक्ष असलम दोनों पक्ष से लगभग 20-25 लोग आ गये तथा उनके बीच में नाली की दिशा को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया । जिसके बाद वहां मारपीट व फायरिंग हुई। इसमें एक व्यक्ति अमजद के पेट में छर्रा लगा है। जिसे प्राथमिक उपचार हेतु भेजा गया है । इस पूरे घटनाक्रम में सम्मलित सभी लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई के प्रावधान किये जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### सोशल मीडिया पर संपर्क करने के बाद युवक कर रहा है ब्लैकमेल

**नोएडा।** इंस्टाग्राम पर दोस्ती होने के बाद नर्स युवती और एक युवक में बातचीत हुई। फिर दोनों आपसी संबंधी में मिले भी। नर्स का आरोप है कि युवक उसके निजी फोटो विडियो बनाकर ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपए ऐंठ चुका है। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी तय हो चुकी है लेकिन आरोपी उसकी शादी तुड़वाने की धमकी दे रहा है। इस मामले में सेक्टर 20 थाने की पुलिस पीड़िता की शिकायत केस दर्ज कर जांच में जुटी। पुलिस को निठारी गांव में रहने वाली एक युवती ने वह दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्य कर रही है। पीड़िता के अनुसार दो साल पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी दोस्ती सुमित दिवाकर के साथ हुई। वह मूल रूप से जनपद बरेली का रहने वाला है। नर्स के अनुसार कुछ मुलाकातें उसकी एम्स के कैंपस व कुछ दिल्ली के अन्य स्थानों पर हुई। पीड़िता का कहना है कि उसने कभी भी सुमित से शादी का वादा नहीं किया। जब उसको महसूस हुआ कि सुमित अच्छे स्वभाव का लड़का नहीं है वह केवल उसकी सरकारी नौकरी और अच्छी आय तथा अच्छा परिवार देखकर उसके साथ संबंध बना रहा है ,तो उसने उससे दूरी बना ली और उसने सुमित के साथ मिलना बंद कर दिया। इसके बाद सुमित पीड़िता नर्स के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा और वह उसके निठारी स्थित घर पर तथा एम्स में पहुंचकर उसे परेशान करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया लेकिन वह अब भी नहीं मान रहा है। इसी दौरान नर्स की शादी तय हुई और यह बात युवक को पता चली तो अब वह शादी तुड़वाने की बात कह रहा है। मिलने के दौरान उसने कुछ फोटो और विडियो बना रखे हैं, उसे पीड़िता के मंगेतर को भेजने की धमकी देता है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मल्टीनेशनल कंपनी में लाखों के पैकेज की नौकरी छोड़ शुभम बने लेफ्टिनेंट

- विधायक समेत क्षेत्रवासियों का बधाई देने वालों का लगा तांता

**नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा के खेड़ा धर्मपुरा गांव के शुभम शर्मा ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट की नौकरी हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिसके बाद घर पहुंचने पर बुधवार को उनका गांव में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान विधायक श्रीचंद शर्मा के अलावा भाजपा के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। श्रीचंद शर्मा ने शुभम को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए गर्व का विषय बताया है। साथ ही भावी पीढ़ी को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



शुभम शर्मा की शुरुआती पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय झांसी से हुई है। तेलंगाना बोर्ड से इंटरमीडिएट करने के बाद पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की। शुभम के पिता कैप्टन उमेश कुमार शर्मा सेना शिक्षा कोर से 32 साल सेवा प्रदान करने के बाद रिटायर हुए है। बीटेक करने के बाद शुभम बेहतर पैकेज पर मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब कर रहे थे। लेकिन पिता के नक्शे कदमों पर चलते हुए सेना में नौकरी करने को प्राथमिकता दी। आठ मार्च को ट्रेनिंग पूरी करने के बाद वह मंगलवार को गांव लौटे तो पूरे क्षेत्र में जश्न मनाया गया। बधाई देने वालों का तांता उनके घर पर लगा हुआ है। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता पीतांबर शर्मा ने लेफ्टिनेंट शुभकामनाएं दी है।

## पुलिस मुठभेड़ के बाद दो बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-58 पुलिस टीम बिशनपुरा मंडी नोएडा के पास जांच कर रही थी। सामने से संदिग्ध एक मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति आते दिखाए दिए। बाइक को रुकने का इशारा किया गया। वह नहीं रुके और बाइक मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। जिससे बाइक डिसबैलेंस होकर गिर गई। बदमाशों द्वारा अपने आप को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस ने बदमाश पर फायर किया। बदमाश के पैर में गोली लगी। जिससे वो घायल हो गया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। इसकी पहचान शकील निवासी मयूर विहार फेस 1 दिल्ली के रूप में हुई। दूसरे बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान फरीद निवासी अलीगढ़ हुई है। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनके कब्जे से अवैध तमंचा के साथ चोरी के पांच मोबाइल बरामद किए गए है। इसमें से बरामद किए गए मोबाइल के संबंध में थाना सेक्टर-58 में केस दर्ज है। वहीं बाइक दिल्ली से चोरी की गई थी। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि

एक के पैर में लगी गोली



दोनों बदमाश शातिर किस्म के अपराधी है। ये राहगीरों से मोबाइल फोन और चेन स्नेचिंग कर लूटते है। पुलिस इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है। वहीं आसपास के जनपद और दिल्ली में भी इनकी डिटेल साझा की गई है। ताकि इनका आपराधिक रिकार्ड पता किया जा सके।

## गाजियाबाद में 144 आईआरएस अधिकारियों ने सीखा राष्ट्रीय सुरक्षा का हुनर



- आईआरएस के 144 अधिकारियों ने सीखे प्रशिक्षण

**गाजियाबाद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 144 अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को गाजियाबाद में सम्पन्न हो गया। जिसमें राष्ट्रीय व आंतरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण लिया। इस दौरान उन्हें देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा की चुनौतियों, डिजिटल वित्त जोखिमों और प्रौद्योगिकी व राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही इन चुनौतियों का समाधान कैसे किया जाए, इसके बारे में भी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, सीडीटीआई, गाजियाबाद निदेशक सचिन गुप्ता, पाठ्यक्रम निदेशक अंकुर आले शामिल रहे।

## रिलिजियस कम्युनिटी सेंटर की आड़ में बन रही मस्जिद के खिलाफ हिंदुओं में रोष

**खोड़ा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में इंदिरापुरम शक्ति खंड तीन में मंगलवार को बैठक आयोजित करके इंदिरापुरम स्थित शक्ति खंड तीन ग्रीन बेल्ट में रिलीजियस कम्युनिटी सेंटर की आड़ में बन रही मसजिद के खिलाफ हिंदू संगठनों द्वारा रोष जाहिर किया गया। विहिप के पदाधिकारियों ने कम्युनिटी सेंटर के नाम से बन रही अवैध मस्जिद को रोकने की बात मजबूती से रखी। और मस्जिद के निर्माण को रुकवाने के लिए भावी रणनीति पर विचार किया गया। सर्व हिन्दू समाज ने तय किया है कि प्रशासन ने अगर कानूनी रूप से इसको नही रोका तो आगामी एक दो दिन में समस्त हिन्दू समाज स्वयं जाकर निर्माण को रोकेगा। विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष डॉ. बी. के.गुप्ता ने कहा कि इंदिरापुरम हिंदू बाहुल्य क्षेत्र है। यहां किसी ट्रस्ट या कम्यूनिटी सेंटर के नाम की आड़ में मस्जिद और अन्य प्रकार की गतिविधियां हिंदू समाज द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा विश्व हिंदू परिषद प्रशासन से मांग करता है कि इस विषय पर संज्ञान ले और उचित कार्रवाई करे। अगर प्रशासन उचित कार्रवाई नहीं करता है तो हिंदू समाज सड़कों पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध करेगा। विश्व हिंदू परिषद ने नगर निगम को




भी चेतावनी देते हुए कहा कि वह भी इस विषय में कार्रवाई करें नहीं तो नगर निगम का भी हिंदू समाज घेराव करेगा। विहिप संपूर्ण हिंदू समाज एवं इंदिरापुरम के लोगों के साथ खड़ा है। सर्व हिन्दू समाज की इस आक्रोश बेठक में हिन्दू संगठनों के कई प्रमुख नेता भी शामिल हुए। पिछले कुछ समय से कट्टरपंथी संगठनों द्वारा लगातार इंदिरापुरम को केंद्र बनाकर अवैध एवं अनैतिक कार्य किए जा रहे है। विहिप के साथ कई संगठनों के पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

## आईटी रिक्रूटर पर कंपनी की प्रतिष्ठा धूमिल करने का आरोप

- फेज वन थाना क्षेत्र की इनवेडस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मामला
- कंपनी के विधिक प्रतिनिधि ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराया मुकदमा, जांच शुरू
- आरोपित के खिलाफ थाने में शिकायत दी गई लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो कोर्ट में गुहार लगाई गई

**नोएडा।** फेज वन थाना क्षेत्र की इनवेडस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की प्रतिष्ठा धूमिल करने और कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए उकसाने का मामला सामने आया है। कंपनी के विधिक प्रतिनिधि ने सीनियर आईटी रिक्रूटर के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है।

कंपनी के विधिक प्रतिनिधि निखिल शर्मा ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कंपनी में शिवम सक्सेना वरिष्ठ आईटी रिक्रूटर के पद पर कार्यरत था। शिवम का कंपनी में अंतिम कार्य दिवस 14 फरवरी 2024 तक था लेकिन आरोपित बिना नोटिस दिए और अवधि पूरी करने के बजाये, पहले ही भाग गया। आरोप है कि शिवम ने कंपनी की संपत्ति जैसे मोबाइल, सिम नंबर आदि को भी वापस नहीं लौटाया। शिवम से काफी संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। आरोपित ने एक स्टाफ से धोखाधड़ी कर धनराशि भी ले ली। आरोपित कंपनी के नाम से बनाए वाट्सएप ग्रुप पर गलत गतिविधियों में शामिल रहा। कंपनी के खिलाफ अपमानजनक बाते कर प्रतिष्ठा खराब करने के साथ-साथ झूठे बयान भी देता रहा। कंपनी कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए उकसाता भी रहा। आरोपित के खिलाफ थाने में शिकायत दी गई लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो कोर्ट में गुहार लगाई गई। थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर शिवम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महाप्रबंधक संघ इलेक्ट्रिकल कांट्रैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाई होली



**नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। होली के मौके पर नोएडा प्राधिकरण सेक्टर 39 में इलेक्ट्रिकल कांट्रैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन का आयोजन किया गया जिसमें महाप्रबंधक आरपी सिंह ने अधिकारी और एजेंसियों के साथ होली मनाई। बुधवार को सेक्टर-39 बारात घर में इलेक्ट्रिकल वेलफेयर एसोसिएशन ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि आरपी सिंह महाप्रबंधक नोएडा प्राधिकरण, वरिष्ठ प्रबंधक रविंद्र कुमार, सतेंद्र कुमार और अमरजीत सिंह, प्रबंधक अमित कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इस मौके पर महाप्रबंधक आरपी सिंह ने कहा कि एक दूसरे के सहयोग के साथ नोएडा को नई दिशा की ओर ले जा सकते हैं। सब एक दूसरे संग मिलकर चलेंगे तो और अच्छे परिणाम सामने आ सकते हैं, जिससे नोएडा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में सफल मिल सकती है। इस मौके पर उन्होंने सभी को परिवार संग हार्दिक होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह के मौके पर फूलों की होली भी खेली गई जिसमें सभी अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर इलेक्ट्रिकल वेलफेयर इलेक्ट्रिकल कांट्रैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार, महासचिव सतेंद्र सिंह रावत, सचिव चेतन चौहान, कोषाध्यक्ष शशि भूषण, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरुण त्यागी, उपाध्यक्ष आलोक यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग त्रिपाठी के साथ-साथ सदस्य नंदकिशोर, सुमित शर्मा, नरेश यादव, दिलशाद, जफर, बोबिन चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पारदी गैंग का फरार चल रहा 50 हजार रुपए का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

- गैंग बनाकर विभिन्न राज्यों में घूम-घूम कर चोरी लूट, डकैती आदि की करते हैं घटनाएं
- पुलिस मुठभेड़ गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का माल बरामद

**गाजियाबाद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। साइबर क्राइम पुलिस ने बुधवार को अन्तरराज्यीय पारदी गैंग (मध्यप्रदेश) के फरार चल रहे 50 हजार रूपए का ईनामी अपराधी गिरफ्तार किया है। 10 जनवरी 2024 को लोनी बॉर्डर इलाके में ज्वेलर के शोरूम में हुई लूट में वांछित चल रहा था। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि 10 जनवरी 2024 को सोनू वर्मा निवासी उत्तरं चल कॉलोनी की बन्द रेलवे फाटक राम विहार मार्केट बेहटा हाजिपुर थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद स्थित सोने-चांदी के आभूषणों की दुकान का रात्रि मे शटर तोड़कर अज्ञात बदमाशों द्वारा सोने व चांदी के है। आभूषण आदि चोरी कर लिये गये थे । पुलिस ने इस मामले में पारदी गैंग के 10 आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ गिरफ्तार किया गया था। जिनके कब्जे से उपरोक्त चोरी का काफी माल



बरामद हुआ था। आरोपी चरण सिंह इस मामले में फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। चरण सिंह पारदी ने बताया कि वह अनपढ़ है तथा आदिवासी पारदी जनजाति मध्यप्रदेश का रहने वाला है। चरण सिंह पारदी तथा उसके अन्य साथी गैंग बनाकर भारत के विभिन्न राज्यों में घूम-घूम कर चोरी लूट, डकैती आदि की घटनाऐं करते है।

जिस शहर में इन लोगो को घटना कारित करनी होती है पहले ये लोग वहां जाकर गली-गली बाजारों व मोहल्लो में खिलौने गुलदस्ते आदि की फेरी लगाने का काम करते है। फेरी करते हुए इस गिरोह के सदस्य यह चिन्हित कर लेते है कि किस मकान या दुकान में आसानी से चोरी की घटना कर सकते है। चिन्हित करने के बाद ये अपने अन्य साथियो को बुला लेते है और आधी रात के बाद इस गैंग के लोग असलहे, सरिये, आला नकब डन्डे आदि लेकर रैकी किये हुए दुकान मकान से कुछ दूर रूक जाते है फिर गिरोह के कुछ साथी पहले एक बार और जाकर मौके पर देखकर आते है कि पुलिस या अन्य कोई बाधा तो नही है रास्ता साफ देखकर इसके गिरोह के लोग एक साथ जाकर दुकान मकान का शटर या दरवाजा तोड़कर अन्दर घुस जाते है। इसके गिरोह के कुछ साथी दुकानों में घरों के बाहर रहते है और डंडा और गुलेल लेकर जो कुत्ते आदि भौकते है।

असलहा दिखा कर डराकर व उनके साथ मारपीट कर चुप करा देते है और जो भी कीमती सामान जैसे सोने- चांदी के जेवरात, नकदी आदि जो कुछ कीमती सामान मिलता है लेकर भाग जाते है और उसी समय वह राज्य छोड देते है। चरण सिंह पारदी का गाँव मध्यप्रदेश राज्य के गुना जनपद में काफी अन्दर पिछड़े एरिये में है। चरण सिंह पारदी ने यह भी बताया कि पारदी जनजाति के लोग घटना करने से पहले रेलवे स्टेशन बस स्टैण्ड के आस पास रूकते हैं और घटना करने के बाद तुरन्त ट्रेन या बस से भाग जाते हैं।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत 47173 गैस कनेक्शन धारकों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर प्रथम चरण में अक्टूबर से दिसम्बर 2024 एवं द्वितीय चरण में जनवरी से मार्च 2025 तक प्रदान किया जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि नि:शुल्क गैस सिलेंडर जिसका मूल्य 842.42 रुपया प्रति सिलेंडर है की प्रतिपूर्ति 334.78 रुपए प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा तथा 508.5 की प्रतिपूर्ति उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की जाती है: **ओम हरि उपाध्याय, जिला पूर्ति अधिकारी।**

## सऊदी अरब की रियाद एयर नोएडा एयरपोर्ट के साथ कर सकती है समझौता

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सऊदी अरब रियाद एयर समझौता कर सकती है। विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड इस दिशा में प्रयास शुरू कर दिया है। इन दिनों रियाद एयर के सीईओ टोनी डगलस भारत के दौरे पर हैं, जहां वे इस प्रमुख बाजार में संभावित साझेदारियों का पता लगाने के लिए कई महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेंगे। रियाद एयर, जो इस वर्ष के अंत तक अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए तैयार है, भारत और सऊदी अरब के बीच कनेक्टिविटी और विकास के नए अवसरों को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 2030 तक, भारत सऊदी अरब का शीर्ष पर्यटन स्रोत बाजार बनने की उम्मीद है।




- **रियाद एयर प्रतिनिधिमंडल भारत के प्रमुख बाजार का दौरा करेगा, साझेदारी की तलाश करेगी संभावना**
- **सीईओ टोनी डगलस भारत की दो सबसे बड़ी एयरलाइनों, एयर इंडिया और इंडिगो, और डीजीसीए के साथ बैठक कर समझौते पर करेगी चर्चा**

सऊदी पर्यटन प्राधिकरण का लक्ष्य है कि दशक के अंत तक हर साल 75 लाख भारतीय पर्यटकों का स्वागत किया जाए। आंकड़ों के अनुसार, 2023 में भारतीय यात्रियों की संख्या 50 फीसदी बढ़कर 15 लाख से अधिक हो गई। बुधवार से 14 मार्च तक चलने वाले इस दौरे के दौरान, रियाद एयर प्रतिनिधिमंडल नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और सऊदी अरब के दूतावास के अधिकारियों से मुलाकात करेगा ताकि भारत में संचालन शुरू करने के लिए आवश्यक अनुमतियों और समर्थन को अंतिम रूप दिया जा सके। इसके अलावा, डगलस इंडिगो और एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मिलेंगे, जिससे संभावित साझेदारी की संभावनाओं पर चर्चा होगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट इसका पूरा फायदा उठाने में लगी हुई है। नोएडा एयरपोर्ट पहले ही इंडिगा और आकासा के साथ समझौता कर चुकी है।

## होली के दिन ग्रेटर नोएडा में तीन बार होगी जलापूर्ति

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा में होली के दिन तीन बार जलापूर्ति करने का निर्णय लिया है, ताकि ग्रेटर नोएडावासी इस पावन पर्व को अच्छे से मना सकें। उनको पानी की दिक्कत नहीं हो। अगर कहीं पानी की दिक्कत होती है तो वहां टैंकर से पानी पहुंचाने के इंतजाम किए गए हैं।

- **सीईओ के निर्देश पर ग्रेनो प्राधिकरण के जल विभाग ने की तैयारी**
- **टैंकर मंगवाने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने जारी किए मोबाइल नंबर**

जल विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि 14 मार्च को सुबह 7 बजे से 9.30 बजे तक, दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक और शाम 7 बजे से रात 9.30 बजे तक जलापूर्ति की जाएगी। इसके बावजूद अगर किसी को पानी की दिक्कत हो तो वह मोबाइल नंबर 7983604110, 9811839456, 9873763995, 9899331572, 9654302913, 8130504019, 8377911380, 9871090100 और 8859285804 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एनजी रवि कुमार ने सभी ग्रेटर नोएडावासियों से अपील की है कि पानी की बचत करें, व्यर्थ न करें। होली पर्व को हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ मनाएं।

## होली पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत नि:शुल्क गैस सिलेंडर का वितरण



**ग्रेटर नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय पर किया गया, जिसमें जेवर क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र सिंह, सदस्य उत्तर प्रदेश विधान परिषद श्रीचंद शर्मा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरि उपाध्याय तथा तेल कंपनी नेशन के प्रतिनिधि, बिक्री अधिकारी आइ.ओ.सी.एल, एचपीसीएल गैस एजेंसी के स्वामीगण व उज्वला योजना के लगभग 200 लाभार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की सराहना करते हुए लाभार्थियों को उनकी विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध कराई।

जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरि उपाध्याय ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत 47173 गैस कनेक्शन धारकों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर प्रथम चरण में अक्टूबर से दिसम्बर 2024 एवं द्वितीय चरण में जनवरी से मार्च 2025 तक प्रदान किया जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि नि:शुल्क गैस सिलेंडर जिसका मूल्य 842.42 रुपया प्रति सिलेंडर है की प्रतिपूर्ति 334.78 रुपए प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा तथा 508.5 की प्रतिपूर्ति उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की जाती है, जिसके क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा उज्वला योजना के लाभार्थियों के खाते में प्रति सिलेंडर 508.14 रुपए की धनराशि की सब्सिडी ट्रांसफर की गई। जिले में जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों को 508.4 रुपए की धनराशि के प्रतीकात्मक चेक वितरण किये। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर के मूल्य के बराबर सब्सिडी उनके खातों में अंतरित हो जाएगी और सिलेंडर उन्हें नि:शुल्क प्राप्त होगा।

## बच्चों ने कठपुतलियों के माध्यम से संदेशप्रद कहानी को देखा



**ग्रेटर नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए एक कठपुतली शो का आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध कहानी 'लिटिल रेड राइडिंग हूड' को कठपुतलियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। शो की शुरुआत बहुत ही सुंदर तरीके से की गई। यह शो अध्यापिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। रंग-बिरंगे कठपुतलियों को सजाया गया था और उनके हाव-भाव बहुत ही रोचक थे। कहानी के संवाद छोटे बच्चों के लिए आसान और मजेदार बनाए गए थे। भेड़िए की आवाज डरावनी थी, जिससे बच्चों को बहुत मजा आया। बच्चों को यह कठपुतली शो बहुत पसंद आया। वे पूरे समय कहानी को ध्यान से देख रहे थे और उसके मजेदार हिस्सों पर तालियां भी बजा रहे थे। शो के बाद बच्चों से पूछा गया कि उन्हें क्या सीख मिली, तो उन्होंने बताया कि हमें अजनबियों से बात नहीं करनी चाहिए और हमेशा सतर्क रहना चाहिए। प्रधानाचार्या डॉ. रेणु सहगल ने कठपुतली शो न छात्रों को बताया कि यह केवल मनोरंजक था, बल्कि इसमें बच्चों को महत्वपूर्ण सीख भी दी गई। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ उनकी शिक्षा में भी सहायक होते है।

## बोर्ड की परीक्षा देकर घर लौट रहे दो छात्रों पर जानलेवा हमला, एक की हालत गंभीर

**दनकौर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के धनोरी गांव में स्थित एक सेंटर से बुधवार शाम परीक्षा देकर घर लौट रहे बाइक सवार दो छात्रों पर 6 लोगों ने चाकू और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में एक छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसका ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, दूसरे घायल छात्र को आरोपी अपने साथ बाइक पर बिठाकर ले गए। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत की है। क्षेत्र के दलेलगढ़ गांव निवासी वंश और सागर 12वीं कक्षा के छात्र हैं। जिनके बोर्ड के एग्जाम चल रहे हैं। परिवार के लोगों का कहना है कि दोनों बाइक पर सवार होकर बुधवार की दोपहर धनोरी गांव के एग्जाम सेंटर पर गए थे। बताया जाता है कि जब एग्जाम देकर शाम को वह बाइक पर सवार होकर घर को लौट रहे थे। उसी दौरान धनोरी गांव से कुछ दूरी पर दो बाइक पर सवार होकर आए 6 लोगों ने डंडे और चाकू से दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में सागर गंभीर रूप से घायल होकर वहां से आरोपियों के चंगुल से छूटकर भाग निकला। जबकि वंश को आरोपी अपनी बाइक पर बिठाकर ले गए। सूचना के बाद पुलिस गायब छात्र की तलाश कर रही है। परिवार के लोगों का कहना है कि आरोपियों से कई दिन पहले दोनों छात्रों का विवाद हो गया था। इसी के चलते उन पर जानलेवा हमला किया गया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## भाकियू महासभा का होली मिलन व संगठन विस्तार समारोह आयोजित

**रबूपुरा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन महासभा ने बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर प्रदेश स्तर व जिला स्तर के समस्त कार्यकर्ता सम्मलित हुए और हर्षोल्लास से रंग व फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहज योग आश्रम वालों का भी सहयोग रहा। संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने बताया कि इसकी क्रम में संगठन विस्तार करते हुए संदीप यादव को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, सचिन उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी, विकास सैनी रोहिणी दिल्ली जिला अध्यक्ष, ईश्वर सैनी जिला उपाध्यक्ष रोहिणी, संध्या चौहान राष्ट्रीय सचिव महिला मोर्चा, अंशुल शर्मा जिला प्रवक्ता, परशुराम लालवानी महानगर अध्यक्ष, नदीम सिद्दकी जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किये गए। संगठन में खुले दिल से स्वागत किया जाता है और संगठन की नीति और निर्देश अनुसार प्रदेश में देश में संगठन का नाम उज्जवल रखने की अपील की। इस दौरान मिथिलेश सिंह, धर्मवीर सिंह, विजेंद्र सिंह, सादिक, भूपेंद्र चैहान, आलमगीर, मुजाहिद, पवन शर्मा, रणबीर नागर, मुजाहिद, दीपक ठाकुर, लोकेंद्र सिंह, राकेश प्रधान, दिनेश, कृष्णा, हरेंद्र आदि मौजूद रहे।



## संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत

### पति पर जहर खिलाने का आरोप



**दनकौर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। कस्बे में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतक के मायके वालों का आरोप है कि पति ने जहर देकर उसकी हत्या की है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध मे मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए बुधवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस से मामले की शिकायत की है। जेवर कोतवाली क्षेत्र की रामनेर गांव निवासी अतर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उन्होंने करीब 16 वर्ष पहले अपनी बेटी लक्ष्मी (37) की दनकौर कस्बे में शादी की थी। जिनकी बेटी के चार बच्चे हैं। उनका कहना है कि बेटी का पति आए दिन लक्ष्मी के साथ मायके वालों से रुपए दिलवाने को मारपीट करता रहता था। कई बार उन्होंने आरोपी को समझाया था। उसके बावजूद भी आरोपी अपनी हरकतों में कोई सुधार नहीं किया। आरोप है कि मंगलवार को भी आरोपी ने उनकी बेटी की पिटाई की और जहरीला पदार्थ खिला दिया। जिससे उसकी तबीयत खराब हुई तो परिवार के लोगों ने ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पिता का आरोप है कि आरोपी पति ने जहरीला पदार्थ खिलाकर उनकी बेटी की हत्या की है। पुलिस ने मायके वालों की शिकायत पर शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर मामले में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यार्थियों ने उत्साह व उमंग के साथ मनाया होली का त्योहार

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। एक्यूरेट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बुधवार को होली का त्योहार बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों और फूलों से सजाया गया था, जिससे उत्सव का माहौल और भी खुशनुमा हो गया। छात्रों और शिक्षकों ने एक साथ मिलकर इस रंगीन त्योहार का आनंद लिया, जिससे एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया। छात्रों ने पारंपरिक संगीत और नृत्य के साथ होली खेली, जिससे परिसर में सांस्कृतिक रंगों की छटा बिखरी। हर्बल रंगों का उपयोग किया गया, जिससे पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। संस्थान के अधिकारियों ने सभी को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया। विभिन्न विभागों के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिससे उत्सव में चार चांद लग गए। अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और मिठाईयां बांटी। यह उत्सव एकता और भाईचारे का प्रतीक रहा, जिसने सभी को एक साथ बांधे रखा।




इस उत्सव ने न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि छात्रों को हमारी सांस्कृतिक धरोहर से भी जोड़ा। यह एक यादगार अनुभव रहा, जिसने सभी के दिलों में खुशी और उत्साह भर दिया। इस कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ. एस. के. दुबे, डॉ. मनोज कुमार सिंह, सतीश कुमार वर्मा, डॉ. अजय कुमार तिवारी, डॉ. अजीत किरण कौर के साथ हेड एचआर हरिओम शर्मा और प्लेसमेंट हेड डॉ. मुक्ता जोशी भी रहे। इस मौके पर चेयरपर्सन पूनम शर्मा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और होली को उत्साह और समझदारी से मनाने का संदेश दिया उन्होंने यह भी कहा कि होली खेलें और अपना और पर्यावरण का ध्यान रखें, होली पर सभी के साथ कार्यक्रम में शामिल हुई और छात्रों को उत्साहित किया।

## अधिवक्ताओं ने एक दूसरे पर लगाया मारपीट का आरोप, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जेवर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। तहसील मुख्यालय में काम करने वाले दो अधिवक्ताओं ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो पक्षों के तीन अधिवक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिवक्ता अमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत करते हुए बताया कि 7 मार्च को वह न्यायालय कार्यालय के सामने खड़ा था। उसी दौरान अधिवक्ता भीमसेन व रोहताश ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने एक अधिवक्ता पर लोहे की रोड से हमला करने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता भीम सिंह ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 7 मार्च को अपने चेम्बर में बैठे हुए थे। उसी दौरान अधिवक्ता अमित कुमार गौतम ने चैम्बर में घुसकर एक केस के बारे में वार्ता करते हुए वहां रखी फाइलों को फेंकना शुरू कर दिया तथा गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। अन्य अधिवक्ताओं के आने पर वह वहां से चला गया। उसके बाद न्यायालय से निकलते वक्त अमित कुमार गौतम ने दुबारा गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी। अधिवक्ता रोहताश कुमार द्वारा पीड़ित को बचाने का प्रयास करने पर उसके साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फिटनेस सेन्टर में महिलाओं ने खेली होली

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ऑलवेज बी फिट के होली मिलन समारोह का आयोजन सेंटर की संचालिका और फिटनेस ट्रेनर रेखा ने किया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लेकर खूब प्राइज जीते। इस कार्यक्रम में रेखा ने कहा कि फिटनेस हमेशा से किसी भी इंसान के लिए सबसे बड़ी दौलत रही है, लेकिन आज इसका मोल पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा बढ़ गया है। जिस तरह की लाइफस्टाइल हम जीते हैं वहां अपने शरीर के लिए कुछ वक्त निकालना बेहद जरूरी है। योगा ट्रेनर आरती ने कहा कि शरीर के साथ दिमाग की फिटनेस भी बेहद जरूरी है और योग से बेहतर इसका कोई उपाय नहीं होता। इस आयोजन में योगा ट्रेनर आरती रावत, फिटनेस फ्रीक सरस्वती राय, नेहा, पल्लवी, अमु केसरी, सुचिता शुक्ला, छवि शर्मा, अर्चना पांडे, रिद्धिमा जैन, आरती कुशवाहा, समिता त्रिपाठी, रैनी कंसल आदि मौजूद थी।




पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## वीमेन आइकॉन अवॉर्ड्स से महिलाओं को किया गया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। महिलाओं की सफलता और योगदान को सराहने के लिए गौड़ फाउंडेशन ने 'गौड़ वीमेन आइकॉन समिट एंड अवॉर्ड्स 2025' का आयोजन किया। यह भव्य समारोह ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित द गौड़ सरोवर प्रीमियर, गौड़ सिटी में हुआ, जहां विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में उन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में मिसाल कायम की है। सोनी गोयल को कपड़े पर पेंटिंग कला को बढ़ावा देने और 62 वर्ष की आयु में व्यवसाय शुरू करने के लिए सराहा गया। संपदा अत्री को सर्वोदय अस्पताल में व्यवसाय और ब्रांड रणनीति में उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया। मंजिमा रॉय को शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने, माधुरी को सेल्स क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन और राखी श्रीवास्तव को कर्मचारियों की भलाई में योगदान के लिए सम्मान मिला। वहीं, शिप्रा गोयल को ष्वाक पॉटरीष् के माध्यम से मिट्टी के बर्तन कला को पुनर्जीवित करने के लिए सराहा गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद निकिता कुमार ने भी अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की, जिसने वहां मौजूद हर किसी को प्रेरित किया। निकिता कुमार एक प्रतिभाशाली टेबल टेनिस खिलाड़ी, कोच और मोटिवेशनल स्पीकर हैं।




- **गौड़ फाउंडेशन ने 'गौड़ वीमेन आइकॉन समिति' ने विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं को किया प्रोत्साहित**

उन्होंने एक दुर्घटना में अपना एक हाथ खो देने के बावजूद हार नहीं मानी और क्रेडो टेबल टेनिस अकादमी की स्थापना कर कई युवाओं को प्रशिक्षित और सशक्त बनाया। गौड़ ग्रुप की डायरेक्टर मंजू गौड़ ने कहा कि गौड़ ग्रुप हमेशा समाज के उत्थान और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देता है। यह पहल न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सराहने का मंच है, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती है।

## शिक्षक संघ के होली मिलन समारोह में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**ग्रेटर नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। शिक्षक भवन तुगलपुर में प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षकों के चयन वेतनमान, वेतन बहाली, लंबित एरियरएवं बाल्यदेखभाल अवकाश आदि समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। सभी की सहमति के अनुसार होली अवकाश के उपरांत सभी समस्याओं के निराकरण हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से संघ प्रतिनिधि एक मुलाकात कर समस्याओं का निवारण कराया जाएगा। मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी जी ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि प्रत्येक समस्याओं निराकरण कराना हमारी प्राथमिकता है। संबंधित अधिकारी से मुलाकात कर निवारण कराया जाएगा। जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा जी ने कहा कि हमारा संघटन मजबूती के साथ प्रत्येक शिक्षक के साथ खड़ा है।

जिला मंत्री गजन भाटी ने बताया कि अभी हाल में हमने प्रत्येक ब्लॉक में मीटिंग कर शिक्षक समस्याओं को जाना है जिनका निवारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा करवाया जाएगा। बैठक उपरांत होली की शुभकामनाएं के साथ चंदन लगाकर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में मांडलिक मंत्री मेरठ मण्डल मेघराज भाटी, जिला संरक्षक अशोक शर्मा, जिला अध्यक्ष प्रवीन शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलेराम नागर, जिला संयुक्त मंत्री हेमन्त खोदना, बृजेशपाल सिंह, सरिता यादव, अरविन्द शर्मा, प्रीति पाण्डेय मिर्दुला शुक्ला, माला बजाज, ज्योतिर्मय पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष स्मिता सिंह व सतीश पीलवान, ब्लॉक मंत्री रामकुमार शर्मा, गीता अगर्तानिया आदि उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | |
|---|---|
| एनआईटी | **01, 02, 03, 04 - 2025-26- डब्ल्यू-4** |

**काम का नाम (स्थान के साथ) : 01.** एडीईएन/आरओके के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीजीजेड खंड में बहादुरगढ़ में एलएचएस और रेलवे क्वार्टरों की विसंगतियां। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य

**02.** DEN-IV के अंतर्गत ADEN/ROK अनुभाग में सेवा भवन में जलरोधी छत उपचार और छत प्रतिस्थापन। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य

**03.** ए.डी.ई.एन./आर.ओ.के. अनुभाग में प्रीकास्ट ड्रेन आदि के निर्माण के माध्यम से यार्ड जल निकासी में सुधार। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य

**04.** एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के समानांतर पुराने रेलवे ट्रैक को हटाने के साथ-साथ आरओके-पीएनपी सेक्शन पर एलसी नंबर 1-बी के स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण और डयूटी हट का स्थानांतरण, आरओके-पीएनपी सेक्शन पर एलसी नंबर 1-बी के स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण और ड्यूटी हट का स्थानांतरण, **कार्य की समान प्रकृतिः** भवन/क्वार्टर का निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| **काम की अनुमानित लागत (रुपये)** | **01.** रुपये 7000076.21 | **02.** रुपये 19976060.86 |
| | **03.** रुपये 39999777.37 | **04.** रुपये 6532319.14 |

**अग्रिम राशि (रुपये) :** (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (**नोटः**- रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा..।)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **01.** रुपये 140000.00 | **02.** रुपये 249900.00 | **03.** रुपये 350000.00 | **04.** रुपये 130700.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **काम की समाप्ति अवधि** | **01.** 06 महीने | **02.** 09 महीने | **03.** 09 महीने | **04.** 06 महीने |

| | |
|---|---|
| **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय** | 04.04.2025 को 15:00 बजे तक तथा 04.04.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| **वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा** | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

सं. 128-W/280/OET/2025-26/W-IV/NIT-01, 02, 03, 04 दिनांकः 11.03.2025 772/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरूवार 13 मार्च 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## भेदभाव-दमन का परिणाम है ट्रेन अपहरण

पाकिस्तान के अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन का अपहरण कर संकेत दिया कि बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करने की मांग खत्म नहीं हुई है। बलूचिस्तान के क्वेटा से सुबह 9 बजे यह ट्रेन पेशावर के लिये निकली थी। दोपहर 1.30 बजे सिब्बी पहुंचने वाली इस ट्रेन को उसके पहले पहाड़ी रास्तों से गुजरना होता है जहां 17 सुरंगें पड़ती हैं। बताया गया कि इसमें लगभग 500 यात्री सवार थे जिनमें 100 से ज्यादा पाक सेना के जवान थे। इसलिये इस ट्रेन के अपहरण और हमले की योजना बनाई गई। पहले भी इस ट्रेन पर हमले हो चुके हैं। इस बार बोलान के माशफाक टनल में अलगाववादियों ने इसे कब्जे में ले लिया।

अपहरणकर्ताओं की मांग है कि पाकिस्तान की जेलों में बन्द सभी बलोच नेताओं को छोड़ा जाये। वैसे तो उन्होंने महिलाओं, बच्चों तथा बलूचियों को मुक्त कर दिया लेकिन सैनिकों को कब्जे में रखा हुआ है। कुछ यात्रियों के भी अपने कब्जे में होने का उन्होंने दावा किया है। उन्होंने धमकी दी है कि यदि बलूची नेता रिहा नहीं हुए तो हर घंटे 5 पाक सैनिकों को वे मारेंगे। वैसे पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अनेक बन्धकों को छुड़ा लिया। उनका दावा है कि इस ऑपरेशन में 16 चरमपंथी मारे गये। दूसरी तरफ यह भी बताया जाता है कि अपहरणकर्ताओं ने ट्रेन पर गोले दागे तथा ट्रेन को घेर लिया है। कुछ यात्रियों के मरने की भी खबरें हैं। दुर्गम इलाका होने के कारण वहां बचाव व राहत में मुश्किलें आ रही हैं।

इस घटनाक्रम को समझने के लिये इतिहास में उतरना होगा। जब से भारत को आजादी मिली तभी से बलूचियों की यह मांग रही है कि उन्हें पाकिस्तान से अलग होना है। बलूचियों का मानना रहा है कि अंग्रेजी शासनकाल के पहले से ही उसका स्वतंत्र अस्तित्व रहा है लेकिन जब भारत को आजादी मिली तथा उसे दो मुल्कों में बांट दिया गया तब गलत तरीके से बलूचिस्तान को पाकिस्तान में मिलाया गया। तथ्यात्मक रूप से यह सही भी है। आरम्भिक वर्षों में तो इसकी शांतिपूर्ण तरीके से मांग होती रही लेकिन पाकिस्तान सरकार के दमन से मामला बिगड़ गया। प्रशासन में पंजाब को मिलते महत्व से बलूचिस्तान की वैसी ही उपेक्षा हुई जिस प्रकार सिंध की होती है तथा कभी उसके पूर्वी पाकिस्तान कहे जाने वाले वर्तमान बांग्लादेश की हुई थी। देश के भूगोल में इस प्रांत की 44 फीसदी की हिस्सेदारी है। ईरान, अफगानिस्तान तथा अरब सागर से घिरा यह इलाका प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है लेकिन उसका लाभ यहां के लोगों को बहुत कम मिलता है। पंजाब प्रांत के कारोबारियों का इस पर वर्चस्व है। गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा आदि के अलावा यहां के लोगों को बुनियादी सुविधाओं का बेहद अभाव है। बलूचियों व पश्तूनों वाले इस क्षेत्र की पहचान तथा संस्कृति को मिटाने के आरोप भी पाकिस्तानी सरकार पर लगते रहे हैं- फिर वह चाहे किसी की भी रही हो।

1971 में जब बांग्लादेश की अवाम ने सशस्त्र विद्रोह कर पाकिस्तान से मुक्ति पाई थी, तब यहां भी बलूचिस्तान को स्वतंत्र करने के लिये कई राष्ट्रवादी संगठन बने जिनमें से कुछ ने हथियारबन्द विद्रोह का रास्ता अपनाया। इनमें से कुछ का अस्तित्व पहले से था लेकिन उन सभी को बांग्लादेश की घटना से प्रेरणा एवं उत्साह मिला था। बांग्लादेश के घटनाक्रम से कोई सबक न लेकर पाक सरकार ने पूर्ववत रवैया जारी रखा। उस दौरान जब राष्ट्रवादी संगठनों की हलचलें तेज़ हुईं तो पाकिस्तानी सेना द्वारा 'ऑपरेशन सर्चलाइट' चलाकर हजारों बलूचियों को या तो गिरफ्तार किया गया या मार डाला गया। कई नौजवान लापता हो गये जिनके बारे में कहा जाता है कि वह सेना की ही करतूत थी। बीएलए के सबसे सम्मानित नेताओं में से एक तथा बलूचिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री अकबर खान बुगती की हत्या में पाक सेना का हाथ बतलाया जाता है। सेना की मदद से उनके स्थान पर नवाब खैर बख्श के बेटे बालाच मिरी को प्रांत का सीएम बनाया गया और बाद में उनकी भी हत्या करवाने का आरोप सेना पर लगता रहा है।

जुल्फिकार अली भुट्टो के शासनकाल में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ बलोचों ने सशस्त्र विद्रोह किया था। अनेक शासकीय संस्थानों पर उन्होंने हमले किये थे। भुट्टो का तख्तापलट होने के बाद आये सैन्य तानाशाह जिया उल हक ने उन नेताओं से बातचीत कर उन्हें आश्वासन दिया था कि वे सुनिश्चित करेंगे कि बलूचिस्तान के साथ अन्याय न हो। इसके बाद अलगाववादियों की कार्रवाइयों में कमी आई तथा बीएलए भी शांत हो गयी। चूंकि पाकिस्तान सरकार का रवैया पूर्ववत जारी रहा इसके कारण साल 2000 से अनेक संगठनों की सक्रियता बढ़ी, जिनमें बीएलए भी शामिल है। मैरी और बुगती जनजातियों के लड़ाकों द्वारा चलाये जा रहे इस आंदोलन के बारे में माना जाता है कि वे बलूचिस्तान को विदेशी शक्तियों, खासकर चीन के प्रभाव से मुक्त करना चाहते हैं और यह तभी सम्भव है जब वह पाकिस्तान से पृथक हो।

वैसे तो यह पूरी तरह से पाकिस्तान का अंदरूनी मामला है लेकिन वहां की सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि बलोच नागरिकों के साथ न तो कोई भेदभाव हो और न ही दमन। उस इलाके में उपलब्ध संसाधनों तथा अवसरों पर उनका भी हक हो। एक अलग मुल्क बनने के वक्त से ही पाकिस्तान के ज्यादातर गैर-पंजाबी सूबों की शिकायत रही है कि उनके साथ नाइंसाफी होती है। ट्रेन अपहरण भी उसी का परिणाम है। हालांकि हिंसा का रास्ता छोड़ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर अपनी बात मनवाने की कोशिश ही किसी भी समस्या को सुलझाने का बेहतर तरीका होता है। अपहरण जैसी घटनाओं से निर्दोषों पर जुल्म होता है, और दमनकारी शक्तियों को शिकंजा कसने का और बहाना मिल जाता है।

# होली पर पानी होने और दिल की सियाही धोने की जरूरत

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

मुहय्या सब है अब अस्बाब-ए-होली
उठो यारो भरो रंगों से झोली।

शायर शैख़ ज़हूरूद्दीन हातिम ने होली के मुबारक मौके पर रंगों से झोली भरने की बात को अपने तरीके से शायराना अंदाज में कहा। ऐसा करने वाले वे अकेले नहीं थे, अनगिनत शायरों ने सदियों से होली, दीवाली, जन्माष्टमी, ईद ऐसे तमाम मौकों के लिए रचनाएं लिखीं और समाज ने उनका आनंद भी लिया। नज़ीर अकबराबादी की मशहूर रचना है-

जब फागुन रंग झमकते हों,
तब देख बहारें होली की।

आज भी ऐसी रचनाएं लिखी जा रही हैं, लेकिन अब उन्हें देखने-सुनने और समझने का नजरिया शायद बदल गया है। अब त्योहार समाज के न होकर धर्मविशेष के दायरे में सीमित किए जा रहे हैं और वही बर्ताव भाषा के साथ भी हो रहा है। इंडिया या हिंदुस्तान की जगह भारत कहने पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि इस भारत में भी देश की जो मूल भावना है उसे ठेस पहुंचाई जा रही है। अभी संसद में इसका उदाहरण सामने आया, जिसमें भाषा विवाद पर सही तरीके से अपनी बात रखने की जगह केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने अपमानजनक शब्दों का उपयोग किया, जिसे बाद में कार्रवाई से हटाना पड़ा। श्री प्रधान ने तमिलनाडु की सरकार को न केवल अलोकतांत्रिक कहा, बल्कि असभ्य भी कह दिया। केन्द्रीय मंत्री ने भले ही यह बात तैश में आकर कही हो, लेकिन इसमें मन में छिपी भावना ही उजागर हुई। अपने से अलग लोगों को कमतर आंकने की मनोवृत्ति बहुतों में होती है। वही चीज संसद में सोमवार को नजर आई, और बाकी देश में भी अब यह बात खुलकर दिखाई दे रही है कि जो आप जैसा नहीं है, वो या तो गलत है, या कमजोर है और आप उसका अपमान जब चाहें कर सकते हैं।

बात शुरु हुई थी होली पर शायरी से, जिन शायर हातिम की शायरी का जिक्र शुरु में किया गया, उनका जन्म दिल्ली में 1699 में हुआ और मृत्यु 1783 में। यानी मुगल बादशाह औरंगजेब के आखिरी बरसों में शायर शैख़ ज़हूरूद्दीन हातिम इस दुनिया में आए और उसके बाद अपने जीवन में उन्होंने दिल्ली में नादिर शाह के आक्रमण से लेकर मराठाओं का आना, मुगल साम्राज्य के कमजोर पड़ने, सिखों के दिल्ली में आने तक की सारी उथल-पुथल देखी होगी। लेकिन फिर भी उन्होंने होली को अपनी शायरी का विषय बनाया तो यह माना जा सकता है कि जिस वक्त अलग-अलग धर्मों के शासक दिल्ली पर कब्जे के लिए लड़ रहे थे, साथ ही बाहरी आक्रमण भी हो रहे थे, जिनमें लूटपाट के बाद बड़ी संख्या में लोग कत्ल किए जा रहे थे, तब भी एक समाज के तौर पर उस वक्त के हिंदुस्तान में लोगों में प्रेम का भाव था। सिंहासन का धर्म कुछ भी हो, समाज में इंसानियत का धर्म निभाया जाता रहा होगा। अगर ऐसा नहीं होता, तो इस्लाम को मानने वाला एक व्यक्ति हिंदू धर्म पर खुशियां मनाने की बात क्यों कहता। और होली तो मोहब्बत और भाईचारे का ही त्योहार है। होली का जिक्र आते ही होलिका दहन करना और बुराइयों को जलाकर खाक करने की बात ध्यान में आने से पहले उड़ते हुए रंग-गुलाल, फाग, और एक-दूसरे को रंग लगाते, गले मिलते लोग याद आते हैं। इस दिन सारे तनावों, नफरतों, दुश्मनी और नाराजगी को रंगों में उड़ाने की परंपरा चली आई है। लेकिन अब लाल, गुलाबी, पीले, हरे, केसरिया रंगों को नफरत के रंग से फीके करने की नयी कोशिश शुरु हो हई है।

> **जिस वक्त अलग-अलग धर्मों के शासक दिल्ली पर कब्जे के लिए लड़ रहे थे, साथ ही बाहरी आक्रमण भी हो रहे थे, जिनमें लूटपाट के बाद बड़ी संख्या में लोग कत्ल किए जा रहे थे, तब भी एक समाज के तौर पर उस वक्त के हिंदुस्तान में लोगों में प्रेम का भाव था। सिंहासन का धर्म कुछ भी हो, समाज में इंसानियत का धर्म निभाया जाता रहा होगा। अगर ऐसा नहीं होता, तो इस्लाम को मानने वाला एक व्यक्ति हिंदू धर्म पर खुशियां मनाने की बात क्यों कहता। और होली तो मोहब्बत और भाईचारे का ही त्योहार है।**

बेशक कुछ लोगों के लिए होली का त्योहार हुड़दंग मचाने, नशा करके उपद्रव करने, दूसरों को परेशान करने का अच्छा मौका होता है, लेकिन अब तो उमंग के इस त्योहार को दुश्मनी निभाने के त्योहार में बदला जा रहा है। उत्तरप्रदेश में संभल में सीओ अनुज चौधरी ने शांति समिति की बैठक में कहा कि होली का दिन वर्ष में एक बार आता है, जबकि जुमा साल में 52 बार आता है। अगर किसी को लगता है होली के रंग से उसका धर्म भ्रष्ट होता है तो वह उस दिन घर से ना निकले। यह समझना कठिन है कि बैठक शांति बनाए रखने के लिए थी, या अल्पसंख्यकों को धमकाने के लिए। हैरत इस बात की है कि भाजपा के नेताओं को इस बयान में कुछ गलत नहीं लगा। इसके बाद तो बाकी जगहों पर भी इसी तरह की बयानबाजी शुरु हो गई। कहीं मुसलमानों को घर से न निकलने की नसीहत दी गई, तो कहीं उन्हें हिजाब पहनकर बाहर निकलने कहा गया।

यह ठीक है कि होली की मस्ती में कुछ लोग उन पर भी रंग डाल देते हैं जो रंग नहीं खेलना चाहते, इनमें हिंदू भी होते हैं और दूसरे धर्मों के लोग भी। इसलिए कायदा तो यही है कि जिसे रंग से परहेज रखना है, उसे रखने दिया जाए। दूसरी बात होली शुक्रवार को पड़ रही है तो जाहिर है नमाज के लिए लोग मस्जिद जाएंगे, तो अपनी खुशी मनाते हुए दूसरे की सुविधा और भावना का ख्याल रखना कौन सा कठिन काम है, जिन्हें नमाज पढ़ने जाना है, उन्हें बेखौफ आने-जाने दिया जाए। इसमें सबकी खुशी रहेगी। और जो इस बात को न माने उसे पुलिस प्रशासन अपना खौफ दिखाए। लेकिन हुड़दंगियों को इस तरह समझाइश देने की जगह उल्टा उन्हें बढ़ावा देने की कोशिश हो रही है। किसी को तंग करने के इरादे से रंग डालने वाले लोग आराम से कहेंगे कि इन्हें तो पहले ही घर पर रहने कहा गया था, ये बाहर क्यों निकले। इस तरह की हरकतों से परपीड़ा का सुख कुछ वक्त के लिए हासिल हो जाएगा, लेकिन उससे समाज का और उससे भी बढ़कर धर्म का कितना नुकसान होगा, यह भी विचार कर लेना चाहिए।

होली के अलावा अब तो दशहरे, रामनवमी के जुलूस, तरह-तरह की शोभायात्राओं में भी अल्पसंख्यकों को परेशान करने के बहाने तलाशे जा रहे हैं। यानी हिंदुओं के त्योहारों को डर और आतंक फैलाने का जरिया बनाया जा रहा है। और जब ईद या क्रिसमस आए, तब भी उपद्रव करने के मौके तलाशे जा रहे हैं। व्यापक हिंदू समाज को अब विचार करना चाहिए कि धर्म बचाने के नाम पर जिस तरह एक पूरी पीढ़ी को नफरत और उन्माद में आपादमस्तक डुबो दिया गया है, उसमें धर्म का कितना नुकसान हो चुका है।

जब मध्यकाल में, गुलामी के दौर में, अलग-अलग शासकों के राज में हिंदुस्तान की गंगा-जमुनी तहजीब बची रही तो अब आजादी के 75 साल बाद लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष भारत में एक धर्म के लोग दूसरे धर्म के लोगों को डराने का काम क्यों हो रहा है और कौन सी देशविरोधी ताकतें इसे बढ़ावा दे रही हैं, इसे समझने की जरूरत है।

शायर शेख़ ज़हूरूद्दीन हातिम का ही एक और शेर है-

कपड़े सफ़ेद धो के जो पहने तो क्या हुआ

धोना वही जो दिल की सियाही को धोइए।

बाकी होली के खास मौके पर आज के एक और शायर राघवेंद्र द्विवेदी ने खूब कहा है कि-

सब का अलग अंदाज़ था सब रंग रखते थे जुदा,
रहना सभी के साथ था सो खुद को पानी कर लिया।
होली मुबारक!

# नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के बाद चीन ट्रम्प के टैरिफ युद्ध के लिए तैयार

■ नित्य चक्रवर्ती

चीन की 14वीं नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) का एक सप्ताह लंबा सत्र मंगलवार 11 मार्च को बीजिंग में सम्पन्न हो गया, जिसमें राष्ट्रपति और कम्युनिस्ट पार्टी के सुप्रीमो शी जिनपिंग ने स्पष्ट किया कि चीन संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्विक व्यवस्था में किये गये व्यवधानों का कूटनीति और देश की अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई ताकत दोनों के माध्यम से सामना करेगा।

एनपीसी सत्र, जो संसद की तरह काम करता है, राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अमेरिका को चीनी वस्तुओं के निर्यात पर बढ़े हुए टैरिफ लगाने की घोषणा के एक दिन के भीतर 5 मार्च को शुरू हुआ। चीन ने तुरंत पारस्परिक टैरिफ वृद्धि लगाने की घोषणा की। 1.4अरब चीनी आबादी के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले 3,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने राजनीतिक रिपोर्ट पर चर्चा की और ट्रम्प द्वारा बनायी गयी वर्तमान वैश्विक उथल-पुथल से निपटने के तरीके पर अपने विचार व्यक्त किये, और फिर शी जिनपिंग आर्थिक और कूटनीति दोनों के संदर्भ में मजबूत बनकर उभरे।

जहां एक ओर, 2025 के लिए 5 प्रतिशत आर्थिक विकास लक्ष्य, हरित विकास को लगातार बढ़ावा देना, पड़ोसी देशों के साथ मित्रता बनाने के सिद्धांत और खुलेपन और समावेशिता की चीन की नीति दुनिया की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं, वहीं दूसरी ओर, एनपीसी के दो सत्र चीन की लोकतांत्रिक और शासन प्रथाओं का एक केंद्रित थे।

> **जहां एक ओर, 2025 के लिए 5 प्रतिशत आर्थिक विकास लक्ष्य, हरित विकास को लगातार बढ़ावा देना, पड़ोसी देशों के साथ मित्रता बनाने के सिद्धांत और खुलेपन और समावेशिता की चीन की नीति दुनिया की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं, वहीं दूसरी ओर, एनपीसी के दो सत्र चीन की लोकतांत्रिक और शासन प्रथाओं का एक केंद्रित थे। दो सत्रों में प्रौद्योगिकी और आजीविका प्रमुख विषयों के रूप में उभरे।**

दो सत्रों में प्रौद्योगिकी और आजीविका प्रमुख विषयों के रूप में उभरे। चीन के घरेलू एआई मॉडल डीपसीक के दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ता 300 लाख से अधिक हो गये हैं, बुजुर्गों की देखभाल करने वाले रोबोट अवधारणा से वास्तविकता की ओर बढ़ रहे हैं, और कम ऊंचाई वाली अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन-युआन बाजार में बढ़ रही है। दुनिया चीन की तकनीकी प्रगति को जीवन में सुधार करते हुए देख रही है, यह सहयोग के नये अवसर भी देख रही है।

इस वर्ष के सत्रों ने विनिर्माण में विदेशी निवेश प्रतिबंधों को पूरी तरह से हटाने और दूरसंचार और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में बाजार पहुंच को आसान बनाने सहित उच्च-स्तरीय खुलेपन का विस्तार करने के कार्य को और स्पष्ट किया है।

14वींएनपीसी के बारे में महत्वपूर्ण बात यह भी है कि जहां ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका बड़ी संख्या में देशों के साथ व्यापार में तनाव पैदा करने वाली एक अलगाववादी नीति का पालन कर रहा है, वहीं चीन ने व्यापार और निवेश के क्षेत्रों में अन्य देशों के साथ अपने व्यवहार में खुलापन और पारदर्शिता की पेशकश की है। वास्तव में, जहां एक ओर ट्रम्प वैश्वीकरण से पीछे हट रहे हैं, वहीं चीन वैश्वीकरण के नेता के रूप में उस खाली स्थान पर बहुत अधिक व्यवस्थित आधार पर कदम रख रहा है।

चीन के 1.4अरब लोगों की खपत उन्नयन की ज़रूरतें और औद्योगिक परिवर्तन क्षमता वैश्विक वस्तुओं, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं के लिए विशाल अवसर प्रदान करती हैं। एआई, हरित ऊर्जा और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में खुलापन और सहयोग वैश्विक तकनीकी क्रांति को गति देगा, जबकि जलवायु परिवर्तन, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग में चीन का अनुभव वैश्विक शासन प्रणाली के सुधार में पूरब के ज्ञान में योगदान देता है।

चीन के विशेषज्ञों के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रम्प यूक्रेन शांति समझौते को जल्दबाज़ी में करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि वह अपने कार्यकाल के कुछ समय बाद प्रस्तावित शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का अधिक मजबूती से मुकाबला कर सकें। विशेषज्ञों का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उच्च प्रौद्योगिकी के कई अन्य क्षेत्रों में चीनी वर्चस्व के परिणामस्वरूप ट्रम्प की सौदेबाजी की शक्ति कम हो गयी है, जिस पर पहले अमेरिका का एकमात्र वर्चस्व था। परिणामस्वरूप, जब भी यह शिखर सम्मेलन आयोजित होगा, चीनी राष्ट्रपति ट्रम्प के मुकाबले कहीं अधिक लाभप्रद स्थिति में होंगे।

एनपीसी का सत्र चीन के भविष्य के विकास को आकार देने में एक महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में कार्य करता है और दुनिया के लिए चीन की नीतियों और अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण खिड़की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए, चीन के साथ काम करना परेशानी मुक्त होगा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सर्वोत्तम प्रथाओं पर आधारित होगा।

जैसा कि पूर्व रक्षा सचिव राहुल सिंह ने द वायर में अपने हालिया लेख में समझाया है, यूक्रेन की खनिज संपदा के 50प्रतिशत पर अमेरिकी नियंत्रण को अमेरिकी हथियारों के हस्तांतरण की लागत से जोड़ना, जिसका अनुमान ट्रम्प ने 350अरब लगाया है, एक चतुराईपूर्ण भ्रामक बात है। चीन के पास दुर्लभ पृथ्वी का सबसे बड़ा भंडार है और गैलियम के वैश्विक उत्पादन का 98प्रतिशत, जर्मेनियम का 60प्रतिशत, ग्रेफाइट का 70प्रतिशत, टंगस्टन का 80प्रतिशत और एंटीमनी का 48प्रतिशत हिस्सा है।

इसने गैलियम और जर्मेनियम और अन्य दुर्लभ खनिजों के अमेरिका को निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका को विभिन्न रक्षा अनुप्रयोगों, विशेष रूप से उच्च-स्तरीय अर्धचालकों और अन्य दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों के निर्माण के लिए इनकी आवश्यकता होती है। चीन ने सेमी कंडक्टर और चिप्स में बड़ी सफलता हासिल की है और कुछ प्रमुख वस्तुओं के लिए पहले अमेरिका पर निर्भरता अब नहीं रही।

यह चीनी प्रतिबंध यूक्रेन के खनिज भंडारों, विशेष रूप से गैलियम और जर्मेनियम के उपनिवेशीकरण को आगे बढ़ाने वाला इंजन है। अमेरिकी निर्यात नियंत्रकों द्वारा संवेदनशील वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से अर्धचालकों से संबंधित, के वर्षों से व्यवस्थित इनकार के जवाब में, चीन ने संवेदनशील वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों की प्रमुख श्रेणियों में आत्मनिर्भरता के लिए भारी निवेश किया है।

चीन सौर और दुर्लभ भूसामग्री जैसी हरित प्रौद्योगिकी में अग्रणी के रूप में उभरा है, जहां खनन से प्रसंस्करण तक की पूरी आपूर्ति श्रृंखला का स्वामित्व उसके पास है। यह अपने उच्च और मध्यम तकनीक उद्योगों को शक्ति प्रदान करने के लिए दुनिया में सबसे अधिक संख्या में उच्च गुणवत्ता वाले स्टेम स्नातकों का उत्पादन करता है। यह खनन और खनिज, धातुकर्म और रासायनिक इंजीनियरिंग वस्तुओं में विश्व में अग्रणी है। चीन के विशेषज्ञ इस तथ्य का विशेष उल्लेख करते हैं कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियां, जो हमेशा चीन में अपने निवेश से लाभान्वित होती रही हैं, व्यथित हैं और बहुत जल्द, ट्रम्प को उनसे प्रतिक्रिया मिलनी शुरू हो जायेगी।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) द्वारा वैश्विक व्यापार नियम बनाये जाते हैं। ट्रम्प डब्ल्यूटीओ के मौजूदा नियमों की परवाह किये बिना एकतरफा निर्णय ले रहे हैं। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में चीन वैश्विक व्यापार और कूटनीति में अमेरिका के मुकाबले खुद को अधिक लाभप्रद स्थिति में रखने के लिए ट्रम्प के व्यवधानों के खिलाफ सावधानी से आगे बढ़ रहा है। सप्ताह भर चलने वाली नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में विचार-विमर्श चीनी सरकार को सामूहिक रूप से अपनी भू-आर्थिक और राजनीतिक रणनीति को अपडेट करने में सक्षम बनाने के लिए सही समय पर किया गया।



## ललित सुरजन की कलम से

### त्रिपुरा के बाद ?

*'एक विहंगम दृष्टि डालें तो हमें समझ आता है कि उत्तर-पूर्व के किसी भी प्रांत में भारतीय जनता पार्टी की मूलरूप से कोई प्रभावी स्थिति नहीं है। वह जिन राज्यों में सत्तारूढ़ है वहां उसने अधिकतर जोड़-तोड़ से सत्ता हासिल की है। सबसे पहले असम में हिमंत विश्व शर्मा जैसे अवसरवादी कांग्रेसी नेता को उसने तोड़ लिया। शर्मा जोड़-तोड़ में अवश्य माहिर होंगे, लेकिन उसकी भी कोई सीमा होती है। अरुणाचल में भाजपा ने जो खेल किया उसकी परिणति एक पूर्व मुख्यमंत्री की आत्महत्या में हुई। अरुणाचल और मणिपुर दोनों में सत्तालोलुप राजनेता ही भाजपा के साथ जुड़े। यही स्थिति नगालैण्ड, त्रिपुरा और मेघालय में दिखाई दे रही है। इसके परिणाम दीर्घकाल में अच्छे नहीं होंगे।'*

*'नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के शब्दकोष में राजनैतिक शुचिता जैसी कोई संज्ञा नहीं है। आप पिछली सरकारों को चाहे जितना कोसते रहें, लेकिन स्वयं आपने क्या किया है, इसके बारे में जनता आज नहीं तो कल सवाल अवश्य पूछेगी।'*

**(देशबंधु में 08 मार्च 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/03/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### शिकायत नहीं धन्यवाद करें

बादशाह महमूद शिकार करके अपने नौकर के साथ लौट रहे थे। राह चलते वे भटक गया। भूख लगी तो एक वृक्ष के नीचे खड़े हो गए-जो फलों से लदा हुआ था। वृक्ष अपरिचित था, सो फल भी अनजान। बादशाह महमूद ने उसे तोड़ा और चाकू निकाल कर एक टुकड़ा काटकर नौकर को दिया। यह उसका स्वभाव था। वह नौकरों-सेवकों को वही सम्मान देता था, जो अपने परिजनों को। नौकरों का शोषण करके, उनका पेट काट करके वह अपना क्रोष नहीं बढ़ाता था। उन्हें अभाव में रखकर बाहर दान-पुण्य, परोपकार करना वह छलावा व पाप समझता था। उसे धर्म के मर्म की बखूबी समझ थी। नौकर ने खाया। बड़े अहोभाव से कहा-'थोड़ा और।'

इस तरह फल का तीन हिस्सा वह खा गया। वह और मांगने लगा। इस दौरान वे चलते-चलते आगे निकल आए थे, सो और फल तोड़ना भी संभव न था। महमूद ने कहा- 'अब एक टुकड़ा मुझे खाने दे।' पर वह नहीं माना और फल छीनने लगा। बादशाह ने फल को जल्दी से मुंह में डाल लिया। इतनी कड़वी चीज उसने अपने जीवन में कभी न चखी थी। उसने थूक दिया और नौकर से पूछा- 'यह जहर है- तूने बताया क्यों नहीं? खाया क्यों?'

नौकर ने कहा-'जिन हाथों से इतने स्वादिष्ट फल मिले हों, उन हाथों से मिले एक कड़वे फल की क्या शिकायत।' महमूद ने नौकर को कलेजे से लगा लिया। शिकायत दूर करती है; धन्यवाद पास लाता है; सख्ती-शोषण सर्वनाश करता है; सहयोग-समत्व-समर्पण विकास का द्वार बनता है। हमारी पात्रता क्या है? योग्यता क्या है? सामर्थ्य क्या है? कुछ भी नहीं। कितना कुछ मिला है हमें, जो बहुतों के लिए सपना है। यह उसकी अनुकंपा है, उसका प्रसाद है। इसके लिए हम उसके प्रति अहोभाव से नहीं भरते, उसे कभी धन्यवाद देकर उसके प्रति समर्पित नहीं होते। उससे हमेशा और की मांग करते रहते हैं। उससे मनमानी चीजें न मिलने पर शिकायत करते रहते हैं। नहीं! धन्यवाद दें। शिकायत न करें। शिकायत करेंगे तो उसकी जो लहरें दिल में उठती हैं, वे भी धीरे-धीरे खो जाएगी।

शिकायती हृदय से उपासना असंभव है। जितनी ज्यादा भूख होगी धन-संपदा की, उतनी ही ज्यादा शिकायतें होंगी, उतना ही परमात्मा से फासला बढ़ेगा। इस बारीकी को बहुत गहराई से समझना होगा। धन्यवाद व अनुग्रह के भाव से उसकी अंतस में उठती लहरें बड़ी होती जाएंगी। एक दिन सब किनारे, सीमाएं ध्वस्त हो जाएंगी और हम सागर में, सागर हम में उतर जाएगा।

हम ऐसा नहीं कर पाते। जितना ही हमें मिलता है, उतने ही हम दरिद्र हो जाते हैं। हम उसे यों ही स्वीकार लेते हैं और कहते हैं- 'यह कुछ भी नहीं, और चाहिए, बहुत कुछ।' हमारी इच्छाओं और वासनाओं का कोई अंत नहीं।

**-अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### रोज़गार के हर क्षेत्र में महिलाएं सशक्त हैं

जब हम रोजगार की बात करते हैं, तो सबसे पहले हमारे मन में संगठित क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों की छवि उभरती है। लेकिन समाज के असली नायक वे लोग होते हैं जो असंगठित क्षेत्र में रहकर भी अपने हौसले से रोजगार के नए आयाम गढ़ते हैं। खासकर महिलाओं की भूमिका इस क्षेत्र में कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वे न केवल अपने परिवार की ज़िम्मेदारी उठा रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल भी कायम कर रही हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर की गलियों, बाज़ारों और सरकारी इमारतों के बाहर ऐसी कई महिलाएं अपने छोटे-छोटे व्यवसायों के माध्यम से रोज़गार करती नज़र आ जाएंगी। उनके संघर्ष में सिर्फ आजीविका का सवाल नहीं, बल्कि एक बेहतर भविष्य की उम्मीद भी छुपी हुई है।

48 वर्षीय केसरी देवी की दिनचर्या सुबह जल्दी शुरू होती है। जयपुर के झालाना इंस्टीट्यूशनल एरिया की मुख्य सड़क पर उनका छोटा-सा चाय का ठेला है, जहां वे ग्राहकों के लिए चाय, बिस्कुट, सिगरेट, तंबाकू और रोजमर्रा के काम आने वाले छोटे-छोटे सामान बेचती हैं। उनके पति पहले दैनिक मजदूरी करते थे, लेकिन लगातार खराब होते स्वास्थ्य के कारण अब घर पर ही रहते हैं। ऐसे में केसरी देवी ने हिम्मत दिखाई और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए खुद कमाने का निर्णय लिया। वह बताती हैं, शुरुआत में डर लग रहा था कि मैं यह काम कर भी पाऊंगी या नहीं। लेकिन अब मैं इस काम को पूरी मेहनत से करती हूं।उनका स्टॉल दिनभर चलता है, लेकिन शाम होते ही यहां ग्राहकों की भीड़ बढ़ जाती है, जब दफ्तर से लौटते लोग चाय की चुस्कियों के साथ अपनी थकान मिटाने आते हैं। हालांकि उन्हें हर दिन इस बात की चिंता सताती है कि कहीं उनकी दुकान हटा न दी जाए। क्योंकि यह सरकारी जमीन पर बनी है।

रोजगार की दुनिया सिर्फ दुकानदारी तक सीमित नहीं, बल्कि कई महिलाएं मेहनत करके भी अपनी आजीविका चला रही हैं। झालाना के सरकारी भवनों में बागवानी का काम करने वाली धापू देवी और सोनी देवी इसी संघर्ष का उदाहरण हैं। ये दोनों महिलाएं सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक काम करती हैं, जिसमें वे पौधों की देखभाल, सफाई, खाद डालने और पानी देने जैसे कार्य करती हैं। महीने में उन्हें लगभग 4,000-5,000 रुपये की आमदनी होती है, जो उनके लिए पर्याप्त नहीं है, लेकिन इससे वे अपने परिवार का पेट पाल रही हैं। धापू देवी बताती हैं, यह काम कठिन ज़रूर है, लेकिन हमें इससे रोज़गार मिला है। जब तक हमें कोई और अच्छा अवसर नहीं मिलता, हम यही काम करेंगे।

इन सभी महिलाओं की कहानियां एक बात साफ कर देती हैं - रोजगार के हर क्षेत्र में महिलाएं मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। चाहे वह छोटी-सी चाय की दुकान हो, कपड़े प्रेस करने का काम हो, साप्ताहिक बाजार में कपड़े और घरेलू सामान बेचना हो या फिर बागवानी करना - हर जगह महिलाएं न केवल काम कर रही हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रही हैं। लेकिन उनका यह सफर आसान नहीं है। कई चुनौतियां इन महिलाओं के सामने हर रोज़ खड़ी हो जाती हैं - स्थायी दुकान का न होना, सरकारी जमीन पर व्यवसाय करने का खतरा, कम आमदनी, और कभी-कभी समाज की बेवजह की बंदिशें, इसके बावजूद, ये महिलाएं अपने हौसले से इन मुश्किलों को पार कर रही हैं और अपनी मेहनत से यह साबित कर रही हैं कि वे किसी से कम नहीं हैं।

**नरेंद्र कुमार शर्मा, जयपुर, राजस्थान**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## संस्कृति और पर्यटन बड़ी भूमिका निभा सकते हैं : सुन येली

**बीजिंग।** चीनी संस्कृति और पर्यटन मंत्री सुन येली ने पेइचिंग में 14वीं राष्ट्रीय जन प्रतिनिधि सभा के तीसरे पूर्णाधिवेशन के दौरान मीडिया को बताया कि संस्कृति और पर्यटन उपभोग के विस्तार में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। संस्कृति और पर्यटन उद्योग को स्तंभ वाले उद्योग के रूप में बनाना देश के गुणवत्ता विकास में भारी महत्व रखता है। सुन के परिचय के अनुसार, वर्ष 2024 में निर्धारित पैमाने के ऊपर वाले संस्कृति व संबंधित उद्यमों की कुल कारोबार आय 140 खरब युआन रही, जो गतवर्ष से 6 प्रतिशत बढ़ी। घरेलू पर्यटकों की कुल संख्या 560 करोड़ थी, जो गत वर्ष से करीब 15 प्रतिशत बढ़ी। घरेलू पर्यटन का खर्च 5 खरब युआन है, जो गत वर्ष से 17 प्रतिशत बढ़ा।

# देश विदेश

# सागर विजन को मोदी ने दिया विस्तार, अब होगा महासागर विजन

■ **हम इस क्षेत्र की स्थिरता और समृद्धि के लिए सागर विजन के साथ आगे बढ़ रहे हैं : मोदी**



**पोर्ट लुई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वैश्विक दक्षिण के लिए भारत के दृष्टिकोण – सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति यानी महासागर- की घोषणा की, जो एक दशक पहले मॉरीशस में घोषित 'सागर विज़न' का उन्नत रूप है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यहां पोर्ट लुई में एक प्रेस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि मॉरीशस भारत का महत्वपूर्ण साझीदार है, चाहे वह वैश्विक दक्षिण, हिंद महासागर या अफ्रीकी महाद्वीप का हिस्सा हो। दस साल पहले, विज़न सागर की नींव रखी गई थी, जिसका मतलब है 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास'। हम इस क्षेत्र की स्थिरता और समृद्धि के लिए सागर विजन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आज, इसे आकार देते हुए, मैं कहना चाहता हूं कि ग्लोबल साउथ के लिए हमारा विजन सागर से आगे बढ़कर 'महासागर' होगा, यानी –क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति। उन्होंने कहा कि इसमें विकास के लिए व्यापार, सतत विकास के लिए क्षमता निर्माण और साझा भविष्य के लिए पारस्परिक सुरक्षा के विचार शामिल होंगे। इसके तहत, हम प्रौद्योगिकी साझाकरण, रियायती ऋण और अनुदान के माध्यम से सहयोग बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम और वह इस बात पर सहमत हुए थे कि रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा रणनीतिक साझीदारी के प्रमुख स्तंभ हैं। स्वतंत्र, खुला और सुरक्षित हिंद महासागर हमारी साझा प्राथमिकता है।

## मॉरीशस संसद की नई इमारत के निर्माण में भारत करेगा सहयोग : मोदी

**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ऐलान किया कि भारत मॉरीशस में संसद की नई बिल्डिंग बनाने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि यह 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' की ओर से मॉरीशस को भेंट होगी। प्रेस मीट कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत-मॉरीशस का सबंध, केवल हिंद महासागर से नहीं बल्कि हमारी साझी सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों से भी जुड़ा है, हम आर्थिक और सामाजिक प्रगति की राह पर एक दूसरे के साथी हैं, प्राकृतिक आपदा हो या कोविड विपदा हमने हमेशा एक दूसरे का साथ दिया है, रक्षा हो या शिक्षा, स्वास्थ्य हो या स्पेस हम हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। पिछले दस वर्षों में हमने अपने संबंधों में कई नए आयाम जोड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा, ग्लोबल साउथ हो या हिंद महासागर या अफ्रीका भू-भाग, मॉरीशस हमारा महत्वपूर्ण साझेदार है।

## मोदी ने मॉरीशस में गंगा तालाब में पूजा अर्चना की, संगम का जल समर्पित किया

**पोर्ट लुई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरीशस की दो दिवसीय की यात्रा के दूसरे दिन बुधवार को यहां 'गंगा तालाब' में पूजा अर्चना की और प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से लाये गंगाजल को अर्पित किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मॉरीशस में प्रतिष्ठित गंगा तालाब में पूजा-अर्चना की और प्रयागराज में महाकुंभ मेले में त्रिवेणी संगम से पवित्र जल का विसर्जन किया। यह अर्पण दोनों धर्मों के बीच साझा भक्ति, सांस्कृतिक आत्मीयता और पवित्र संबंधों का सार्थक प्रतीक है। गौरतलब है कि गंगा तलाब मॉरीशस में एक जलाशय है। यह सागर सतह से 1800 फ़ुट ऊपर स्थित है और सवान्ने जिला के पहाड़ी इलाके में स्थित है।

## न्यूयॉर्क में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ फिलिस्तीन समर्थकों ने निकाली रैली

**न्यूयॉर्क,** 12 मार्च (एजेंसियां)। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क शहर में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। ये प्रदर्शन मध्य पूर्व, कॉलेजों में विरोध और आव्रजन से जुड़ी नीतियों के खिलाफ थे। मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर वाशिंगटन पार्क से लोअर मैनहट्टन स्थित सिटी हॉल तक मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने दर्जनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। पिछले शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन ने न्यूयॉर्क शहर में कोलंबिया विश्वविद्यालय के लिए 400 मिलियन डॉलर की फेडरल फंडिंग को रद्द कर दिया था। उन्होंने यह फैसला यहूदी-विरोधी गतिविधियों को रोकने के आधार पर लिया था। इसके साथ ही, प्रशासन ने अन्य विश्वविद्यालयों की भी समीक्षा शुरू कर दी है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट छात्र महमूद खलील को शनिवार को विश्वविद्यालय के होस्टल से अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के कर्मचारियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था। अमेरिका के स्थायी निवासी खलील ने बीते साल अप्रैल में शुरू हुए कोलंबिया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खलील के वकील के अनुसार, खलील की पत्नी एक अमेरिकी नागरिक है और आठ महीने की गर्भवती है, उन्हें भी आईसीई से धमकियां मिली हैं। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले के बाद न्यूयॉर्क शहर में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों की एक नई लहर को बढ़ावा दिया है।



## सुडोकू 6852


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | 3 | | 7 | | | |
| 3 | | 5 | | 9 | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | | | 3 | 5 |
| | 2 | | 7 | | 4 | | 9 | |
| 5 | 4 | | | | | 2 | 8 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 6 | | 7 | | 1 |
| | | | 5 | | 9 | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6852



**बायें से दायें:-**

१. वह पतला रास्ता डो पैदल चलने आने-जाने वालों के पैंरों के दबाव से बन जाता है
३. किसी पुस्तक आदि का पूरक अंश
५. वर्षा
६. आलिंगन, स्वीकार करना (मुहावरा)
७. सप्ताह का एक दिन
९. अन्यथा (उर्दू)
१०. एक प्रकार का सूखा मेवा
१२. या
१३. दुख, उदासी
१४. एकटक, अनिमेष दृष्टि
१६. दरवाजा खटखटाने की क्रिया, हाथ का हल्का आघात (उर्दू)
१८. प्रताड़ित करना
२०. असुर, राक्षस
२१. जहरीली औरत
२३. सृजनात्मक, निर्माण करना

**ऊपर से नीचे:-**

१. पराग का बिखरना या फैलना
२. गेंहू, धान आदि के कटाई के बाद बचा हुआ ठूंठ
३. धोना
४. शिकाय
५. किसी वस्तु के बने होने का ढंग
८. सारथि
१०. बेमिसाल
११. दिलचस्प, अच्छा लगने वाला
१२. संख्या, अंक (उर्दू)
१३. बेचने वाला
१४. संकीर्ण हृदय, कंजूस
१५. जिसे वरदान मिल गया
१७. फूलों का गुच्छा, स्तुति करने वाला
१८. स्वप्न. ख्वाब
१९. नाव खेने वाला
२२. इंसाफ

## वर्ग पहेली-6851

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ न | व | २ प्र | सू | ३ ता | ■ | ४ अं | ग | ५ रा | ज |
| ष्ट | ■ | या | ■ | ६ प | यो | द | ■ | जी | ■ |
| ७ नि | वा | स | ■ | रो | ■ | ८ रू | का | व | ९ ट |
| धि | ■ | र | ■ | १० ध | म | नी | ■ | ■ | टो |
| ■ | ११ वि | त | १२ र | क | ■ | ■ | १३ भू | चा | ल |
| ■ | धु | ■ | च | ■ | १४ स | वा | ल | ■ | ना |
| १५ प | र | १६ ख | ना | ■ | ह | ■ | १७ ना | १८ द | ■ |
| रि | ■ | लि | ■ | १९ ई | ना | २० म | ■ | हा | ■ |
| २१ प | पी | हा | ■ | जा | ■ | २२ ति | क | ड़ | २३ मी |
| क्व | ■ | २४ न | वो | द | क | ■ | ■ | ■ | न |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 13 मार्च, 2025 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 15**

### राशिफल

मेष - आप पूरे दिन शारीरिक और मानसिक थकान महसूस करेंगे। परिश्रम की अपेक्षा कम सफलता मिलने से निराशा रह सकती है। नौकरी और व्यापार के संबंध में थोड़ा चिंतित रहेंगे।

वृषभ - आज आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे। उसमें सफलता भी मिलेगी। पिता की तरफ से आपको लाभ मिलेगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

मिथुन - नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। व्यावसायिक क्षेत्र में आपको अधिकारियों का अच्छा प्रतिसाद मिलेगा। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है।

कर्क - आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दु:ख और असंतोष की भावना हो सकती है। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

सिंह - आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रुप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

कन्या - आज आपके अहं को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी।

तुला - आप के लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। आपकी आय में भी वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा।

वृश्चिक - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी। मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति होगी।

धनु - आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी। मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। व्यवसाय में कई विघ्न आ सकते हैं। हानिकर विचारों से दूर रहें।

मकर - व्यावहारिक और सामाजिक काम से बाहर जाने के कारण आकस्मिक धन खर्च हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। क्रोध से बचकर चलें। नकारात्मक भावनाओं को सकारात्मकता से दूर करने का प्रयास करें।

कुंभ - आज आप प्रत्येक कार्य आत्मविश्वास से पूरे करेंगे। प्रवास या पर्यटन की संभावना अधिक हैं। स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग एवं नए वस्त्र पहनने के अवसर आपको मिलेंगे। भागीदारों से लाभ होगा। वाहनसुख प्राप्त होगा।

मीन - आज का दिन शुभफलदायी है। आप में मनोबल और आत्मविश्वास अधिक रहेगा। शारीरिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। परिवार का वातावरण भी शांतिप्रद रहेगा। विरोधियों के समक्ष विजय प्राप्त होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# दक्षिण पूर्व एशिया के साइबर अपराध केंद्रों में फंसे 266 भारतीयों की स्वदेश वापसी



■ सोमवार को 283 भारतीयों को म्यांमार से वापस लाया गया
■ भारतीय वायु सेना के एक विमान में ये लोग भारत लौटे

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। दक्षिण पूर्व एशिया में साइबर अपराध केंद्रों से रिहा किए गए 266 भारतीय नागरिक स्वदेश वापस आ गए हैं। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक विमान में ये लोग भारत लौटे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत सरकार ने कल एक आईएएफ विमान द्वारा 266 भारतीयों की सुरक्षित वापसी की व्यवस्था की, जिन्हें दक्षिण पूर्व एशिया में साइबर अपराध केंद्रों से रिहा किया गया था। मंत्रालय ने भारतीय दूतावासों के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला, जिन्होंने प्रभावित व्यक्तियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ मिलकर काम किया। इससे पहले सोमवार को 283 भारतीयों को म्यांमार से वापस लाया गया। इन लोगों को दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में नौकरी के फर्जी ऑफर के नाम पर बहला-फुसलाकर ले जाया गया। बाद में इन्हें म्यांमार-थाईलैंड सीमा से लगे क्षेत्रों में संचालित घोटाला केंद्रों में साइबर अपराध और धोखाधड़ी की अन्य गतिविधियों में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में म्यांमार और थाईलैंड में भारतीय दूतावासों के अथक प्रयासों पर जोर दिया गया, जिन्होंने फंसे हुए लोगों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया। सोमवार को विशेष भारतीय वायुसेना के विमान ने थाईलैंड के माई सोत से 283 नागरिकों को लेकर उड़ान भरी। यह इस क्षेत्र में मानव तस्करी और साइबर अपराध रैकेट के खिलाफ भारत की चल रही लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपनी सलाह दोहराते हुए, विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने का आग्रह किया। मंत्रालय ने विदेश में भारतीय मिशनों के जरिए विदेशी नियोक्ताओं की साख को सत्यापित करने और विदेशी नौकरी के अवसरों को स्वीकार करने से पहले भर्ती एजेंटों और कंपनियों की पूरी तरह से जांच करने के महत्व पर जोर दिया। भारतीय सरकार ने अपने नागरिकों को अज्ञात स्रोतों से आने वाले अनचाहे नौकरी के प्रस्तावों के खतरों के बारे में बार-बार आगाह किया है, क्योंकि इनमें से कई मामलों में व्यक्तियों का शोषण हुआ है और उन्हें अवैध गतिविधियों में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया है।

## पर्सनल ग्रूमिंग, आत्मविश्वास और प्रोफेशनल जगत में सफलता की चाभी



**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। पर्सनल ग्रूमिंग न केवल हमारी उपस्थिति को निखारता है, बल्कि यह आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है, जो व्यावसायिक दुनिया में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। चाहे पुरुष हों या महिलाएँ, एक पेशेवर माहौल में प्रभावी छवि प्रस्तुत करना आवश्यक हो जाता है।

**आत्मविश्वास और पहली छवि :** किसी भी पेशेवर माहौल में पहला प्रभाव बहुत मायने रखता है। एक साफ-सुथरी व आकर्षक उपस्थिति आपके आत्मविश्वास को बढ़ाती है और आपको दूसरों के सामने प्रभावशाली बनाती है। सही कपड़े, अच्छी पर्सनल हाइजीन और एक विनम्र व्यवहार आपको दूसरों के मुकाबले अलग पहचान दिला सकता है।

**व्यक्तिगत स्वच्छता और पहनावा :** साफ-सुथरे और प्रोफेशनल कपड़े पहनना, अच्छी ग्रूमिंग आदतें अपनाना, जैसे— नियमित हेयरकट, अच्छी त्वचा देखभाल, और सुव्यवस्थित जूते पहनना, यह सब आपकी पर्सनालिटी को निखारते हैं। अब वो दिन गए जब ग्रूमिंग सिर्फ महिलाओं तक सीमित थी, आज पुरुष भी व्यक्तिगत देखभाल और संवार पर उतना ही ध्यान दे रहे हैं।

**बॉडी लैंग्वेज और संवाद शैली :** केवल बाहरी रूप-रंग ही नहीं, बल्कि आपकी बॉडी लैंग्वेज, बोलने का तरीका और आत्मविश्वास से भरा व्यवहार भी आपके ग्रूमिंग का हिस्सा है। स्पष्ट और प्रभावी संवाद कला आपको करियर में नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकती है। आज कई तरह के ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स और सॉल्यूशंस उपलब्ध हैं, जो न केवल समय और पैसे की बचत करते हैं, बल्कि सुविधाजनक भी होते हैं।

## अमेरिकी शिक्षा विभाग अपने कर्मचारियों की संख्या में करेगा लगभग आधी कटौती

**मॉस्को,** 12 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शिक्षा विभाग को बंद करने के फैसले के बीच शिक्षा सचिव लिंडा मैकमोहन ने कहा कि देश के शिक्षा विभाग ने कर्मचारियों की संख्या में कमी करने का कार्यक्रम शुरू किया है जिसका असर उसके लगभग 50 प्रतशित कर्मचारियों पर पड़ेगा। पिछले सप्ताह 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' अखबार ने बताया कि ट्रम्प द्वारा गुरुवार को अमेरिकी शिक्षा विभाग को समाप्त करने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है। कथित तौर पर आदेश के मसौदे में मैकमोहन को 'शिक्षा विभाग को बंद करने में सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने' का निर्देश दिया गया है। मैकमोहन ने मंगलवार रात 'एक्स' पर कहा कि शिक्षा विभाग के अंतिम मिशन के हिस्से के रूप में, विभाग ने आज कर्मचारियों की संख्या में कमी शुरू की है, जिसका असर विभाग के लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों पर पड़ेगा।

## आज का इतिहास

1560- स्पेन की नौसेना ने त्रिपोली के डीजेरबा पर कब्जा किया।
1567- ओस्टरवील की लड़ाई बेल्जियम के एंटवर्प के पास ओस्टरवील गांव में हुई। इस लड़ाई को अस्सी साल के युद्ध की शुरुआत माना जाता है.
1774- भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया।
1781- खगोलशास्त्री विलियम हर्शेल ने यूरेनस ग्रह का पता लगाया।
1800- मराठा साम्राज्य को अपनी योग्यता से शिखर पर पहुंचाने वाले राजनेता नाना फडणवीस का निधन।
1881- रूसी शासक अलेक्जेंडर द्वितीय की हत्या।
1892- बॉम्बे-तांसा वाटर वर्क्स को खोला गया।
1899- आंध्र प्रदेश के राजनेता बुर्गुला रामकृष्ण राव का जन्म।
1921- मंगोलों ने चीन से स्वतंत्रता प्राप्त की
1940- पंजाब के पूर्व गवर्नर माइकल ओ डायर को लंदन में उधम सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी। इसे 1919 के जलियांवाला बाग के नरसंहार के प्रतिशोध के तौर पर देखा गया।
1956- न्यूजीलैंड ने टेस्ट क्रिकेट खेलने का दर्जा मिलने के 26 साल बाद अपनी पहली जीत हासिल की।
1963- विभिन्न खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार प्रदान करने का ऐलान किया गया।
1980- भारतीय राजनीति के युवा नेता वरूण गांधी का जन्म।
1992- तुर्की में आये भूकंप से करीब 500 लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग बेघर हो गए।
1996- भारतीय नाटक और फिल्म अभिनेता शफी इनामदार का निधन।
1997- मदर टेरेसा की उत्तराधिकारी के रूप में सिस्टर निर्मला को मिशनरीज ऑफ चैरिटी के सुपीरियर जनरल के पद पर चुना गया।
2004- भारतीय शास्त्रीय संगीत की महान विभूति प्रसिद्ध सितार वादक उस्ताद विलायत खां का निधन।
2013- कैथोलिक चर्च के 266वें पोप के रूप में पोप फ्रांसिस का चयन।
2016- तुर्की के अंकार में आत्मधाती बम विस्फोट में 37 लोगों की मौत।

**दौरा** — *जनवरी में पदभार ग्रहण करने के बाद से यह अमेरिकी उपराष्ट्रपति की दूसरी विदेश यात्रा होगी*

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति मार्च के अंत में करेंगे भारत दौरा

**वाशिंगटन, 12 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपनी पत्नी उषा वेंस के साथ मार्च के अंत में भारत की यात्रा करेंगे। यह जानकारी पोलिटिको ने योजनाओं से परिचित तीन स्रोतों के हवाले से दी। जनवरी में पदभार ग्रहण करने के बाद से यह अमेरिकी उपराष्ट्रपति की दूसरी विदेश यात्रा होगी। इससे पहले उन्होंने फरवरी में फ्रांस और जर्मनी की यात्रा की थी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पत्नी उषा वेंस के माता-पिता भारत से अमेरिका चले गए थे।**

दूसरी अमेरिकी महिला के रूप में यह उनका अपने पैतृक देश का पहला दौरा होगा। श्रीमती वेंस की मां आणविक जीवविज्ञानी और पिता मैकेनिकल इंजीनियर हैं, जो आंध्र प्रदेश के मूल निवासी थे और बाद में अमेरिका में बस गए। उपराष्ट्रपति की पहली विदेश यात्रा म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में एक उग्र भाषण से चिह्नित हुई, जहां उन्होंने अवैध प्रवासन से निपटने, धार्मिक स्वतंत्रता की अनदेखी करने और चुनावों को पलटने के लिए यूरोपीय सरकारों की आलोचना की थी। उनकी भारत यात्रा ऐसे समय में भी हो रही है जब दोनों देश 2025 तक पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत कर रहे हैं।



**श्रीमती वेंस की मां आणविक जीवविज्ञानी और पिता मैकेनिकल इंजीनियर हैं, जो आंध्र प्रदेश के मूल निवासी थे**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प ने 13 फरवरी को व्हाइट हाउस में अपनी बैठक के दौरान वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ प्रतिनिधियों को नामित करने पर सहमति व्यक्त की थी। उन्हें बाजार पहुंच बढ़ाने, टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को गहरा करने की दिशा में काम करना था। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी वाणिज्य सचिव, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और उनकी टीमों के साथ बातचीत के लिए तीन से छह मार्च तक वाशिंगटन का दौरा किया।

## दुनिया को जानें

## चीन ने एक रॉकेट से 18 उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया

**बीजिंग,** 12 मार्च (एजेंसियां)। चीन के लॉन्ग मार्च-8 वाई6 वाहक रॉकेट ने 'एक रॉकेट और अठारह उपग्रहों' के तरीके से हैनान वाणिज्यिक अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र में पूर्व निर्धारित कक्षा में कियानफान तारामंडल नेटवर्किंग उपग्रहों के पांचवें बैच को लॉन्च किया। लॉन्च मिशन पूरी तरह सफल रहा। रिपोर्टों के अनुसार, लॉन्ग मार्च 8 चीन की नई पीढ़ी का मध्यम आकार का दो-चरण तरल प्रणोदक वाहक रॉकेट है, जिसे चीन एयरोस्पेस विज्ञान और प्रौद्योगिकी निगम की पहली अकादमी द्वारा विकसित किया गया है। यह एकल या कई उपग्रह प्रक्षेपणों का समर्थन कर सकता है और इसमें उच्च लागत प्रदर्शन और उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन की विशेषताएं हैं। इसकी वहन क्षमता समान स्तर के घरेलू मध्यम आकार के रॉकेटों में सर्वश्रेष्ठ है और यह सूर्य-समकालिक कक्षा और निम्न-कक्षा में बड़े तारामंडल नेटवर्किंग मिशनों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है।

# प्रादेशिकी

## सीडीओ अभिनव शाह ने ली पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक

**देहरादून।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पीएम विश्वकर्मा पोर्टल की तकनीकी जानकारी और पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत संचालित 18 ट्रेड में से जिस ट्रेड में कम लोगों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है, उस पर विशेष फोकस करते हुए अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण करवाया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का मकसद कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करना है। मुख्य विकास अधिकारी ने जीएम डीआईसी को ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना का प्रशिक्षण देने और सभी पात्र लोगों को टूल किट भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक अनिल कुमार बलूनी ने बताया कि इस वर्ष 2500 का लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 2329 आवेदन प्राप्त हुए है।

### राज्यपाल अभिभाषण पर चर्चा

## सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंक झोंक

■ हिमकिरण मांटा



**शिमला,** 12 मार्च (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार द्वारा लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक झोंक हुई। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने सरकार की नाकामियों को उजागर करने का प्रयास किया, वहीं, सत्ता पक्ष ने अपनी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया।चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कांग्रेस सरकार को घेरा। सत्ती ने कांग्रेस सरकार को उनकी गारंटियों पर घेरते हुए कहा कि महिलाओं को 1500 रुपए देने का चरणबद्ध तरीका समझ नहीं आ रहा, जबकि कहा यह था कि सभी महिलाओं के खातों में 1500 रुपए आएगा। उन्होंने कहा कि गोबर खरीद का भी ऐसा ही हाल है। दूध खरीद को लेकर सरकार ने कहा था कि वह 100 रुपए लीटर दूध खरीदेंगे, लेकिन इसमें भी ऐतिहासिक वृद्धि की ही बात की जा रही है। सत्ती ने कहा कि सरकार के एक मंत्री ने कहा कि संगठन पैरालाइज हो गया और सरकार भी ठीक नहीं चल रही। उन्होंने गोबर खरीद मामले पर कहा कि यह सरकार की गले की फांस बन गया है। उन्होंने पूछा कि क्या गोबर खरीदने का काम सरकार का है।

सत्ती ने सड़क व्यवस्था पर बात करते हुए कहा कि प्रदेश की सड़कों के खस्ताहाल है। गांव की सड़कों में पैचवर्क के लिए पैसा नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को नल लगाने के लिए पाइपें भी नहीं मिल रही। उन्होंने पूछा कि आदर्श स्वास्थ्य संस्थान किस विधानसभा क्षेत्र में तैयार हुए हैं। सत्ती ने अवैध खनन पर सरकार को घेरते हुए कहा कि स्वां नदी का चेनेलाइजेशन तबाह कर दिया गया है। पंजाब से खनन माफिया हिमाचल पहुंच रहा है।

सत्ती ने कहा कि सरकार ने ट्रेजरी बंद कर दी। 1400 संस्थान बंद किए, यह कांग्रेस सरकार की उपलब्धि है और इसका जिक्र सरकार ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि दो सालों में 30 हजार करोड़ रुपए का लोन कांग्रेस सरकार ने लिया, यह सरकार की उपलब्धि है। सत्ती ने कहा कि कर्मचारियों और पेंशनरों को वेतन और पेंशन जारी नहीं हुई है। सत्ती ने कहा कि इस बार 60-8 की लड़ाई होगी। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को 5 साल का जनादेश दिया है और सरकार पांच साल में अपनी सभी गांरटियों पूरा करेगी और दोबारा सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने ओवर ड्राफ्टिंग कर प्रदेश की आर्थिकी को पटरी से उतारा है और मुख्यमंत्री इसको ठीक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट में ओपीएस की पहली गारंटी को पूरा किया है। कृषि मंत्री ने कहा कि अगर उनकी सरकार पर इससे आर्थिक बोझ बढ़ा है तो भाजपा को क्या तकलीफ हो रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार अभी तक 1.40 करोड़ रुपए का गोबर खरीद चुकी है। सरकार इसका इस्तेमाल अपने कृषि फार्म पर खाद के रूप में इस्तेमाल करेगी और लोगों को 5-10 किलो की पैकिंग में खाद उपलब्ध करवाई जाएगी।

### विपक्ष की आवाज नहीं दबा सकती सरकार

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कृषि मंत्री चंद्र कुमार के जवाब पर कहा कि उनके साथी सतपाल सत्ती ने कुछ गलत नहीं कहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी बताए कि प्रदेश में कितने स्थानों पर आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोले गए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि लोगों का दर्द उनका दर्द होना चाहिए, ऐसा भाव उन सभी में होना चाहिए। लोगों को वेतन-पेंशन नहीं मिल रहा। डॉक्टर को पीजी करने पर स्टायफंड नहीं मिल रहा। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार गलत बयानबाजी बंद करे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार, विपक्ष की आवाज को नहीं रोक सकती, जो गलत है उसे वह कह कर रहेंगे।

## होली पर्व समाज की एकता को मजबूती प्रदान करता है : धामी

### दून शहर में स्वच्छता को और भी अधिक बेहतर बनाने का नगर निगम ने किया प्रयास

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 12 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व समाज में सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान कर समरसता की भावना को भी मजबूत करता है।

■ **सीएम ने लिया होली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग**

बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर निगम में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नगर निगम में वित्तीय कार्यों में पारदर्शिता बनाये रखने के उद्देश्य से बनाई गई ईकृकोष वेबसाईट का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को हर्ष, उल्लास, उमंग और रंगों से भरे पर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व समाज में सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान कर समरसता की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि हमारी इस सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए सभी को निरंतर प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार देहरादून के प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। देहरादून नगर निगम ने जहां एक ओर उच्च कोटि की जन सुविधाएँ प्रदान करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं, शहर में स्वच्छता को और भी अधिक बेहतर बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है। केदारपुरम में 3.5 हेक्टेयर भूमि पर 5 करोड़ की लागत से योगा पार्क बनाया जा रहा है और यमुना कालोनी में 1.3 करोड़ रूपए की लागत से एक नए पार्क का निर्माण किया जा रहा है।



### सरकार की उपलब्धियां गिनाई

देहरादून। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार राज्य की जन भावनाओं के अनुरूप विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार सख्त भू-कानून लेकर आई है, जो विधानसभा में पारित भी हो चुका है। इसके अलावा सामान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है। यूसीसी महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया अध्याय लिख रहा है और महिलाओं के लिए सुरक्षा कवच साबित हो रहा है।

### उत्तराखंड में निवेशकों का रुझान बढ़ रहा

देहरादून। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड में निवेश के लिए निवेशकों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने सरकारी विभागों में सभी रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया था, उसे भी वो पूरा कर रहे है। सीएम धामी के दावे के मुताबिक बीते साढ़े तीन सालों में 20 हजार युवाओं को नौकरी दी गई है। यह कालखंड रोजगार का कालखण्ड भी है।

### स्वच्छता सेनानी को सम्मान योजना

देहरादून। सीएम धामी ने कहा कि विभिन्न पार्कों के सौंदर्यीकरण और उच्च कोटि की कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था बनाए जाने के लिए 2 जगहों पर मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन स्थापित करने और वार्डों में बेहतर कार्य करने वाले तीन पर्यावरण मित्रों को हर माह स्वच्छता सेनानी सम्मान योजना के तहत दस हजार रुपये प्रति महीने दिया जा रहा है।

**सार संक्षेप**

### हिसारः भाजपा के पोपली ने कांग्रेस के सिंगला को दी मात

**हिसार।** हरियाणा में हिसार नगर निगम में मेयर पद पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवीण पोपली ने कांग्रेस के कृष्ण टिटू सिंगला को 64456 मतों से हराया। हिसार नगर निगम चुनाव के नतीजे बुधवार को घोषित किए गए जिसके अनुसार श्री पोपली ने 96 हजार 329 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी श्री सिंगला को 64 हजार 456 वोटों के अंतर से हराया। कुल 20 वार्ड में से 17 पर भाजपा को जीत मिली जबकि दो सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी जीते। कॉंग्रेस की झोली में एक ही सीट आई।

### मोगा हत्याकांड का आरोपी संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**मोगा।** पंजाब में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने मोगा पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में गैंगस्टर गौरव उर्फ ??लक्की पटियाल और दविंदर बंबीहा गिरोह के दविंदरपाल सिंह उर्फ गोपी लाहौरिया के एक सदस्य को मोगा शहर में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोगा के दोसांझ तलवंडी निवासी मलकीत सिंह उर्फ मनु के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से एक पिस्तौल और चार कारतूस भी बरामद किए हैं। श्री यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनु, जो दविंदर बंबीहा गिरोह का सक्रिय सहयोगी था, का आपराधिक इतिहास रहा है तथा उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, एनडीपीएस अधिनियम, शस्त्र अधिनियम आदि से संबंधित कम से कम सात मामले दर्ज हैं।

### रोष प्रदर्शनः हरियाणा किसान मंच की टीम ने गांवों का किया दौरा

**सिरसा।** हरियाणा के नहरों में पानी की सप्लाई दो हफ्तों में छुड़वाने के लिए राज्य किसान मंच की टीम ने 17 मार्च को नहरी विभाग के समक्ष किये जाने वाले रोष प्रदर्शन को लेकर बुधवार को कई गांवों का दौरा किया। टीम में शामिल लोगों ने गांव बप्पां, ढाबा, भंगू, साहुवाला प्रथम, छतरियां, बड़ागुढ़ा, वीरूवालागुढ़ा, भादड़ा, झोरड़, थिराज का दौरा किया और किसानों से 17 मार्च को नहरी विभाग में किए जाने वाले प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। हरियाणा किसान मंच के प्रदेशाध्यक्ष बाबा गुरदीप सिंह झिड़ी ने कहा कि नहरों में दो सप्ताह से अधिक पानी की बंदी को लेकर किसान मंच की टीम 25 फरवरी को नहरी विभाग के अधिकारियों से मिली थी और अधिकारियों ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अधिकारियों की ओर से इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### अगस्त्यमुनि में सीएलजी की बैठक आयोजित

## होली के त्योहार में सावधानी बरतने की जरूरत : पुण्डीर

**रुद्रप्रयाग,** 12 मार्च (देशबन्धु)। होली के त्यौहार को देखते हुए आपसी सोहार्द एवं भाई चारा बनाये रखने को लेकर पुलिस ने थाना अगस्त्यमुनि में सामुदायिक सम्पर्क समूह (सीएलजी) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, स्थानीय व्यापारियों, आम जनमानस एवं टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। सीओ रुद्रप्रयाग विकास पुण्डीर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आम जनमानस से अपील की गई कि रंगों के त्यौहार को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं। रमजान के पवित्र माह में मुस्लिम भाईयों के रोजे भी चल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दोनों त्यौहारों को देखते हुए अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने अनावश्यक अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील भी की। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र में अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को हटाने के निर्देश दिए, जिससे नगर क्षेत्र में जाम की स्थिति न होने पाए। बैठक में मौजूद वरिष्ठ नागरिक श्रीनन्द जमलोकी ने कहा कि सीएलजी की बैठक में समस्याओं पर चर्चा के साथ ही उसके निदान के लिए क्या कार्यवाही हुई, इसे अगली बैठक में लाया जाना चाहिए। तभी इस समूह की सार्थकता बनी रहेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुंवर सजवाण ने क्षेत्र में नशे की बढ़ती प्रवृति पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। व्यापार संघ अध्यक्ष त्रिभुवन नेगी ने नगर क्षेत्र में नाबालिक बच्चों द्वारा तेज रफ्तार बाइक चलाने पर रोक लगाने की मांग की। नपं सभासद उमा कैन्तुरा ने केन्द्रीय विद्यालय वाले मार्ग पर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वहां खड़े वाहनों को हटाने की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि नगर क्षेत्र अगस्त्यमुनि हमेशा ही सामाजिक सौहार्द का प्रतीक रहा है। यहां सभी त्यौहार आपसी भाई चारे एवं सौहार्दपूर्ण ढ़ंग से मनाये जाते हैं।

पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष मोहन रौतेला ने कहा कि आगामी यात्रा काल को देखते हुए अगस्त्यमुनि नगर क्षेत्र में जाम लगने वाले विभिन्न स्थानों को चिह्नित करते हुए वहां से अनावश्यक वाहनों को हटाने की प्रक्रिया अभी से प्रारम्भ की जाए। विशेषकर बैंकों, स्कूलों, शराब के ठेकों, मुख्य स्टेशन के पास जाम लगने की सम्भावना रहती है। थानाध्यक्ष महेश रावत ने कहा कि हमें सभी को त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाना है। कहा कि अपने परिवार के सदस्यों और बच्चों को वाहन संचालन सही ढंग से चलाने, नशे से दूर रहने व होली के त्यौहार को भाईचारे के साथ मनाने की पहल करें। पुलिस द्वारा भी पर्व के अवसर पर शान्ति व्यवस्था बनाये जाने को लेकर लगातार गस्त की जाती रहेगी।

### सजग नागरिक की तरह करें कार्य : मनोज

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे के निर्देशों पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज नेगी ने मंगलवार को कोतवाली रुद्रप्रयाग में समस्त समुदाय के लोगों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचार और सौहार्द को बनाने के लिए सभी की जिम्मेदारी है कि वे त्यौहारों के मौके पर एक सजग नागरिक की तरह कार्य करें। कोतवाली में नगर के सभी समुदाय के गणमान्य लोगों, स्थानीय व्यापारियों एवं व्यापार मंडल पदाधिकारियों की बैठक में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही पर्व के दौरान होने वाली समस्याओं व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सभी गणमान्य व्यक्तियों से उनकी समस्याएं तथा सुझाव लिए गए। सभी लोगों से होली पर्व के दौरान आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ होली का त्यौहार मनाते हुए क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने तथा त्यौहार के दौरान लड़ाई-झगड़े से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर व्यापार संघ अध्यक्ष राय सिंह बिष्ट, वरिष्ठ व्यापारी नरेंद्र बिष्ट, मुबारक हुसैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## भ्रष्टाचारियों को भ्रष्टाचार की इजाजत नहीं मिली तो मचा रहे हैं शोर : जयराम ठाकुर

**शिमला,** 12 मार्च (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए केंद्र सरकार भरपूर सहयोग दे रही हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा जितनी बार हिमाचल प्रदेश आते हैं उतनी बार वह प्रदेश के लिए सैकड़ों करोड़ की सौगात लेकर आते हैं। उनके प्रयासों के कारण ही आज हिमाचल प्रदेश में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस एम्स जैसा संस्थान है। जहां पर अत्यधिक सुविधाएं लोगों को मिल रही हैं। लेकिन कांग्रेस की विकास विरोधी सोच के नेता आज एम्स पर भी सवाल उठा रहे हैं। जब कांग्रेस के नेताओं को भ्रष्टाचार की इजाजत नहीं मिली तो वह भ्रष्टाचार का शोर डाल रहे हैं। यह कांग्रेस की विकास विरोधी सोच का परिचायक है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए एम्स जैसे संस्थान की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के प्रयासों की बदौलत आज एम्स में हर सुविधा मिल रही है। इस बार के दौर में ही एम्स को 100 करोड रुपए से ज्यादा की सौगात मिल चुकी है जिसमें प्रदेश का इकलौता पेट स्कैन और स्पेक्ट्रम सीटी जैसी सुविधा और लेवल 3 वायरल डायग्नोज रिसर्च लैबोरेटरी, अमृत फार्मेसी के साथ-साथ 250 बेड का विश्राम घर भी शामिल हैं।



■ **जेपी नड्डा पर आरोप लगाना कांग्रेस की विकास विरोधी मानसिकता का परिचायक**

## जन समस्याओं का समय पर हो रहा निस्तारण : बहुगुणा

### काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सुनी जन समस्याएं



**रुद्रप्रयाग,** 12 मार्च (देशबन्धु)। प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम के तहत खांखरा में समस्याओं को सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया, जबकि कुछ मामलों को संबद्ध विभागों को प्रेषित करते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें और किसी भी समस्या के समाधान में अनावश्यक विलंब न हो। कार्यक्रम में ग्राम वासी कठैतगांव बैरांगणा, आंकसेरा, जोला, स्यूंणी के ग्रामीणों ने बताया कि गैस को लेकर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रमोद सिंह नेगी ने खांखरा में कूड़े निस्तारण के उचित प्रबंधन की मांग की तथा ग्राम पंचायत खांकरा के रामपुर निवासियों ने कई मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया।

■ **सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन**

## शामलात देह भूमि वक्फ बोर्ड के नाम पर हस्तांतरण की होगी जांच : नायब सैनी

■ अमित नेहरा



**चंडीगढ़,** 12 मार्च (देशबन्धु)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश में अगर कहीं भी किसी भी गांव की शामलात देह भूमि वक्फ बोर्ड के नाम की गई है तो इसकी पूरी जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि रोहतक - गोहाना मार्ग पर स्थित पीर बोधी मामले में जाँच के लिए रोहतक मंडलायुक्त के तत्वावधान में एक कमेटी का गठन किया जायेगा। करनाल मंडलायुक्त और जिला उपायुक्त रोहतक इस कमेटी के सदस्य होंगे। यह कमेटी पीर बोधी मुददे से संबंधित सारे तथ्य और रिकॉर्ड की गहनता से जांच करेगी।

सैनी ने कहा कि सदन में सदस्य द्वारा उठाये गए पीर बोधी मुद्दे को सरकार ने गंभीरता से लिया और अब तक की जाँच में जो तथ्य सामने आये हैं इसमें खुलासा हुआ कि 1967-68 में यह भूमि शामलात देह भूमि थी। वर्ष 1990 में यह भूमि भारत सरकार द्वारा पंजाब वक़्फ़ बोर्ड के नाम अधिसूचित कर दी गई। तत्पश्चात, यह भूमि कब्रिस्तान के रूप में दर्ज की गई। अब यह भूमि वक़्फ़ बोर्ड के नाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शामलात देह भूमि को वक्फ बोर्ड को कैसे स्थानांतरित किया गया ये बड़ा गंभीर विषय है। इसके पीछे कौन सी ताकतें थीं और कौन लोग थे और उन्होंने कैसे इसको वक्फ बोर्ड के नाम कर दिया। वर्ष 2024 में एक लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद यह जमीन वक्फ बोर्ड के प्रबंधन में आई तथा अब लीज पर दी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जोहड़, तालाब और जलाशय के सरंक्षण के लिए संकल्पबद्ध है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) अधिनियम 2024 में संशोधन किया। इसमें शामलात देह भूमि पर 500 गज तक मकान बना कर रह रहे लोगों को मालिकाना हक़ दिया। लेकिन इसमें यह कहा गया की अगर वहां पर जोहड़, तालाब या जलाशय है, तो मकान नहीं बनाया जा सकेगा। हमारी सरकार ने जोहड़, तालाब और जलाशयों को संरक्षित करने का काम किया है।

■ **पीर बोधी मामले में जांच के लिए रोहतक मंडलायुक्त के तत्वावधान में बनेगी कमेटी**

## कैबिनेट मंत्री ने किए ओंकारेश्वर मंदिर के दर्शन

### धामी के कुशल नेतृत्व में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियां तेजी से चल रही हैं : कैबिनेट मंत्री

**रुद्रप्रयाग,** 12 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश के रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने केदारनाथ धाम के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर के दर्शन किए। उनके साथ केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल सहित अन्य भाजपा नेता भी दर्शन को पहुंचे।

बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़ ने बताया कि कि मंदिर समिति की ओर से प्रभारी अधिकारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान ने उनका स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर महत्त्वपूर्ण कदम उठाये गए हैं। भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीतकालीन यात्रा का शंखनाद किया। ओंकारेश्वर मंदिर विवाह स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता सुमंत तिवारी, शैलेन्द्र कोटवाल, खुशाल सिंह, गुप्तकाशी नगर पंचायत अध्यक्ष विशेश्वरी देवी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डीएस भुजवाण, पुजारी शिवशंकर लिंग, पुजारी बागेश लिंग, वेदपाठी यशोधर मैठाणी, सत्य प्रकाश, विजय प्रकाश, कुलदीप धर्म्वाण, ललित त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



### केदारनाथ हाईवे को जोड़ने वाला जवाड़ी बाईपास बंद

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ हाईवे के जवाड़ी बाईपास पर बने पुल के एवरमेंट से लगे एप्रोच में निर्माण कार्य के चलते अचानक एप्रोच क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पुल पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। जवाड़ी बाईपास से जाने वाले वाहनों की आवाजाही रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार से हो रही है, जिससे यहां जाम की स्थिति पैदा हो रही है। केदारनाथ हाईवे को जोड़ने वाले गुलाबराय के पास जवाड़ी बाईपास में बने पुल पर बीते कुछ दिनों से एनएच लोनिवि की कार्यदायी संस्था द्वारा एप्रोच को पुल के निचले स्तर से ही ठीक करने का काम किया जा रहा है, जिसके चलते यहां जेसीबी मशीन से खुदाई हो रही थी।

## वन विकान निगम के डिपो में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

**नैनीताल,** 12 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में 15 फरवरी से फायर सीजन शुरू हो चुका है। इस दौरान जंगलों में आग लगने की घटनाएं सबसे ज्यादा होती है। वहीं अब जैसे पारा-पारा चढ़ रहा है, आग की घटनाएं भी सामने आ रही है। ताजा मामला नैनीताल जिले के रामनगर से सामने आया है। रामनगर के आमडंडा इलाके में बने उत्तराखंड वन विकास निगम के लकड़ी डिपो में बुधवार सुबह को भीषण आग लग गई।बताया जा रहा है कि आग इतनी भीषण थी कि उसने कुछ ही मिनटों में डिपो में रखी कीमती सागौन की लकड़ी को अपनी चपेट में ले लिया था। प्राथमिक तौर पर जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार वन विभाग के कर्मचारियों ने जंगल में फायर लाइन काटने के लिए आग लगाई थी, तभी वो आग बेकाबू होकर लकड़ी डिपो तक पहुंच गई. इस आग ने वहां रखी कीमती लकड़ी के ढेर को अपनी चपेट में ले लिया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक आग फैल गई। पहले तो हमें समझ नहीं आया कि क्या करें, लेकिन जब आग तेज हो गई तो तुरंत फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी।



### सुडोकू 6852 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 |

# प्रादेशिकी

## भूसे की तरह भैंस लादकर जा रही पिकअप पकड़ी

**फर्रुखाबाद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। भूसे की तरफ पिकअप में भरकर जा रही पांच भैसों को पुलिस नें पकड़ा है। इसके साथ ही पिकअप चालक को भी पुलिस नें हिरासत में लिया है। मोहम्मदाबाद के ग्राम सिरोली से पांच भैसों को भूसे की तरफ पिकअप में भरकर बरेली जा रही थी। गौ–रक्षक सेवा मंच के अभय कुमार ने शक होने पर पिकअप को रोक लिया जिससे उसमे पांच भैसें भूसे की तरह भरी हुई थीं। पकड़े गए पिकअप चालक शकील पुत्र खुदा बक्स ने बताया कि वह भैसों को बरेली लादकर ले जा रहा था। मामले में अभय कुमार ने तहरीर दी। राजेपुर थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार सोलंकी ने बताया कि पिकअप में पांच भैंस को पकड़ा गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# विकास की कोई सीमा नहीं हो सकती : योगी

- 1001 जोड़ों के विवाह में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- योगी ने नवदंपती पर की पुष्पवर्षा, पांच नवदंपती को दिया प्रमाण पत्र व उपहार
- जौनपुर महोत्सव के प्रतिभागी कलाकारों का किया सम्मान

**लखनऊ/जौनपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर हर जनपद में इंप्लाईमेंट जोन बनेगा। हर व्यक्ति को स्किल डवलपमेंट, रोजगार, सम्मानजनक कार्य मिल सके, यहां इसके लिए निरंतर प्रयास होंगे। 100 एकड़ के क्षेत्रफल में ट्रेनिंग के साथ प्लेसमेंट, करियर काउंसिलिंग के कार्यक्रम प्रारंभ होते दिखाई देंगे। जौनपुर इस कार्यक्रम के लिए अभी से तैयारी करे, जिससे स्थानीय युवाओं को बाहर जाने के लिए मजबूर न होना पड़े। सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को शाही किला में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम के तहत 1001 जोड़ों के विवाह में शामिल हुए। सीएम ने नवदंपतियों पर पुष्पवर्षा भी की। उन्होंने जौनपुर महोत्सव के प्रतिभागी कलाकारों का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामूहिक विवाह का कार्यक्रम पीएम मोदी के सबका साथ–सबका विकास के भाव को नई ऊंचाई प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विकास की कोई सीमा नहीं हो सकती। यह हर मनुष्य की आवश्यकता के अनुरूप और उनके जीवन में उत्साह व उमंग का भाव पैदा करने वाला होना चाहिए। डबल इंजन सरकार इसी भाव से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ गरीब, गांव, किसान, युवा, महिला समेत समाज के प्रत्येक तबके को उपलब्ध कराती है। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आदि कार्यक्रम लोकमंगल के भाव के साथ समाज के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का माध्यम है।

जहां कोई नहीं, वहां सरकार आपके साथ के भाव के साथ कार्यक्रमों को संचालित किया जा रहा है। योगी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की सफलता की कहानी सुनाई। बताया कि जब इस योजना को प्रारंभ किया तो लोग हंसते थे कि यह गरीब का अपमान है। पहले 35 हजार की राशि रखी गई थी, एक वर्ष में एक लाख शादी हो गई। वहीं मार्च 2025 तक प्रदेश में चार लाख शादी संपन्न हो चुकी है। इससे प्रतीत होता है कि यह समाज की आवश्यकता थी।




### दहेज के अभाव में कोई बेटी अविवाहित न रह जाए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दहेज के अभाव में कोई बेटी अविवाहित न रह जाए। सरकार जिम्मेदारी लेगी कि बेटी का कन्यादान करेंगे और परिवार के साथ संबल बनकर खड़े रहेंगे। जब सरकार का यह भाव होता है तो परिवार आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर होता है। सीएम ने आठ वर्ष में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को भी गिनाया। मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल पर लगी प्रदर्शनी की तारीफ की। बोले कि यहां की इमरती भी जीआई टैग हो गई। इसे भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में मान्यता मिलेगी और इसका एक्सपोर्ट होगा। यह देश के बाजार में यह छा जाएगी। प्रयास होना चाहिए कि किसी को उपहार स्वरूप यहां की इमरती ही दी जाए। उसकी मिठास जीवन में हमेशा घुली रहेगी। इत्र दीजिए, उसकी सुगंध लोगों को जौनपुर के साथ जोड़ेगी और जनपद को नई पहचान दिलाएगी।

## बीमारी के खतरे को कम करती है स्वस्थ जीवनशैली : डा.अनुभूति चौहान

**मेरठ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। सामाजिक संस्था अरूणोदया की अध्यक्षा डा.अनुभूति चौहान मैक्स हॉस्पिटल में कैंसर सर्वाईवल्स महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। सम्मान समारोह की आयोजनकर्ता डा.मीनू वालिया ने डा.अनुभूति को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।



अपने संबोधन में डा.अनुभूति चौहान ने कहा कि हम रोजमर्राह के जीवन में ऐसी महिलाओं से मिलते हैं, जो एक गृहणी होने के साथ–साथ समाज और देश की प्रागति में बराबर सक्रिय योगदान देती हैं। दौड़धूप से भरी जीवनशैली में शारीरिक मानसिक स्वास्थ को कायम रखने के लिये हर महिला को जरूरी है कि वह पौष्टिक आहार और पर्याप्त नींद भी लें।

अगर ऐसा नहीं करते तो गंभीर बीमारियां घेर सकती हैं। हमें परिवार और सामाजिक संरचना में अपना बेहतर स्थान सुनिश्चित करना बेहाद जरूरी है। इस दौरान उन्होंने सभी को दिन विशेष की शुभकामनाएं दी।

## नकल माफिया व अराजक तत्वों पर की गई कड़ी कार्रवाई

**लखनऊ/प्रयागराज,** 12 मार्च (देशबन्धु)। योगी सरकार के सख्त निर्देशों के तहत बुधवार को यूपी बोर्ड परीक्षा–2025 पूरी तरह नकल मुक्त और पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। सरकार ने परीक्षा को निष्पक्ष और शुचितापूर्ण बनाए रखने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए और नकल माफिया को पूरी तरह निष्क्रिय कर दिया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 8,140 परीक्षा केंद्रों पर 1.33 लाख परीक्षा कक्षों और परिसरों में 2.91 लाख से अधिक वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। प्रयागराज मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित कर 24 घंटे सात दिन निगरानी की गई। सरकार ने परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की धांधली रोकने के लिए विशेष टीमें गठित कीं। 19 जिलों के 24 परीक्षा केंद्रों पर मानक संचालन प्रक्रिया का उल्लंघन करने पर नोटिस जारी किया गया। 5 जिलों के 5 परीक्षा केंद्रों पर संदिग्ध गतिविधियां पाई गईं, जबकि 17 जिलों के 20 परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी बंद होने पर तत्काल कार्रवाई की गई। योगी सरकार ने परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। पहली बार सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के अतिरिक्त सेट उपलब्ध कराए गए, जिससे किसी आकस्मिक परिस्थिति में तुरंत परीक्षा कराई जा सके। उत्तर पुस्तिकाओं की अदला–बदली रोकने के लिए क्यूआर कोड, क्रमांक संख्या और सिलाईयुक्त उत्तर पुस्तिकाएं चार अलग–अलग रंगों में छापी गईं। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर विशेष टीम द्वारा कड़ी नजर रखी गई और फर्जी सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई की गई। योगी सरकार ने हर स्तर पर सतर्कता और माइक्रो प्लानिंग के जरिए परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाया। परीक्षा की शुचिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन, शिक्षा विभाग और सुरक्षा एजेंसियों ने समन्वय बनाकर सख्त निगरानी की।

- संदिग्ध गतिविधियों वाले परीक्षा केंद्रों को नोटिस
- उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर

## सार संक्षेप

### अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च

**मेरठ।** होली व अन्य त्योहारों पर जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत कमिश्नर हृषिकेश भास्कर यशोद व डीआईजी कलानिधि नैथानी ने डीएम डॉ वीके सिंह, एसएसपी विपिन ताडा एवं भारी पुलिस बल के साथ हापुड़ अड्डा से लिसाड़ी गेट, कोतवाली ब्रह्मपुरी, भूमिया का पुल, घंटाघर होते हुए रेलवे चौराहे तक फ्लैग मार्च किया। उन्होंने आमजन से त्योहार शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण मे मनाने की अपील की। इस अवसर पर एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह,एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्रा, एडीएम सिटी बृजेश कुमार सिंह व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गोलीकांड के चार आरोपियों का पुलिस ने रिमांड लिया

**किठौर।** ललियाना गोलीकांड में चकमा देकर कोर्ट में पेश हुए फायरिंग के चार आरोपियों को पुलिस बुधवार को कस्टडी रिमांड पर लाई। पूछताछ के दौरान पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चार अवैध असलाह और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों से बहुत कुछ उगलवा लिया है। 22 और 23 जनवरी को ललियाना में दानिश उर्फदाऊद पुत्र महबूब और वर्तमान प्रधान फहीम पक्ष के नासिर उर्फ दल्लल्ला पुत्र उस्मान, उजैर पुत्र रियाज में रंजिशन मारपीट के बाद जमकर फायरिंग हुई थी। इस दौरान नासिर व उजैर मारपीट और अयान पुत्र आसमुहम्मद गोली लगने से घायल हुआ था।

### होली पर मिलेगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

**मेरठ।** होली के पर्व पर पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन द्वारा सभी उपभोक्ताओं को होली की शुभकामनायें दी है। इस सामुदायिक त्यौहार को उन्होंने सुरक्षित, हर्षोल्लास और शांति के साथ मनाने की अपील की है। प्रबंध निदेशक ने कहा है कि होली के पावन अवसर पर सभी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जायेगी। उन्होंने समस्त 14 जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार का ब्रेकडाउन या विद्युत आपूर्ति में व्यवधान की सूचना प्राप्त होने पर विद्युत व्यवधान का तत्काल निस्तारण किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को पर्याप्त संख्या में मरम्मत गैंग की पूर्व में ही व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। प्रबन्ध निदेशक ने अवर अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारियों को बिजलीधर पर उपस्थित रहने तथा ब्रेकडाउन इत्यादि होने पर शीघ्र से शीघ्र ब्रेकडाउन अटैन्ड कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए।

### झांसी में हत्याकांड का खुलासा,आरोपी गिरफ्तार

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में झांसी के ककरबई थानाक्षेत्र में हुए एक हत्याकांड का पुलिस ने आज खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (एसपीआरए) गोपीनाथ सोनी ने इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि एक मार्च को थाना ककरबई को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव डुमरई निवासी गंगा प्रसाद का शव क्षत विक्षत हालत में उसके खेत में ट्यूबवेल के पास मिला है। इसके बाद परिजनों द्वारा दी गई तहरीर में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।

## उमंग और उल्लास के पर्व पर दी गई शुभकामनाएं

**मेरठ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। बुधवार को राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में होली पर्व के उपलक्ष्य में प्रधानाचार्या संगीता कश्यप एवं अध्यापिकाओं द्वारा छात्रों को तिलक लगाकर उनके जीवन में रंग और



उमंग बने रहने की शुभकामनाएं दी गई। संस्था के अध्यक्ष योगेश त्यागी ने भी छात्रों एवं अध्यापकों को शुभकामनाएं दी तथा चंदन तिलक लगाकर सभी के जीवन में खुशियों के रंग बने रहने की ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने अपने संदेश में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि होली पर हमें यह संदेश देता है कि हमें अपने जीवन की बुराइयों को समाप्त कर नव चेतना और स्फूर्ति के साथ नए वर्ष के स्वागत के लिए तैयार रहना चाहिए।

## शहर काजी की पगड़ी के लिए दो दावेदार आमने-सामने

**मेरठ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। शहर काजी के चयन को लेकर सियासत गरमा गई है। मंगलवार को हापुड़ रोड स्थित एक मंडप में कारी शफीकुर्रहमान कासमी के समर्थन में एक अहम बैठक हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस बैठक में सर्वसम्मति से कारी शफीकुर्रहमान को शहर काजी के रूप में कुछ लोगों ने मान्यता दी जिसमे अजराडा मदरसे से भी कुछ जिम्मेदार मौलाना गुलजार कासमी, मौलाना अकील साहब पहुंचे थे और आगे की प्रक्रिया पर विचार किया गया।

इस फैसले के बाद अब सियासी हलचल तेज हो गई है। दरअसल, हाल ही में दिवंगत शहर काजी प्रोफेसर जैनुस साजिद्दीन के बेटे डॉ. सालिकीन सिद्दीकी को शहर काजी बनाया गया था, जिसका शहर इमाम कारी शफीकुर्रहमान ने विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि शहर काजी पूरे शहर के लिए होता है, न कि किसी परिवार विशेष के लिए। उनका तर्क था कि कोई भी व्यक्ति केवल इसलिए काजी



नहीं बन सकता क्योंकि वह पूर्व काजी का बेटा है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया था कि डॉ. सालिकीन सिद्दीकी इस जिम्मेदारी के योग्य नहीं हैं, क्योंकि वे हाफिज, मौलवी या कारी नहीं हैं। कारी शफीकुर्रहमान ने अपने बयान में कहा, कुछ लोग मिलकर किसी बच्चे को मुसलमानों पर थोप नहीं सकते। यह फैसला पूरे मुस्लिम समाज को करना चाहिए।

उन्होंने इस मामले को लेकर एक खुली बैठक बुलाने का आह्वान किया था। जो कि हापुड़ रोड पर की गई और वो ही हुआ जिसको लेकर सवाल उठ रहे थे, यहां कारी शफीकुर्रहमान को शहर काजी कुछ लोगों द्वारा मान लिया गया। और अब नया विवाद शुरू हो गया है, कारी शफीकुर्रहमान कासमी ने पूर्व में इस सीट को अपनी मर्जी से दिवंगत काजी को देने की बात कही और कहा कि उन्होंने उस वक्त अपनी उम्र कम होने के लिहाज से तत्कालीन दिवंगत शहर काजी को अपना पद दे कर कुर्बानी दी थी अब उनके बेटे को शहर काजी बनाया गया है जो सही नहीं है यानी अब वह भी काजी परिवार से कुर्बानी मांग रहे हैं कि काजी के पद को उनके लिए छोड़ दिया जाए।

इस विवाद की शुरुआत दिवंगत शहर काजी प्रोफेसर जैनुस साजिद्दीन की अंतिम विदाई के दौरान हुई थी। उनके जनाजे में भारी भीड़ उमड़ी थी, जिसमें न केवल मेरठ बल्कि आसपास के जिलों से भी लोग शामिल हुए थे। चिश्ती पहलवान कब्रिस्तान में सुपुर्द–ए–खघक किए गए प्रो. साजिद्दीन को हर वर्ग का सम्मान प्राप्त था। उनकी सादगी और धार्मिक समर्पण की मिसालें दी जाती थीं।

## होली मिलन समारोह में पहुचे खिलाड़ी

**मेरठ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। आई एम आई आर सी कॉलेज गढ़ भैना के खेल परिसर में खिलाड़ियों ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें डॉ राजेंद्र तोमर डायरेक्टर आईएमआईआरसी कॉलेज के निर्देशन में राष्टीय चॉकबॉल प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी उत्तर प्रदेश की टीम द्वारा कैंप का आयोजन चल रहा था जिसमें खिलाड़ियों ने सर्व प्रथम अपने खेल परिसर में ग्राउंड पर पूजा करके होली मिलन समारोह आयोजित किया जिसमें सर्व प्रथम नेशनल रेफरी सौरभ तोमर द्वारा ग्राउन पूजा करके होली मनाई जिसमें एकता का प्रतीक दिया गया की सभी को होली का पर्व सभी को मिल कर बनाना चाहिए और साथ ही बताया कि उत्तर प्रदेश की सब जूनियर टीम राष्टीय स्तर पर 20 मार्च 2025 से 24 मार्च 2025 तक महाराष्ट्र में आयोजित 15 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होकर खिलाड़ी उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



## विनायक विद्यापीठ में रंगों, खुशियों व हर्ष उल्लास के साथ मनी होली

**मेरठ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। होली के पावन पर्व पर विनायक विद्यापीठ में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या एव रुद्रा ग्रुप की एकेडमिक निदेशिका डॉ.अनुप्रिता शर्मा के सभी को हर्बल गुलाल लगा कर की, उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि होली आपसी एकता, भाईचारा और सर्व स्वभाव को बढ़ावा देने वाला त्यौहार है, उन्होंने सभी को होली को सद्भावना एवं सुरक्षित तरीके से खेलने का संदेश भी दिया। वही निदेशक इंजी विकास कुमार ने भी होली की शुभकामनाए दी और कहा कि होली पर रंग और गुलाल लगाने का मकसद जीवन को रंगीन बनाने से है और सभी का जीवन रंगीन हो, समाज में उदासी का वातावरण न हो, इसी विचार को ध्यान में रखते हुए होली खेले। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने होली के गानों पर डांस किया और स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखते हुए एक–दूसरे को गुलाल एवं अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय की डीन एकता सिंधु, टीपीओ प्रवीन शर्मा, सभी विभागाध्यक्ष जिसमें बीसीए विभाग की विदुषी शर्मा, साइंस विभाग की विमलेश सिंह, सृष्टि नलवा, सोनू मालिक, वाणिज्य विभाग की रवीना, बीए विभाग की सीमा चौधरी, बीपीईएस विभाग के सचिन कुमार, आईटी विभाग के अजय तिवारी के अलावा सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।



- होली के गीतों पर थिरके लोग

## तक्षशिला पब्लिक स्कूल में होली समारोह आयोजित



**मेरठ,** 12 मार्च (देशबन्धु)। बुधवार को कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में होली के उपलक्ष में होली समारोह का आयोजन किया गया। प्राइमरी विंग के बच्चों ने फूलों से होली खेलकर होली उत्सव को प्रारंभ किया। बच्चों ने आने वाली होली पर प्राकृतिक रंगों से होली खेलने का निश्चय किया। स्कूल की अध्यापिका संगीता सहरावत ने सभी बच्चों को होली से जुड़ी हुई घटनाओं को विस्तारपूर्वक समझाया। स्कूल के चेयरमैन डा. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं व बुराई पर अच्छाई की जीत से प्रेरित होली के त्योहार से प्रेरणा लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

## पत्रकार के हत्यारों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

**फर्रुखाबाद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया एसोसिएशन की कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर 8 मार्च 2025 दिन शनिवार को कानपुर से प्रकाशित अखबार के सीतापुर तहसील संवाददाता राघवेंद्र बाजपेयी की दिनदहाड़े गोली मारकर निर्मम हत्या के मामले में एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव संजय शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ पत्रकार सर्वेद्र कुमार इंदु अवस्थी, विकास दूबे, इरशाद अली, महेश वर्मा, ताहिर खां बज्जू, मोहनलाल गौड़, दीपक तिवारी, अनिल प्रजापति, इशरत अली, ज्ञानचंद्र, मुन्ना लाल, दानिश खां, उपेंद्र मिश्रा, विकास कांत, हिरदेश कुमार, शिवांकर, शाहनवाज खां, आलोक, विनय सक्सेना, इल्यास अहमद, अर्चना श्रीवास्तव आदि लगभग दो दर्जन से अधिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि मृतक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या में शामिल आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही की जाए। हत्या में शामिल दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए ताकि इस प्रकार की घटना किसी और के साथ न हो सके। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा आयोग का गठन किए जाने की मांग भी की है।



- प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**आयोजन** *खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ती डीएवी विद्यालय की छात्राएं*

## शिक्षा के साथ खेलों में भी छात्रों को निपुण बनाना उद्देश्य: डा. विनीत त्यागी

**हापुड़,** 12 मार्च (देशबन्धु)। डीएवी पब्लिक स्कूल शिक्षा व खेल के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करते हुए देश का भविष्य तैयार कर रहा है। प्रधानाचार्य डा. विनीत त्यागी ने महसूस किया कि किस प्रकार बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों में निपुण बनाया जा सकता है, ताकि वह देश व माता-पिता का नाम रोशन कर सकें। इसकी बानगी तब देखने को मिली जब नेशनल टीम के लिए हो रही चयन प्रक्रिया में एक ही विद्यालय की 4 छात्राओं को चयनित किया गया।

- डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में चार छात्राओं का शानदार प्रदर्शन
- यूपी की टीम के लिए किया गया था चयन
- खो-खो की अन्डर-14 कैटेगरी में खेला था मैच

विगत 2 दिसंबर 2024 को दिल्ली में आयोजित हुए डीएवी स्पोर्ट्स के नेशनल गेम्स में 4 छात्राओं ने यूपी की खो–खो टीम की ओर से हिस्सा लिया था। डा. विनीत त्यागी ने बताया कि छात्राओं का खो–खो के लिए नेशनल टीम में चयनित होना बड़े ही गर्व की बात है। जिससे छात्राओं को नेशनल टीम के साथ खेलने का अनुभव मिला। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को को विशेष ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। जिससे वह अपने माता–पिता व डीएवी हापुड़ का नाम रोशन कर सके। बता दें कि अन्डर–14 कैटेगरी में वेश्नवी त्यागी, स्नेहा चौधरी, उदिशा, उदिता त्यागी ने सहारनपुर में खेले गए खो–खो कलस्टर गेम्स में अपनी प्रतिभा के बल पर स्कूल का नाम रोशन किया था। उसके बाद लखनऊ में खेले गए जोनल गेम्स में भी खास प्रतिभा दिखाई। इन छात्राओं की उपब्धि से डीएवी हापुड़ का मैनजमेंट व शिक्षक काफी उत्साहित हुआ और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जोनल में शानदार प्रदर्शन के बाद नेशनल टीम में जगह बनाई और यूपी की टीम बनी। दिल्ली के एक बड़े स्टेडियम में नेशनल खेला। यूपी की टीम का बिहार की टीम से मुकाबला हुआ था जिसमें यूपी की टीम हार गई थी। डीएवी हापुड़ की छात्राओं ने एक विशेष बातचीत में बताया कि वह पहली बार इतने बड़े मैदान तक पहुंची थी और भीड़ को देखकर नर्वस थी, इसलिए प्रदर्शन थोड़ा मुश्किलों से घिरा था, लेकिन अनुभव की प्राप्ति हुई। इस पल को वह कभी भूलेंगी नहीं, यदि फिर से मौका मिला तो अब कोई चूक नहीं होगी।




### खेल एक्टिविटी के लिए एक पीरियड निर्धारित

प्रधानाचार्य डा. विनीत त्यागी ने बताया कि खेल हमारे अंदर टीम भावना के साथ कार्य करने के गुर सिखाते हैं। खेल हमें जाति, धर्म से ऊपर उठकर देश का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं, इसलिए हर बच्चे को किसी ने किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में शिक्षा के साथ खेलों में आगे बढ़ने के लिए अच्छे कोच व अन्य संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। विद्यालय में खेल गतिविधियों के लिए एक पीरियड निर्धारित किया गया है। बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए तरह-तरह इवेंट भी होते हैं। खेल में रुचि रखने वाली बालिकाओं को भी प्रोत्साहित किया जाता है।

देशबन्धु नई दिल्ली, गुरुवार, 13 मार्च, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

**'माई मेलबर्न' ऐसी फिल्म है, जिसे हर किसी को देखनी चाहिए : कार्तिक आर्यन**

**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन एंथोलॉजी 'माई मेलबर्न' की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है, जो हर किसी को देखनी चाहिए। स्क्रीनिंग में मलाइका अरोड़ा भी शामिल हुईं। कबीर खान, इम्तियाज अली, ओनिर और रीमा दास - चार फिल्म निर्माताओं के निर्देशन में बनी 'माई मेलबर्न' में चार कहानियां हैं, जो नस्ल, लिंग भेद और विकलांगता पर बनी है। मुंबई के एक थिएटर में आयोजित स्क्रीनिंग में पहुंचे कार्तिक आर्यन ने कहा कि यह भारत के सबसे पसंदीदा फिल्म निर्माताओं की एक शानदार फिल्म है। फिल्म में जोश के साथ संवेदनाएं और मानवता का पुट भी है। मैं खुश हूं कि मुझे यह फिल्म देखने का मौका मिला। यह एक ऐसी फिल्म है जिसे हर किसी को देखनी चाहिए और खूब प्यार देना चाहिए।

## 'जटाधारा' संग दक्षिण भारतीय फिल्म में डेब्यू को तैयार इंदिरा कृष्णा



**मुंबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेत्री इंदिरा कृष्णा जल्द ही अभिनेता सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा स्टारर फिल्म 'जटाधारा' से तेलुगू में डेब्यू करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने अपने किरदार के बारे में प्रशंसकों को हिंट देते हुए बताया कि उन्हें जो भूमिका दी गई है, वह उन्हें बेहद पसंद है। टीवी शो 'दुर्गा-अटूट प्रेम कहानी' में पानी बाई का किरदार निभाने वाली इंदिरा ने कहा कि मैं इतनी खूबसूरत फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं और तेलुगू में डेब्यू करने को लेकर उत्साहित हूं। मुझे फिल्म में जो किरदार दिया गया है, वह मुझे बेहद पसंद है, लेकिन दर्शकों और शुभचिंतकों के बीच इसे आधिकारिक रूप से पेश करने में मुझे समय लगेगा। वेंकट कल्याण के निर्देशन में बनी फिल्म को लेकर उन्होंने कहा कि मैं सोनाक्षी, सुधीर जैसे कई खूबसूरत और प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करने को लेकर खुश और उत्साहित हूं। प्रेरणा की वजह से ही मेरे लिए यह प्रोजेक्ट संभव हो पाया। मैं आभारी हूं। टीवी शोज में अपने काम के अनुभव पर भी उन्होंने बात की। अभिनेत्री ने कहा कि मैं सामने आए किसी भी अच्छी भूमिका को ना नहीं कहूंगी। उसका माध्यम चाहे टीवी हो या फिल्म, मुझे शूटिंग करना और अपने दर्शकों का मनोरंजन करना अच्छा लगता है। अभिनेत्री ने कहा कि पानी बाई का किरदार निभाने और उसके लिए इतनी सराहना पाने के बाद मैं ऐसे ही और भूमिका निभाना चाहती हूं। फिलहाल मैं 'जटाधारा' की शूटिंग का आनंद ले रही हूं।

# सेहत के लिए वरदान है काली मूसली

- किडनी की समस्या दूर करने में मददगार
- मूत्र से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए काली मूसली का सेवन
- गलत खानपान और मसालेदार भोजन के कारण गैस, अपच, दस्त और पेट दर्द जैसी समस्याएं

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। आयुर्वेद में जड़ी-बूटियों का विशेष महत्व है और उनमें से एक है काली मूसली। यह एक शक्तिशाली औषधि है, जिसका उपयोग प्राचीन काल से कई बीमारियों के इलाज में किया जाता रहा है। काली मूसली को मूत्र संबंधी विकारों और पेट की समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मददगार माना जाता है।

अक्टूबर 2023 में जर्नल ऑफ एप्लाइड फार्मास्युटिकल साइंस में एक स्टडी प्रकाशित हुई। इसके अनुसार, काली मूसली औषधीय गुणों से भरपूर होती है। शोध के अनुसार, काली मूसली में म्यूसिलेज, फेनोलिक ग्लाइकोसाइड, सैपोनिन और एलिफैटिक यौगिक पाए जाते हैं, जो इसे विभिन्न बीमारियों के इलाज में प्रभावी बनाते हैं।

यह पौधा नपुंसकता, पीलिया और त्वचा रोगों सहित कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में प्रयोग किया जाता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट, एंटीकैंसर और हेपेटोप्रोटेक्टिव गुणों पर भी कई वैज्ञानिक अध्ययन हो चुके हैं। कर्कुलिगो में क्लोरोफेनोलिक ग्लूकोसाइड, कर्कुलिगिन, ऑर्किनोसाइड और पॉलीसेकेराइड जैसे महत्वपूर्ण तत्व होते हैं, जो काली मूसली से प्राप्त होते हैं।

मूत्र से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए काली मूसली का सेवन बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसके डाइयूरेटिक गुण मूत्र संबंधी समस्याओं को दूर करने में सहायक होते हैं। इसके लिए काली मूसली के चूर्ण को मिश्री के साथ गुनगुने पानी में मिलाकर सेवन करना लाभकारी हो सकता है।

अक्सर गलत खानपान और मसालेदार भोजन के कारण गैस, अपच, दस्त और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो जाती हैं। काली मूसली का सेवन करने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और पेट से जुड़ी दिक्कतों से राहत मिलती है। माना जाता है कि इसे दालचीनी पाउडर के साथ लेने से अधिक लाभ मिलता है।

गर्मियों में होने वाली खुजली, कील-मुंहासे और झाइयों की समस्या से बचने के लिए काली मूसली बेहद असरदार होती है। इसे चेहरे पर इस्तेमाल किया जा सकता है। चेहरे पर लगाने के लिए काली मूसली की जड़ का पेस्ट बनाकर इसमें दूध और शहद मिलाना चाहिए और इसे चेहरे पर लगाने के कुछ देर बाद धोने से त्वचा में निखार आता है और खुजली की समस्या दूर होती है।

इसके साथ ही, पुरुषों में शारीरिक कमजोरी और यौन क्षमता की कमी को दूर करने में काली मूसली फायदेमंद साबित होती है। यह ऊर्जा और स्टैमिना बढ़ाने में मदद करती है। इसके लिए काली मूसली का सेवन गाय के दूध के साथ करना सबसे अधिक लाभकारी होता है।

किडनी से जुड़ी समस्याओं के लिए काली मूसली का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। यह किडनी की कार्यक्षमता को बढ़ाती है और पेशाब से जुड़ी दिक्कतों को ठीक करती है। इसे अपनी डाइट में शामिल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूरी होती है।



## अनुपम खेर ने बताया, मां का 'प्रेम' बोले-'बच्चे होते हैं उनकी पूरी दुनिया'





**मुंबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर लेटेस्ट पोस्ट शेयर कर अपनी मां दुलारी से संबंधित एक प्यारा किस्सा सुनाया। खेर ने पोस्ट में बताया कि एक मां के लिए उसके बच्चे ही सबकुछ होते हैं और वास्तव में उनका 'प्रेम' एक अलग ही लेवल का होता है? अनुपम खेर प्रशंसकों को अपने नए-नए पोस्ट से अक्सर मुखातिब कराते रहते हैं। नए पोस्ट में उन्होंने मां और उनके प्रेम को खूबसूरत शब्दों के साथ कैप्शन में सजाया। एक मोंटाज वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा कि मां रोज सुबह 8 बजे फोन करके पूछती हैं, कैसा है तू? और अगर मैं केवल 'ठीक हूं' बोलता हूं तो वह गुस्सा होकर बोलती हैं, 'ठीक है क्या होता है? वही बोल न जो रोज बोलता है 'फर्स्ट क्लास' और जब मैं 'फर्स्ट क्लास' बोल देता हूं, तो वो तुरंत फोन रख देती हैं!

खेर ने पोस्ट में आगे कहा कि सब मां ऐसी ही होती हैं। उनके लिए सब कुछ बच्चे ही होते हैं और उनके दिन की शुरुआत, अंत बच्चों के ख्यालों से ही होती है, इसलिए तो मैं हमेशा कहता हूं! सभी माताओं की जय! खेर मस्तमौला अंदाज में सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति बनाए रखते हैं, जिसकी झलक उनके पोस्ट में अक्सर देखने को मिलती है। अभिनेता अपनी मां और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अक्सर बिताए खूबसूरत पलों को प्रशंसकों के सामने रखते रहते हैं। इस पोस्ट से पहले अभिनेता ने मां दुलारी का भी एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी फिल्म 'विजय 69' का रिव्यू देती नजर आई थीं।

वीडियो में उनकी मां कह रही हैं, तू बड़ा खतरनाक इंसान है। मैंने तुझे और राजू को बचपन में बहुत मारा है। तेरे पिता भी उम्र बढ़ने के बाद भी पहाड़ पर चढ़

## डाइटिंग को लेकर रहें सचेत

### डायटिशियन की राय, क्विक फिक्स के चक्कर में न रहें

- दुख-दर्द का हल उसने सोशल प्लेटफॉर्म पर खोज निकाला
- हार्मोनल इंबैलेंस से भी होता है वेट फ्लक्चुएशन

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। केरल की 18 वर्षीय श्रीनंदा की जान डाइटिंग ने ली! खुद को छरहरा बनाने की सनक ने उसे मौत की ओर धकेल दिया। एक खौफ था जिसे उसने अपने अभिभावकों से नहीं शेयर किया लेकिन अपने दुख-दर्द का हल उसने सोशल प्लेटफॉर्म पर खोज निकाला। क्या होता है ये डिसऑर्डर और कैसे जेन 'जी' इस जाल में फंसकर अपनी बेशकीमती जिंदगी को गंवा रहा है?

वुमन ट्रांसफॉर्मेशन एक्सपर्ट सलोनी लालवानी ने इसे क्विक फिक्स के चक्कर में खाया गया धोखा करार दिया। उन्होंने कहा कि कुछ पॉपुलर नोशंस हैं जिन्हें बदलने की जरूरत है। जैसे डाइट या फिर वेलनेस को ध्यान में रख हम जल्दी से बदलाव की ख्वाहिश में ऐसे सोशल साइट्स या वीडियोज का सहारा लेते हैं जो कुछ घंटों में कई किलो वजन कम करने का दम भरते हैं। ये बेतरतीब डाइट प्लान शेयर करते हैं जिसे बिना सोचे-समझे महिलाएं या लड़कियां फॉलो करने लगती हैं। छरहरा होना ही क्या सुंदर दिखने की गारंटी है? ऐसे कई सवाल श्रीनंदा की मौत के बाद लोगों के दिमाग में कुलबुला रहे हैं। लालवानी कहती हैं, दरअसल हम औरतें खुद पर जरूरत के मुताबिक ध्यान नहीं देतीं। हम सबकी खिदमत के बाद जो समय बचता है, उसमें खुद को तराशने की सोचती हैं। समय की बंदिश तो खुद ही तय कर लेती हैं कि फलां एक्सपर्ट का क्विक प्लान बेहतर होगा। यही सोच उनसे गलती करा देती है। कुछ पॉपुलर वर्ड्स के जाल में फंस जाती हैं जैसे डिटॉक्स। सही मायने में खुद को डिटॉक्स कराने की कोई जरूरत नहीं होती। हमारा शरीर खुद ही पसीने या यूरीन जैसे तरीकों से टॉक्सिन्स बाहर फेंक देता है। साथ ही हमें सोचना होगा कि हमारा शरीर केवल फैट से नहीं बना इसमें पानी भी है, हड्डियां और मांस भी है। आखिर कैसे डाइटिंग को लेकर ओवर थिंकिंग न करें या फिर जब महसूस हो कि वजन कंट्रोल नहीं हो रहा है तो किसके पास जाएं। एक्सपर्ट के मुताबिक इसकी अहम वजह एनोरेक्सिया नर्वोसा है।





### विश्व किडनी दिवस पर विशेष

## बढ़ रहे हैं किडनी रोग के मामले

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। आधुनिक जीवनशैली, बढ़ता प्रदूषण, पेनकिलर्स, एंटासिड और प्रोटीन सप्लीमेंट्स का अधिक सेवन भी किडनी की सेहत को खराब कर रहा है। इतना ही नहीं नियमित रूप से दर्द निवारक दवाओं और एंटासिड का सेवन किडनी के लिए नुकसानदायक हो सकता है। साथ ही, बाहरी प्रोटीन सप्लीमेंट्स के अधिक उपयोग से भी किडनी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। भारत में किडनी रोगों की बढ़ती संख्या को लेकर चिकित्सा विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है। फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने 'वर्ल्ड किडनी डे' के अवसर पर इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या पर जागरूकता बढ़ाने की पहल की है। विशेषज्ञों के अनुसार, डायबिटीज किडनी रोग का सबसे बड़ा कारण बन रहा है, और भारत को 'डायबिटीज कैपिटल' कहा जाता है, जिससे देश में किडनी रोगों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। किडनी की बीमारियां आमतौर पर शुरुआती चरण में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखातीं, जिससे रोग की पहचान में देर हो सकती है।

हालांकि, पैरों व आंखों के आसपास सूजन, ब्लड प्रेशर का बढ़ना, झागदार या खून मिश्रित पेशाब, अत्यधिक थकान आदि लक्षण नजर आएं तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। किडनी रोग से ग्रसित मरीजों को नमक और प्रोटीन के सेवन में कमी करनी चाहिए। इससे रक्तचाप को नियंत्रित रखने और रोग की प्रगति को धीमा करने में मदद मिलती है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को हर साल किडनी की जांच करानी चाहिए ताकि समय पर बीमारी का पता लग सके। प्रारंभिक अवस्था में किडनी रोग का पता लगने पर सही आहार और उचित दवाओं से रोग को नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. संकेत किशोर पाटिल, कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजी, फोर्टिस ग्रेटर नोएडा, कहते हैं, किडनी रोगों की रोकथाम के लिए समय पर स्क्रीनिंग बेहद जरूरी है। संतुलित आहार, दवाइयों का नियंत्रित उपयोग और जीवनशैली में सुधार से किडनी को स्वस्थ रखा जा सकता है। सही समय पर निर्णय लेने से किडनी फेल्योर जैसी गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है।




- अधिक प्रोटीन और नमक बिगाड़ रहा है सेहत

## उज्जबेकिस्तान के मरीज की किडनी ट्रांसप्लांट



**पहले लीवर भी हो चुका है ट्रांसप्लांट्र दोनों बार बेटे ने दान किए अंग**

**नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में उज्बेकिस्तान की 54 साल के मरीज की जीवनरक्षक किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी की गई। मरीज किडनी फेलियर की समस्या से ग्रस्ति थीं। मरीज का इससे पहले लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा चुका है और उस सर्जरी के लिए भी उनके बेटे ने ही अपने लिवर का एक हिस्सा डोनेट किया था। किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी डॉ. अनुजा पोरवाल, डायरेक्टर, नेफ्रोलॉजी तथा डॉ. पीयूष वार्ष्णेय, डायरेक्टर, यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस नोएडा की कुशल देखरेख में की गई। मरीज की इससे पहले पहले 2023 में लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी की गई थी और उस मामले में उनका बेटा डोनर था। कुछ ही महीने पहले, उनके किडनी रोग से ग्रस्त होने का भी पता चला और उपचार के लिए दवाएं शुरू हो गईं। लेकिन इसके बावजूद उनकी हालत लगातार बिगड़ती रही।

**किडनी ट्रांसप्लांट में ये थी चुनौती**

लिवर ट्रांसप्लांट और इस वजह से इम्युनोसप्रेसिव दवाओं के सेवन के चलते, मरीज का इम्यून सिस्टम काफी कमजोर था। ऐसे में डायलसिस काफी जोखिमपूर्ण दीर्घकालिक समाधान था। पांच हफ्तों तक डायलसिस के बावजूद, उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी। डायलसिस के कारण ब्लड प्रेशर अचानक कम होने के कारण उनके ट्रांसप्लांटेड लिवर को भी नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ गया था। मरीज के इम्युनो-कॉम्प्रोमाइज़्ड होने की वजह से बार-बार इंफेक्शन का खतरा भी था। ऐसे में किडनी ट्रांसप्लांट एकमात्र विकल्प बचा था।

**पहले दिया लीवर फिर किडनी**

इन तमाम चुनौतियों के बीच, मरीज के बेटे ने जो कि पहले भी अपनी मां की जीवनरक्षा के लिए अपने लिवर का एक हिस्सा डोनेट कर चुके हैं। इस बार अपनी बायीं किडनी डोनेट करने का फैसला किया। फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा में यह ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया और अब मां तथा बेटा दोनों सुचारू रूप से रिकवर कर रहे हैं। बेटे को पांच दिनों बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। जिससे एक बार फिर यह साबित हो गया कि उन लोगों के मामले में भी ऑर्गेन डोनेशन पूरी तरह से सुरक्षित होता है जो पहले भी अंगदान कर चुके हैं। डॉ. अनुजा पोरवाल, डायरेक्टर, नेफ्रोलॉजी ने कहा कि यह मामला मरीज के पहले से लिवर ट्रांसप्लांट के चलते मेडिकल दृष्टि से चुनौतीपूर्ण था, जिसके लिए इम्युनोसप्रेसिव दवाओं के मामले में कुशल प्रबंधन और इंफेक्शन के जोखिमों को रोकने की आवश्यकता होती है।

## 'मकोई' दिखने में छोटा सा फल, पर है बड़ा ताकतवर

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। मकोई (मकय) को ब्लैक नाइटशेड के नाम से पहचाना जाता है। यह एक छोटा सा पौधा है जो फसलों के बीच खरपतवार की तरह उग आता है। सड़क के किनारे झाड़ियों में भी मुस्कुराता सा दिख जाता है। मकोई के छोटे से पौधे में अच्छी सेहत का राज छिपा होता है, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। क्या आप जानते हैं कि उसी मकोई का आयुर्वेद में अद्भुत स्थान है? इसके अद्वितीय गुण बुखार से लेकर त्वचा से जुड़ी समस्याओं में राहत देने का काम करते हैं।

मकोई का उपयोग आयुर्वेद में एक असरदार औषधि के रूप में होता है। इसके फल, पत्ते और जड़ें सभी किसी न किसी रोग का इलाज करने के काम आती हैं। मकोई के फल में एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो शरीर की अनेक समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। आयुर्वेद में इसे त्रिदोष को संतुलित करने वाला और पाचन क्रिया को बेहतर बनाने वाला माना जाता है। यह बुखार, जोड़ों के दर्द, सांस संबंधी समस्याओं, पीलिया, मुंह के छालों और अन्य विकारों के इलाज में मदद करता है। इसके सेवन से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली भी मजबूत होती है, जो हमें सामान्य बीमारियों से बचाता है।

मकोई के विशेष गुणों का वर्णन भारत के प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों जैसे कि 'सुश्रुत संहिता' और 'चरक संहिता' में भी मिलता है। इसे ऐसा रसायन बताया गया है, जो शरीर के विषाक्त पदार्थों को नष्ट करने और एजिंग प्रोसेस को भी धीमा करता है। सुश्रुत संहिता में मकोई की जड़ों को शरीर के लिए बेहद लाभकारी माना गया है और इसे त्रिदोष के संतुलन के लिए उपयोगी बताया गया है। विभिन्न शोधों में यह पाया गया है कि मकोई के फल में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर को हानिकारक तत्वों से बचाते हैं। इसके अलावा, इसमें ऐसे गुण होते हैं जो सूजन को कम करने और शरीर के प्राकृतिक उपचार प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।



बुखार और छाले जैसी समस्याओं में मकोई का सेवन तुरंत राहत प्रदान करता है। आज भी ग्रामीण अंचलों में इसका प्रयोग बुखार कम करने के लिए किया जाता है। दादी मां के नुस्खों की पोटली में खास जगह है इसकी! बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि बुखार के दौरान अगर मकोई का सेवन किया जाए, तो मात्र एक घंटे में वो छूमंतर हो जाता है। वहीं, मकोई के पत्तों को चबाने से मुंह के छाले ठीक हो जाते हैं और पेट से जुड़ी समस्याओं में भी राहत मिलती है। मकोई का प्रभाव सिर्फ शरीर के अंदर ही नहीं, बल्कि बाहर भी दिखता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीमाइक्रोबियल गुण स्किन से जुड़ी समस्याओं को भी दूर करते हैं। दाग-धब्बे या सनबर्न से जूझ रहे हैं, तो मकोई का फेस पैक आपके लिए बेहद लाभकारी हो सकता है। आयुर्वेदिक चिकित्सकों के अनुसार, मकोई की पत्तियों का काढ़ा पीलिया के रोगियों के लिए रामबाण साबित होता है। इसे पीने से पीलिया में जल्दी राहत मिलती है और शरीर में जमा हुए विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं। इस पौधे के आयुर्वेदिक गुणों को लेकर अभी भी शोध जारी हैं। वैज्ञानिक इसे लेकर अधिक गहराई से अध्ययन कर रहे हैं, ताकि मकोई के उपयोग के सभी फायदे पूरी तरह से सामने आ सकें।

### केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा

## कैंसर मरीजों के इलाज को लेकर सरकार प्रतिबद्ध

- पीएम-जेएवाई में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोग शामिल
- योजना में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पैलिएटिव मेडिसिन से संबंधित 500 से अधिक प्रक्रिया




**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि सरकार कैंसर मरीजों के इलाज को लेकर प्रतिबद्ध है। साथ ही सरकार कैंसर के इलाज तथा रोकथाम के लिए विभिन्न उपायों को लागू कर रही है।

राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में मंत्री ने कहा कि सरकार टर्शरी कैंसर फैसिलिटी स्कीम को मजबूत करने पर काम कर रही है।

जाधव ने कहा कि इस पहल के तहत 19 राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और 20 टर्शरी केयर कैंसर केंद्र (टीसीसीसी) को एडवांस डायग्नोस्टिक और इलाज की सुविधाएं देने के लिए मंजूरी दी गई है। विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर देखभाल सेवाओं को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने हाल ही में हरियाणा के झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान और कोलकाता में चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का दूसरा परिसर स्थापित किया है। इसके अलावा सभी 22 नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) में कैंसर उपचार सुविधाओं को मंजूरी दी गई है, जो कंप्रिहेंसिव डायग्नोस्टिक (संपूर्ण निदान), चिकित्सा और सर्जिकल सेवाएं प्रदान करेंगे। राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करती है कि इन अस्पतालों में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए उपचार या तो मुफ्त हो या अत्यधिक सब्सिडी वाला हो, जिससे सभी को आवश्यक स्वास्थ्य सेवा सुलभ हो सके। इसके अलावा, कैंसर का इलाज आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) के तहत भी कवर किया जाता है, जो प्रत्येक परिवार को सालाना 5 लाख रुपए तक की राशि प्रदान करती है। जाधव ने कहा कि इस योजना से आबादी के निचले 40 प्रतिशत हिस्से के लगभग 55 करोड़ लोगों (12.37 करोड़ परिवार) को लाभ मिलता है। हाल ही में, पीएम-जेएवाई को आय की परवाह किए बिना 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज शामिल करने के लिए बढ़ाया गया था। जाधव ने कहा कि इस योजना में 200 से अधिक पैकेज शामिल हैं, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी) के भीतर मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पैलिएटिव मेडिसिन से संबंधित 500 से अधिक प्रक्रियाओं को शामिल करते हैं। कैंसर के उपचार को और अधिक सहायता प्रदान करने के लिए, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) की शुरुआत की गई है, जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेके) के नाम से समर्पित आउटलेट स्थापित किए जाएंगे।

मंत्री ने कहा कि फरवरी तक देश भर में कुल 15,057 पीएमबीजेके खोले गए हैं, जो किफायती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराते हैं। इस योजना में 2,047 प्रकार की दवाइयां और 300 सर्जिकल उपकरण शामिल हैं, जिनमें 87 उत्पाद विशेष रूप से कैंसर के उपचार के लिए उपलब्ध हैं।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 4.38 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 3.18 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.45 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.77 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.60 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंफोसिस | 4.28 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.80 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.43 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.99 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.91 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 88,003 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,02,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 87. 33 | 87.40 |
| पौड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |


### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9250-9350 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## चालू वित्त वर्ष में जनवरी तक 18,120 करोड़ से ज्यादा के हुए ट्रांजैक्शन, डिजिटल पेमेंट में उछाल, यूपीआई सबसे आगे

**नई दिल्ली**, 12 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में इस साल जनवरी तक यूपीआई सहित डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन 18,120 करोड़ से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया है, जिसमें ट्रांजैक्शन वैल्यू 2,330 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है।

वित्त वर्ष 2021-22 में कुल डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन 8,839 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 18,737 करोड़ हो गया है, जिसमें 46 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि हुई। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि यह वृद्धि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के कारण हुई है, जो 69 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ा और वित्त वर्ष 2021-22 के 4,597 करोड़ ट्रांजेक्शन से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 13,116 करोड़ ट्रांजेक्शन हो गया। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा यूपीआई ने हासिल किया है। इसके अलावा, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर (क्यूआर कोड और पीओएस टर्मिनल), नए व्यापारियों की ऑनबोर्डिंग और थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर (टीपीएपी) भी योजना अवधि के दौरान काफी हद तक बढ़े हैं। सरकार ने देश में डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने और डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए डिजिधन मिशन की शुरुआत की है। यूपीआई और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए बैंकों और दूसरे इकोसिस्टम पार्टनर्स को प्रोत्साहित करने के लिए वित्त वर्ष 2021-22 से एक प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। योजना को डिजाइन करते समय बैंकों सहित हितधारकों के साथ परामर्श किया गया। जागरूकता पैदा करने और डेटा कलेक्शन के लिए बैंकों




■ वर्ष 2023-24 में कुल डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा यूपीआई ने हासिल किया


के लिए एक डेडिकेटेड प्रोत्साहन योजना (आईएसबी) पोर्टल भी डेवलप किया गया है। नतीजतन, यूपीआई पेमेंट सहित डिजिटल पेमेंट की पेशकश करने वाले बैंकों की संख्या वित्त वर्ष 2021-22 में 216 से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 572 हो गई है। देश में डिजिटल भुगतान के विकास में रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य के भीम-यूपीआई ट्रांजैक्शन पर्सन टू मर्चेंट (पी2एम) को प्रमोट करने के लिए 'प्रोत्साहन योजना' ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारतीय टेक और ड्यूरेबल्स सेक्टर में 2024 की चौथी तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि, छोटे शहर महानगरों से आगे नई दिल्ली, 12 मार्च (आईएएनएस)। भारतीय टेक और ड्यूरेबल्स सेक्टर ने 2023 की इसी तिमाही की ब तुलना में 2024 की चौथी तिमाही में 6 प्रतिशत की मात्रा और मूल्य वृद्धि दर्ज की है।

## जुर्माने से बचने के लिए 15 मार्च से पहले जमा करें अग्रिम कर

**नई दिल्ली**, 12 मार्च (एजेंसियां)। अग्रिम कर जमा करने की आखिरी तिथि 15 मार्च है। वे करदाता जिनकी अनुमानित कर देयता एक वित्त वर्ष में 10,000 रुपए से अधिक होती है, उन्हें अग्रिम कर का भुगतान करना होता है। अग्रिम कर का भुगतान वित्त वर्ष के दौरान चार अलग-अलग किस्तों में किया जाता है। करदाता को अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देनी होती है, जिसमें अनुमानित कर का 15 प्रतिशत का भुगतान करना होता है। इसके बाद 15 सितम्बर को दूसरी किस्त देनी होती है, जिसमें कम से कम 45 प्रतिशत अग्रिम कर देना होता है। इसके अलावा अग्रिम कर की तीसरी किस्त का भुगतान 15 दिसंबर को करना होता है। इसके तहत कम से कम अनुमानित कर का 75 प्रतिशत का भुगतान करना होता है। वहीं, आखिरी किस्त 15 मार्च को भुगतान करनी होती है। इसमें करदाता को अपनी अनुमानित कर देयता का कम से कम 90 प्रतिशत का भुगतान करना होता है। उन्हें भी अग्रिम कर का भुगतान करना होता है। वहीं, प्रॉपर्टी, शेयर, म्यूचुअल फंड और अन्य संपत्तियों की बिक्री करने, 15 मार्च से 31 मार्च के बीच किसी प्रॉपर्टी को बेचने पर या फिर वे एनआरआई जिनके पास भारत में आय का स्रोत होता है उन्हें भी अग्रिम कर का भुगतान करना होता है।

## भारत में वेयरहाउस की मांग 2024 में 12 प्रतिशत बढ़ी, मुंबई सबसे आगे

**मुंबई**, 12 मार्च (एजेंसियां)। भारत के आठ प्रमुख बाजारों में 2024 में वेयरहाउसिंग ट्रांजेक्शन वॉल्यूम 56.4 मिलियन स्क्वायर फीट रहा है। इसमें सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। 2023 में यह आंकड़ा 50.3 मिलियन स्क्वायर फीट रहा है। यह जानकारी रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा बुधवार को दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि वेयरहाउसिंग मार्केट में 233 मिलियन स्क्वायर फीट की अतिरिक्त बिल्डिंग क्षमता है, जो कि 2024 के ट्रांजैक्शन वॉल्यूम की तुलना में चार गुना अधिक है। इससे भविष्य की मांग को आसानी से पूरा किया जा सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि वेयरहाउस के औसत किराए में वृद्धि हुई है। 2024 में खाली स्थानों की संख्या 11.5 प्रतिशत दर्ज की गई थी, जिससे किराये की वृद्धि सीमित रही। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया कि 2024 में 62 प्रतिशत या 34.71 मिलियन वर्ग फीट का लेनदेन ग्रेड ए स्पेस में हुआ है। मांग में वृद्धि में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की भूमिका अहम रही। 2024 में कुल मांग में इस सेक्टर की हिस्सेदारी 39 प्रतिशत थी।



■ रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा जारी की गई रिपोर्ट

वेयरहाउसिंग सेक्टर के लिए मुंबई सबसे बड़ा मार्केट रहा। 2024 में यहां ट्रांजैक्शन वॉल्यूम 10.3 मिलियन स्क्वायर फीट का रही। मुंबई में थर्ड पार्ट लॉजिस्टिक्स (3पीएल) इंडस्ट्री में मांग का प्राथमिक चालक था। मांग में इसकी हिस्सेदारी 43 प्रतिशत थी। वेयरहाउसिंग के लिए दिल्ली-एनसीआर दूसरा सबसे बड़ा बाजार था। 2024 में कुल लेनदेन में इसकी हिस्सेदारी 16 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु, कोलकाता, अहमदाबाद और चेन्नई के बाजारों में ट्रांजैक्शन वॉल्यूम में 25-29 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

## रियल एस्टेट डेवलपर्स ने पिछले साल 2335 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया


**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। भारत में रियल एस्टेट डेवलपर्स ने 2024 के दौरान 23 प्रमुख शहरों में 39,742 करोड़ रुपए मूल्य की 2,335 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। यह जानकारी बुधवार को जारी जेएलएल की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि इस अधिग्रहण ने 194 मिलियन स्क्वायर फीट के रियल एस्टेट डेवलपमेंट के रास्ते खोल दिए हैं। इसमें करीब 62,000 करोड़ रुपए के निवेश की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 में भी टियर 1 शहरों का प्रभुत्व बना हुआ है। कुल जमीन खरीद में इन शहरों की हिस्सेदारी 72 प्रतिशत थी। हालांकि, टियर 2 और टियर 3 शहर एक महत्वपूर्ण 28



■ 23 प्रमुख शहरों में 39,742 करोड़ रुपए मूल्य की 2,335 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया

प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने में कामयाब रहे हैं जो 662 एकड़ जमीन के बराबर होता है। रिपोर्ट में बताया गया कि नागपुर, वाराणसी, इंदौर, वृंदावन और लुधियाना जैसे शहर भूमि अधिग्रहण के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं। जेएलएल विश्लेषण से पता चलता है कि प्रति एकड़ भूमि की लागत पिछले तीन वर्षों में लगातार बढ़ी है, जो 2022 में लगभग 11 करोड़ रुपए से बढ़कर 2024 में 17 करोड़ रुपए हो गई है। कोविड-19 के बाद 2024 कार्यालय और आवासीय परिसंपत्ति वर्ग में रियल एस्टेट के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला वर्ष साबित हुआ है। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) 2024 के लिए भूमि अधिग्रहण में अग्रणी बनकर उभरा है, जहां डेवलपर्स ने 19 अलग-अलग सौदों के माध्यम से लगभग 407 एकड़ जमीन हासिल की है, जो वर्ष के कुल भूमि लेनदेन का 17 प्रतिशत है। वहीं, एनसीआर में गुरुग्राम में सबसे अधिक 21 सौदे हुए, इसके बाद नोएडा में 14 और गाजियाबाद में एक सौदा हुआ।

## 5जी सर्विस अब 776 में से 773 जिलों में उपलब्ध : केंद्र सरकार




**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू की गई 5जी सर्विस वर्तमान में देश के 776 में से 773 जिलों में उपलब्ध हैं, जिसमें लक्षद्वीप भी शामिल है। संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा को बताया कि 28 फरवरी तक देश भर में टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स (टीएसपी) द्वारा 4.69 लाख 5त्र बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) स्थापित किए गए हैं। टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स (टीएसपी) ने देश भर में 5जी सर्विस का विस्तार किया है और स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए नोटिस इनवाइटिंग एप्लीकेशन (एनआईए) में निर्धारित न्यूनतम रोलआउट दायित्वों से आगे निकल गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन दायित्वों से आगे मोबाइल सर्विस का विस्तार टीएसपी के टेक्नो-कमर्शियल विचार पर निर्भर करता है। सरकार ने देश में 5जी सर्विस को शुरू करने के लिए कई पहल की हैं, जैसे 5जी मोबाइल सर्विस के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी; एडजस्टेड ग्रोस रेवेन्यू (एजीआर), बैंक गारंटी (बीजी) और ब्याज दरों को रेशनलाइज करने के लिए वित्तीय सुधार; 2022 की नीलामी और उसके बाद प्राप्त स्पेक्ट्रम के लिए स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क को हटाना। मंजूरी के लिए प्रक्रिया का सरलीकरण; आरओडब्ल्यू अनुमतियों और दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना की मंजूरी को सुव्यवस्थित करने के लिए पीएम गतिशक्ति संचार पोर्टल और आरओडब्ल्यू (राइट ऑफ़ वे) नियमों का शुभारंभ और छोटे सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना के लिए स्ट्रीट फर्नीचर के उपयोग के लिए समयबद्ध अनुमति।

### सार संक्षेप

## एसर का दिल्ली में 250वां स्टोर शुरू करने की घोषणा

**नई दिल्ली।** कंप्यूटर और तकनीक क्षेत्र की कंपनी एसर ने राजधानी के नेहरू प्लेस में अपना 250वां एक्सक्लूसिव स्टोर शुरू करने की बुधवार को घोषणा की। एसर इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हरीश कोहली ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल एक नया स्टोर खोलने का मौका नहीं है, बल्कि भारत में एसर की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा 'हमारा 250वां एक्सक्लूसिव स्टोर इस बात का प्रमाण है कि हम विश्वस्तरीय तकनीक को मेट्रो शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक हर भारतीय के लिए सुलभ बनाना चाहते हैं। यह केवल शुरुआत है, हमारा लक्ष्य इस साल 300 से अधिक स्टोर्स खोलना है, ताकि एसर हर ग्राहक के और करीब पहुंच सके।' उन्होंने कहा कि यह विस्तार आधुनिकतम टेक्नोलॉजी को भारत में उपभोक्ताओं तक अत्याधुनिक तकनीक को पहुंचाने की एसर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दिल्ली के नेहरू प्लेस में स्थित यह नया स्टोर ग्राहकों को आधुनिक और रोचक खरीदारी का अनुभव देगा।

## एसआईपी निवेश वित्त वर्ष 25 में अब तक 32 प्रतिशत बढ़कर 2.63 लाख करोड़ रुपए रहा

**मुंबई।** भारत में सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) निवेश वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 11 महीने (अप्रैल-फरवरी अवधि में) में 2,63,426 करोड़ रुपये रहा है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा बुधवार को जारी डेटा से मिली। यह आंकड़ा एसआईपी निवेश में सालाना आधार पर 32.23 प्रतिशत की बढ़त को दिखाता है। पूरे वित्त वर्ष 24 में एसआईपी के जरिए निवेश 1,99,219 करोड़ रुपये था। एसआईपी निवेश में बढ़ोतरी बाजार में निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दिखाता है। फरवरी 2025 में एसआईपी निवेश 25,999 करोड़ रुपए रहा है, जो कि जनवरी 2025 में 26,400 करोड़ रुपए था। एम्फी के डेटा के मुताबिक, फरवरी में 44.56 लाख नई एसआईपी शुरू हुई हैं। हालांकि, इस दौरान 55 लाख के करीब एसआईपी बंद भी हुई हैं।

## मजबूत बाजार स्थिति के बावजूद 'स्विगी' लाभ कमाने में करेगा मुश्किलों का सामनाः जेफरीज

**मुंबई।** जेफरीज की बुधवार को आई रिपोर्ट के अनुसार, फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी को बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति के बावजूद लाभ कमाने से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ब्रोकरेज फर्म ने कंपनी के फाइनेंशियल परफॉर्मेंस पर चिंताओं का हवाला देते हुए स्विगी लिमिटेड पर 'होल्ड' रेटिंग और 400 रुपए के टारगेट प्राइस के साथ कवरेज शुरू किया है। भारत के ऑनलाइन फूड डिलीवरी मार्केट में स्विगी 45 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है और जोमैटो के साथ प्रतिस्पर्धा तगड़ी है। कंपनी के फूड डिलीवरी बिजनेस में मध्यम अवधि में हाई-टीन की वृद्धि होने की उम्मीद है।


# शेयर बाजार में रही गिरावट

■ सेंसेक्स 72.56 अंक टूटकर 74,029.76 अंक पर रहा

■ निफ्टी 27.40 अंक उतरकर 22,470.50 अंक पर टिका

**मुंबई** 12 मार्च (एजेंसियां)। एशियाई बाजारों की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी और दूरसंचार समेत ग्यारह समूहों में हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 72.56 अंक टूटकर 74,029.76 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27.40 अंक उतरकर 22,470.50 अंक पर आ गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.57 प्रतिशत कमजोर होकर 39,364.59 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत गिरकर 44,117.81 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4122 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2491 में गिरावट जबकि 1494 में तेजी रही वहीं 137 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में बिकवाली जबकि 19 में लिवाली हुई।

बीएसई के 11 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे फोकस्ड आईटी 3.05, आईटी 3.02, टेक




2.69, दूरसंचार 2.16, रियल्टी 1.74, कमोडिटीज 0.32, सीडी 0.17, इंडस्ट्रियल्स 0.35, कैपिटल गुड्स 0.31, धातु 0.46 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.54 प्रतिशत टूट गए। एशियाई बाजारों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान हांगकांग का हैंगसेंग 0.76 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.23 प्रतिशत कमजोर रह गया। वहीं, ब्रिटेन का एफटीएसई 0.50, जर्मनी का डैक्स 1.50 और जापान का निक्केई 0.07 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 168 अंक की मजबूती के साथ 74,270.81 अंक पर खुला और दमदार लिवाली के बल पर थोड़ी देर बाद ही 74,392.15 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से दोपहर तक यह 73,598.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 74,102.32 अंक के मुकाबले 0.10 प्रतिशत उतरकर 74,029.76 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 38 अंक बढ़कर 22,536.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,577.40 अंक के उच्चतम जबकि 22,329.55 अंक के निचले स्तर पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही कंपनियों में इंफोसिस 4.28, टेक महिंद्रा 2.80, नेस्ले इंडिया 2.43, टीसीएस 1.99, एचसीएल टेक 1.91, एशियन पेंट 1.56, एक्सिस बैंक 1.38, जोमैटो 1.23, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.10, एसबीआई 0.97, भारती एयरटेल 0.95, टाइटन 0.78, अडानी पोर्ट्स 0.74, मारुति 0.47, टाटा स्टील 0.36, पावरग्रिड 0.09, एनटीपीसी 0.06 और एलटी 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसइंड बैंक 4.38, टाटा मोटर्स 3.18, कोटक बैंक 2.45, बजाज फाइनेंस 1.77, एचडीएफसी बैंक 1.60, आईटीसी 1.48, सन फार्मा 1.25, अल्ट्रासिम्को 0.78, रिलायंस 0.74, बजाज फिनसर्व 0.74, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.16 और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.01 प्रतिशत लाभ में रहे।

## भारत में गोल्ड ईटीएफ इनफ्लो फरवरी में 99 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। भारत में निवेशकों की रुचि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) में तेजी से बढ़ी है। फरवरी में नेट इनफ्लो में 1,979.84 करोड़ रुपये रहा है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा बुधवार को दी गई। इससे पहले फरवरी 2024 में गोल्ड ईटीएफ में निवेश 997.22 करोड़ रुपये था, जो कि सालाना आधार पर ईटीएफ इनफ्लो में 99 प्रतिशत की बढ़ोतरी के दिखाता है। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण भारत में गोल्ड ईटीएफ में नेट इनफ्लो लगातार 10वें महीने सकारात्मक रहा है। गोल्ड की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के कारण गोल्ड ईटीएफ का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट फरवरी के अंत में 55,677.25 करोड़ रुपए रहा है। गोल्ड ईटीएफ का एयूएम फरवरी 2024 में 28,529.88 करोड़ रुपए था, जो कि जनवरी 2025 में 51,839.39 करोड़ रुपए था।

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि गोल्ड ईटीएफ की बढ़ती मांग का कारण इक्विटी बाजारों में जारी गिरावट और वैश्विक अनिश्चितता है। निवेशक गोल्ड जैसी सुरक्षित-संपत्तियों की ओर रुख कर रहे हैं, जिसने ऐतिहासिक रूप से बाजार में गिरावट के दौरान स्थिरता प्रदान की है। फरवरी में भारत में गोल्ड की कीमतों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे यह अधिक आकर्षक निवेश विकल्प बन गया। पूरे कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत में गोल्ड ईटीएफ ने 11,266.11 करोड़ रुपये का कुल शुद्ध प्रवाह दर्ज किया था जो 2023 में 2,923.81 करोड़ रुपये से तीन गुना से ज्यादा अधिक है। वैश्विक मोर्चे पर गोल्ड ईटीएफ में 2025 में लगातार दूसरे महीने मजबूत प्रवाह देखा गया। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार, फरवरी में दुनिया भर में गोल्ड ईटीएफ में 9.4 बिलियन डॉलर का शुद्ध प्रवाह देखा गया, जो मार्च 2022 के बाद से सबसे अधिक मासिक वृद्धि है।

# खाद्य तेलों में टिकाव चीनी महंगी

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन = वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 78 रिंगिट चढ़कर 4815 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.11 सेंट की गिरावट के साथ 41.82 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।




गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

## भारत 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाला कनेक्टेड कार बाजार बना

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। भारत कनेक्टेड कारों के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार बन गया है, जिसमें साल 2024 में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बुधवार को आई एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की इस रिपोर्ट के अनुसार, 'अडॉप्शन' में यह वृद्धि घरेलू वाहन निर्माताओं द्वारा अपने व्हीकल लाइनअप में कनेक्टिविटी फीचर्स को इंटीग्रेट करने के कारण देखी गई है। साल 2024 में वैश्विक स्तर पर बिकने वाली सभी पैसेंजर कारों में से लगभग 75 प्रतिशत एम्बेडेड सेलुलर कनेक्टिविटी के साथ आई, जो पिछले साल 71 प्रतिशत थी। ग्लोबल कनेक्टेड कार बाजार में कुल मिलाकर आठ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशन की बढ़ती मांग को दर्शाती है। काउंटरपॉइंट के एसोसिएट डायरेक्टर ग्रेग बेसिक ने कहा, 'मास-मार्केट कारों में कनेक्टिविटी सुविधाओं की बढ़ता पेनेट्रेशन इस विस्तार का एक प्रमुख कारक रहा है।' उन्होंने कहा कि वाहन निर्माता ड्राइविंग एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने और सुरक्षा में सुधार करने के लिए एडवांस्ड टेलीमैटिक्स, रीयल-टाइम नेविगेशन और कनेक्टेड इन-कार एंटरटेनमेंट फीचर्स को शामिल कर रहे हैं।




> वाहन निर्माता ड्राइविंग एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने और सुरक्षा में सुधार करने के लिए एडवांस्ड टेलीमैटिक्स, रीयल-टाइम नेविगेशन और कनेक्टेड इन-कार एंटरटेनमेंट फीचर्स को शामिल कर रहेः ग्रेग बेसिक, डायरेक्टर, काउंटरपॉइंट एसोसिएट

वैश्विक स्तर पर, टोयोटा ग्रुप ने 2024 में कनेक्टेड कारों की बिक्री में अग्रणी स्थान हासिल किया, उसके बाद फॉक्सवैगन समूह और हुंडई किआ ऑटोमोटिव समूह का स्थान रहा। हालांकि, बीवाईडी ग्रुप ने अपने सभी मॉडलों में एम्बेडेड

■ साल 2024 में वैश्विक स्तर पर बिकने वाली सभी पैसेंजर कारों में से लगभग 75 प्रतिशत एम्बेडेड सेलुलर कनेक्टिविटी के साथ आई

कनेक्टिविटी की पेशकश करने की अपनी रणनीति के कारण 34 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ सबसे अधिक बढ़ोतरी दर्ज की। भारत इस सेगमेंट में सबसे तेजी से बढ़ने वाले देश के रूप में उभरा है, जबकि अमेरिका और जर्मनी अन्य प्रमुख बाजारों के रूप में इस मामले में भारत से पीछे रहे। काउंटरपॉइंट के वरिष्ठ विश्लेषक पर्व शर्मा ने कहा, 'दुनिया भर में वाहन निर्माता इन-कार यूजर एक्सपीरियंस, सेफ्टी और व्हीकल परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने के लिए एम्बेडेड कनेक्टिविटी को इंटीग्रेट कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे कनेक्टिविटी एक स्टैंडर्ड ऑफरिंग बनती जा रही है, उपभोक्ता मांग ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के विकास को आकार दे रही है। टेलीमैटिक्स कंट्रोल यूनिट्स (टीसीयू) 4जी कनेक्टिविटी को सक्षम बनाती हैं। टीसीयू का दबदबा बना हुआ है, 2024 में बेची गई 94 प्रतिशत कनेक्टेड कारें 4जी नेटवर्क पर निर्भर हैं।

# खेल जगत

## टी-20 विश्वकप जीतना अगला लक्ष्य : हार्दिक

**मुंबई।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा अगला लक्ष्य 2026 में घरेलू जमीन पर होने वाले टी-20 विश्वकप को जीतना है। हार्दिक ने पहले ही अगली चुनौती - आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 पर अपनी नजरे जमा ली हैं। इस विश्वकप की भारत मेजबानी करेगा। घरेलू धरती पर होने वाले टूर्नामेंट के साथ भारत को न केवल घरेलू परिस्थितियों का लाभ मिलेगा। बल्कि वैश्विक मंच पर अपना दबदबा जारी रखने के उद्देश्य से गत विजेता के रूप में भी प्रवेश करेगा।उन्होंने कहा कि मुझे ऐसी जीत पसंद है, जहां हर कोई आता है, अपना दिल लगाता है और आप जानते हैं कि मुझे लगता है कि यह भारत के लिए था। चैंपियंस ट्रॉफी हो चुकी है, अब अगला लक्ष्य भारत में आईसीसी टी-20 विश्वकप जीतना है। हार्दिक ने 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल को याद करते हुए कहा कि 2017 में काम बाकी था।



# उम्मीद नहीं की थी, भारतीय सीनियर हॉकी टीम के लिए खेलने का मौका मिलेगा : अर्शदीप

## हरमनप्रीत ने मुझसे कहा, वह मैच जीतने की पूरी कोशिश करेंगे ताकि यह मेरे लिए यादगार बन जाए

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। 20 बरस के उदीयमान स्ट्राइकर अर्शदीप सिंह ने भारत की सीनियर हॉकी टीम के लिए अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2024-25 से किया। अर्शदीप सिंह की प्रतिभा को सराहते हुए हॉकी इंडिया ने उन्हें शनिवार को यहां दिए जाने वाले सातवें सालाना हॉकी इंडिया अवार्ड्स 2024 में जुगराज सिंह अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (पुरुष अंडर 21) अवॉर्ड के लिए नामित किया गया। भारतीय जूनियर टीम के लिए दमदार प्रदर्शन कर सुर्खियों में आए स्ट्राइकर अर्शदीप सिंह अब बेंगलुरू में भारत की जूनियर हॉकी टीम के दिसंबर में होने वाले जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की तैयारियों में जुटे हैं। अर्शदीप पहले पहल बीते बरस दिसंबर 2024 में जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप में छह गोल कर सुर्खियों में आए। अर्शदीप कहते हैं,' जूनियर एशिया कप 2024 मेरे लिए खासा बढ़िया रहा और इसमें मैंने कई गोल किए। इसमें पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में हमारी जूनियर टीम की जीत मेरे लिए बेहद यादगार क्षण था। मैने सोचा था कि इस साल के आखिर में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के बाद मुझे भारत की सीनियर टीम में खेलने का मौका मिलेगा। मैंने उम्मीद नहीं की थी कि मुझे एफआईएच प्रो लीग में भारतीय सीनियर हॉकी टीम के लिए इतनी जल्दी खेलने का मौका मिल जाएगा। हमारी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मुझसे कहा था कि वह मैच जीतने की कोशिश करेंगे ताकि यह मेरे लिए यादगार बन जाए। उन्होंने मुझसे यह भी कहा कि मैं अपना पहला गोल करने के लिए पूरी कोशिश करूं।'



**अर्शदीप पहले पहल बीते बरस दिसंबर 2024 में जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप में छह गोल कर सुर्खियों में आए।**

जूनिसर एशिया कप के बाद अर्शदीप सिंह ने इस साल के शुरू में हैदराबाद तूफांस के लिए पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25में टूर्नामेट के उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार जीत कर सभी का ध्यान खींचा। अर्शदीप ने तीन गोल कर हैदराबाद तूफांस को एचआईएल 2024-25 फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अर्शदीप सिंह ने अपने एचआईएल में खेलने के अनुभव की बाबत कहा,' एचआईएल में हमारी हैदराबाद तूफांस की टीम में माहौल बेहद सकारात्मक था। जब मैं एचआईएल में हैदराबाद तूफांस के लिए खेल रहा था तभी मुझे मालूम पड़ा की मुझे एफआईएचल प्रो लीग के लिए भारत की सीनियर टीम के लिए चुन लिया गया। मेरे लिए यह बड़ गर्व का क्षण था और मैंने सबसे पहले अपनी मां को फोन का अपने सीनियर भारतीय टीम में चुने जाने की बाबत बताया।' अर्शदीप ने जब एफआईएच प्रो लीग में स्पेन के खिलाफ मैच के लिए अपना नाम भारतीय टीम के लाइनअप में देखा तो यह उनके लिए वाकई बहुत बड़ा क्षण था।

### सीनियर खिलाड़ियों ने दबाव से निपटने में मदद की : फॉरवर्ड अर्शदीप

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। 20 वर्षीय फॉरवर्ड अर्शदीप सिंह हाल ही में अपने लगातार प्रदर्शन के लिए सुर्खियों में रहे हैं, जिसके चलते उन्हें भुवनेश्वर में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (पुरुष) में सीनियर इंडिया में पदार्पण का मौका मिला। अर्शदीप ने पहली बार पिछले साल दिसंबर में 2024 पुरुष जूनियर एशिया कप के दौरान सुर्खियां बटोरीं, जब उन्होंने टूर्नामेंट में छह गोल किए और स्टिक से प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बहुत अच्छा टूर्नामेंट था और मैंने कुछ अच्छे गोल किए। खास तौर पर फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ जीतना मेरे लिए खास पल था। मुझे लगा था कि इस साल के अंत में जूनियर विश्व कप के बाद मुझे सीनियर्स के लिए खेलने का मौका मिलेगा, लेकिन मुझे इतनी जल्दी सीनियर टीम में जगह बनाने की उम्मीद नहीं थी। हालांकि जूनियर एशिया कप के दौरान उन्होंने सबका ध्यान खींचा था, लेकिन अर्शदीप सिंह का ब्रेकआउट टूर्नामेंट इस साल की शुरुआत में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) था, जहां उन्हें टूर्नामेंट का अपकमिंग प्लेयर चुना गया था।

# बल्लेबाजी में उतार-चढ़ाव के बावजूद सर्वश्रेष्ठ फिनिशर बन गए केएल राहुल

■ राहुल को एकदिवसीय मैचों में नई चुनौती का सामना करना पड़ा, जब उन्हें छठे स्थान पर भेजा गया

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। ऑसिलेटरी मोशन की विशेषता एक निश्चित बिंदु के बारे में किसी वस्तु की बार-बार आगे-पीछे की गति है, जैसा कि घड़ी के पेंडुलम द्वारा उदाहरण दिया गया है। भारतीय टीम में सबसे अधिक ऑसिलेटरी खिलाड़ी को खोजने की प्रतियोगिता में, केएल राहुल सर्वसम्मति से चुने जाएंगे। राहुल के शानदार कवर ड्राइव और उनकी कलाई से सहज फ्लिक, जब वे अपने सर्वश्रेष्ठ पर होते हैं, तो बस गति में कविता होती है। लेकिन राहुल होना आसान नहीं है - उनकी बल्लेबाजी की स्थिति में उतार-चढ़ाव चुनौतीपूर्ण रहे हैं, एक पेंडुलम की आगे-पीछे की गति के समान। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीत के दौरान भारत के लिए मैच फिनिश करने में राहुल की सफलता इसका उदाहरण है। राहुल को एकदिवसीय मैचों में नई चुनौती का सामना करना पड़ा, जब उन्हें छठे स्थान पर भेजा गया, जो कि अक्षर पटेल के अपने सामान्य नंबर पांच पर आने के बाद फिनिशर की स्थिति थी। इसके अलावा, इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में, हमेशा इस बात पर सवाल उठते रहे कि राहुल को ऋषभ पंत से आगे क्यों तरजीह दी गई। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए उस भूमिका में राहुल की सफलता उनके शांत, विनम्र और सक्रिय अनुकूलनशीलता से चिह्नित थी - ऐसे गुण जो उनके लिए दूसरी प्रकृति बन गए हैं। हालांकि उनके 136 टूर्नामेंट रन महत्वहीन लग सकते हैं, लेकिन वे भारत के निचले मध्य क्रम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की पूरी कहानी नहीं बताते हैं। केएल राहुल के बचपन के कोच सैमुअल जयराज ने मंगलुरु से आईएएनएस से कहा कि जब भी उन्हें बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा जाता था, तो वे शिकायत नहीं करते थे। वे मुझसे पूछते थे कि मैं कैसे बेहतर हो सकता हूं और मुझे उस तरह से क्यों खेलना चाहिए। देखिए, जब भी वे छठे या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने जाते हैं, तो मुश्किल से कुछ गेंदें होती हैं। उन्होंने हमेशा बल्लेबाजी की है, चाहे वे कहीं भी खेले हों। इसलिए मानसिकता में बदलाव और परिस्थिति के अनुसार खुद को ढालना, यह सब नया है। उन्होंने अलग-अलग भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन यह भूमिका अलग थी और उन्होंने इसके लिए काम करना शुरू कर दिया। योजना और तैयारी अच्छी थी, इसलिए वह अच्छा खेल सके। वह अपनी भूमिका समझते थे और अगर आपने फाइनल देखा हो, तो जब बाएं हाथ के स्पिनर गेंदबाजी कर रहे थे, तो वह आसानी से पॉइंट, कवर और एक्स्ट्रा कवर के बीच सिंगल ले लेते थे।



**जब भी उन्हें बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा जाता था, तो वे शिकायत नहीं करते थे। वे मुझसे पूछते थे कि मैं कैसे बेहतर हो सकता हूं और मुझे उस तरह से क्यों खेलना चाहिए : सैमुअल जयराज, कोच**

# अलाना किंग को फरवरी के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला

**दुबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। महिला एशेज के दौरान अलाना किंग के शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें फरवरी 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला है। ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर ने अपनी टीम की साथी एनाबेल सदरलैंड और थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग को कड़ी टक्कर देते हुए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता। उनकी जीत से इस पुरस्कार में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बढ़ गया है, इससे पहले सदरलैंड (दिसंबर 2024) और बेथ मूनी (जनवरी 2025) ने भी जीत दर्ज की थी, जिससे यह लगातार तीसरा महीना है जब किसी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने यह सम्मान हासिल किया है। यह पहली बार है जब किंग को आईसीसी मासिक पुरस्कार मिला है, और उन्होंने अपनी टीम की साथियों को उनकी सामूहिक सफलता का श्रेय देने में देर नहीं लगाई।

किंग ने कहा कि लड़कियों के लिए यह एक बड़ी गर्मी रही है, और हम जिस तरह से एशेज को बरकरार रख पाए हैं, उससे हम वाकई बहुत खुश हैं। मुझे उस सफलता में भूमिका निभाने पर गर्व है और मैं उस श्रृंखला, विशेष रूप से टेस्ट मैच को लंबे समय तक याद रखूंगी। एमसीजी पर एशेज टेस्ट से बड़ा कोई मंच नहीं है, और मैं इसका हिस्सा होने के लिए बहुत आभारी हूं। किंग ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में एकमात्र टेस्ट में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने मात्र 98 रन देकर नौ विकेट चटकाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया की पारी और 122 रन की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में, किंग ने 4-45 के आंकड़े के साथ इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइनअप को तहस-नहस कर दिया, जिससे मेहमान टीम 170 रन पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने 270 रन की शानदार बढ़त हासिल कर ली, दूसरी पारी में उन्होंने और भी अधिक आक्रामक




**लड़कियों के लिए यह एक बड़ी गर्मी रही है, और हम जिस तरह से एशेज को बरकरार रख पाए हैं, उससे हम वाकई बहुत खुश हैं : अलाना किंग**

# रोहित तीसरे स्थान पर पहुंचे, गिल वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

**दुबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। हाल ही में संपन्न आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के अभियान के बाद, भारत के कप्तान रोहित शर्मा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग चार्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जिसमें उनके साथी सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल पहले स्थान पर हैं। भारत ने दुबई में न्यूजीलैंड पर चार विकेट की रोमांचक जीत के साथ अपना तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीता, बुधवार को जारी रैंकिंग अपडेट में दोनों टीमों के स्टार खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया है।

फाइनल में 83 गेंदों पर मैच जिताऊ 76 रन बनाने वाले रोहित दो पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस बीच, टूर्नामेंट में 218 रन बनाने वाले विराट कोहली टूर्नामेंट में 218 रन बनाने के बाद शीर्ष पांच (पांचवें स्थान) पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है। डेरिल मिशेल एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि युवा सनसनी रचिन रविंद्र 14 पायदान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्लेन फिलिप्स भी छह पायदान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर गेंदबाजी में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे, उन्होंने टूर्नामेंट में नौ विकेट लिए, जिसमें फाइनल में दो विकेट शामिल हैं। उनके प्रयासों से वह छह पायदान ऊपर चढ़कर वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।




### रोहित का लक्ष्य 2027 विश्व कप खेलना : रिकी पोंटिंग

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा का वनडे से संन्यास नहीं लेने का मतलब है कि उनका लक्ष्य 2027 पुरुष वनडे विश्व कप खेलना है। रोहित ने भारत के कप्तान के रूप में अपना दूसरा आईसीसी खिताब जीता, जब टीम ने दुबई में 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया। पिछले साल बारबाडोस में विश्व कप जीतने के बाद जिस तरह से उन्होंने टी20 प्रारूप से संन्यास लिया था, उसी तरह से रोहित के वनडे से संन्यास लेने की अफवाहें चल रही थीं।

### डब्ल्यूएफआई का निलंबन हटने पर महावीर फोगाट ने कहा

# खेल मंत्रालय ने कुश्ती खिलाड़ियों के हित में अच्छा फैसला लिया

**चरखी दादरी,** 12 मार्च (एजेंसियां)। खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का निलंबन वापस ले लिया। डब्ल्यूएफआई का निलंबन हटने पर द्रोणाचार्य अवार्डी पहलवान महावीर फोगाट ने प्रतिक्रिया दी। महावीर फोगाट ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि खेल मंत्रालय ने निलंबन हटाकर कुश्ती खिलाड़ियों के हित में अच्छा फैसला लिया है। अब अच्छे पहलवानों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और वे बेहतर प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर सकेंगे।

बता दें कि महिला पहलवानों विनेश फोगाट, साक्षी मलिक समेत बजरंग पूनिया इत्यादि ने महासंघ अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही दिल्ली में प्रदर्शन कर ठोस कार्रवाई की मांग की गई थी। उस समय द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर फोगाट भी पहलवानों के पक्ष में उतरे थे। प्रदर्शन के बाद मामला कोर्ट में चला गया, वहीं खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई पर बैन लगा दिया था।



महावीर फोगाट ने आगे कहा कि डब्ल्यूएफआई पर खेल मंत्रालय द्वारा बैन लगाने से कुश्ती खिलाड़ियों के भविष्य पर तलवार लटकी हुई थी। अब खेल मंत्रालय ने बैन हटा लिया है, इसके बाद अब पहलवानों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। महावीर फोगाट ने ब्रजभूषण मामले में विनेश, बजरंग पूनिया समेत पहलवानों के प्रदर्शन पर पूछे गए सवाल को टालते हुए कहा कि कोर्ट अपने स्तर पर फैसला लेगा। जो फैसला आए वह खिलाड़ियों के हित में ही होगा। साथ ही कहा कि खेल मंत्रालय ने खिलाड़ियों के पक्ष में बेहतर फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने खिलाड़ियों के लिए बेहतर किया है और अब अच्छा होगा।

# चोटिल राहुल द्रविड़ जयपुर में राजस्थान रॉयल्स कैंप में शामिल हुए

**जयपुर,** 12 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ बुधवार को जयपुर में टीम के तैयारी शिविर में शामिल होंगे। इससे एक सप्ताह पहले बेंगलुरु में एक क्लब मैच के दौरान उनके बाएं पैर में चोट लग गई थी। आईपीएल फ्रेंचाइजी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें द्रविड़ अपने बाएं पैर में प्लास्टर पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन दिया, मुख्य कोच राहुल द्रविड़, जिन्हें बेंगलुरु में क्रिकेट खेलते समय चोट लगी थी, अब ठीक हो रहे हैं और आज जयपुर में हमारे साथ जुड़ेंगे। पूर्व रॉयल्स कप्तान ने 2011 से 2015 तक फ्रेंचाइजी के साथ पांच सीजन बिताए। उन्होंने 2014 में रॉयल्स के साथ अपने कोचिंग करियर की शुरुआत की, जब वे कप्तान से टीम के मेंटर बन गए। भारत के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ ने 22 फरवरी को नासूर मेमोरियल शील्ड में केएससीए ग्रुप द्व डिवीजन द्वद्वद्व लीग मैच में अपने छोटे बेटे अन्वय के साथ खेलकर क्रिकेट के मैदान पर आश्चर्यजनक वापसी की। राहुल द्रविड़ और उनके बेटे अन्वय ने बेंगलुरु के एसएलएस क्रीडांगना क्रिकेट ग्राउंड में यंग लायंस क्लब के खिलाफ 50 ओवर के मैच में विजया क्रिकेट क्लब (मालूर) का प्रतिनिधित्व किया।



# स्क्वैश: इंडियन ओपन में रमित, अनाहत शीर्ष भारतीय प्रतिभाओं में शामिल

**मुंबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। शीर्ष खिलाड़ी रमित टंडन, वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी, अनाहत सिंह और आकांक्षा सालुंखे देश के पहले पीएसए स्क्वैश कॉपर इवेंट इंडियन ओपन में भाग लेने के लिए तैयार हैं। इनमें मिस्त्र, कनाडा, मलेशिया, जापान जैसे देशों की कुछ बेहतरीन प्रतिभाएं भी शामिल हैं। 24-28 मार्च को बॉम्बे जिमखाना में होने वाला 40,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाला इवेंट 2018 के बाद देश में शीर्ष स्क्वैश टूर्नामेंट की वापसी का प्रतीक है, जब मुंबई ने सीसीआई इंटरनेशनल - एक पीएसए वर्ल्ड टूर सिल्वर टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। यह टूर्नामेंट बॉम्बे जिमखाना के इंडोर कोर्ट में आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल के लिए फुल-ग्लास आउटडोर कोर्ट बनाया जाएगा, जो दर्शकों के लिए एक रोमांचक अनुभव होगा। भारत के नंबर 1 खिलाड़ी रमित ने कहा कि घर पर प्रतिस्पर्धा करना हमेशा खास होता है और भारत में जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन जैसे पीएसए इवेंट का होना इस खेल के लिए बहुत बड़ा बढ़ावा है। प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत ऊंचा है और यह भारतीय खिलाड़ियों के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ परखने का एक शानदार अवसर है।

लॉस एंजेलिस 28 में स्क्वैश के ओलंपिक में पदार्पण के साथ, इस तरह के आयोजन गति बनाने और अगली पीढ़ी को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण हैं। पीएसए के सीईओ एलेक्स गॉफ ने भारत में पीएसए टूर्नामेंट की वापसी का स्वागत किया और इसे खेल के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि घरेलू धरती पर विश्व स्तरीय आयोजनों की मेजबानी करने से न केवल भारतीय खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलती है, बल्कि इससे स्क्वैश पारिस्थितिकी तंत्र भी मजबूत होता है।

भारत की महिला नंबर 2 अनाहत ने भी टूर्नामेंट के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए कहा कि भारत में शीर्ष स्तरीय पीएसए इवेंट लाना खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों के लिए एक बड़ा बदलाव है। शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करना हमें बेहतर बनने के लिए प्रेरित करता है, और यह आगे बढ़ने का एक शानदार अवसर है।



■ **यह टूर्नामेंट बॉम्बे जिमखाना के इंडोर कोर्ट में आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल के लिए फुल-ग्लास आउटडोर कोर्ट बनाया जाएगा**

# राजस्थान में शुरू हुई एशियन लीजेंड्स लीग धवन, थरंगा और रायुडू पर रहेगी नजर

**नाथद्वारा (राजस्थान),** 12 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के नाथद्वारा में मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर (एमपीएमएससी) में एशियन लीजेंड्स लीग 2025 की शुरुआत हुई, जिसमें प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट मुकाबलों की रोमांचक श्रृंखला के लिए मंच तैयार किया गया। शुरुआती दिन अफगानिस्तान पठान और एशियन स्टार्स के बीच एक बेहद रोमांचक मैच देखने को मिला। एमपीएमएससी में माहौल उत्साह से भरपूर है, जहां हजारों क्रिकेट प्रेमी अपने पसंदीदा क्रिकेट दिग्गजों को एक्शन में देखने के लिए एकत्रित हुए थे। आगामी कार्यक्रम में और भी शानदार मैच होने का वादा किया गया है, जिसमें अगला मैच 12 मार्च को बांग्लादेश टाइगर्स और एशियन स्टार्स के बीच होना है, उसके बाद 18 मार्च, 2025 तक अन्य मैच होंगे।प्रशंसक शिखर धवन, केदार जाधव, सौरभ तिवारी, उपुल थरंगा, चमारा कपुगेदेरा, शापूर जादरान, अंबाती रायुडू और फैज फजल जैसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के साथ रोमांचक मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार कर सकते हैं। एशियन लीजेंड्स लीग 2025 की शुरुआत मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर (एमपीएमएससी) के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसके वैश्विक खेल केंद्र बनने की कल्पना की गई है।मिराज ग्रुप के चेयरमैन मदन पालीवाल ने कहा कि मिराज ग्रुप में हम सभी के लिए यह गर्व कारण है कि हमारे अपने एमपीएमएससी, नाथद्वारा में एशियन लीजेंड्स लीग 2025 की सफल शुरुआत हुई है।



## सार संक्षेप

### गोल हंटर्स की खिताबी हैट्रिक

**नई दिल्ली।** गोल हंटर्स फुटबाल क्लब ने कोनसाइंट फुटबाल को 5-1 से हरा कर फुटसाल दिल्ली लीग का खिताब जीत लिया द्य के डी जाधव इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में हंटर्स के अनुभवी और जाने माने खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल और मौकों का लाभ उठा कर प्रतिद्वंद्वी को परास्त किया द्य मानव शर्मा और अनमोल अधिकारी ने दो दो और कप्तान अंश गुप्ता ने एक गोल जमाया द्य उपविजेता टीम का इकलौता गोल हिमांशु चंटोला ने किया द्य लगातार तीसरा खिताब जीतने वाले हंटर्स के अनमोल को टॉप स्कोरर, लेटमिनट को प्लेयर ऑफ द लीग और मोला को बेस्ट गोलकीपर आंका गया। तेज रफ्तार से खेले गए फाइनल मुकाबले में यूं तो टक्कर बराबर की रही लेकिन मौकों का लाभ उठा कर अनुभवी खिलाड़ियों ने शुरु से ही खेल पर पकड़ बना ली और लगातार हमलावार रुख अपना कर खिताब पर कब्जा बनाए रखा।

### ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने की टेबल टेनिस टूर्नामेंट के शुभारंभ की घोषणा

**मुंबई।** ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने पहली बार अंडर-15 टेबल टेनिस टूर्नामेंट की शुरुआत करने की घोषणा की है। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टेटेएफआई) द्वारा समर्थित ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप टेबल टेनिस 2025, चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में 17 से 22 मार्च के बीच खेली जायेगी। इस टूर्नामेंट में राष्ट्रीय रैंकिंग के आधार पर चयन किये गये देश भर के 30 पुरुष और महिला एथलीट भाग लेंगे। इस आयोजन में 11-14 वर्ष की आयु के युवा पैडलर्स भी भाग लेंगे। जिससे उच्च क्षमता वाले एथलीटों को एक अनूठा प्रतिस्पर्धी अवसर मिलेगा।

### मुचोवा को हराकर स्वियाटेक इंडियन वेल्स क्वार्टरफाइनल में

**कैलिफोर्निया।** गत चैंपियन इगा स्वियाटेक ने कैरोलिना मुचोवा को हराकर इंडियन वेल्स क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। स्वियाटेक का मुचोवा के खिलाफ मैच बारिश के कारण लगभग एक घंटे देरी से शुरू हुआ। 57 मिनट तक चले मुकाबले में पोलैंड की स्वियाटेक ने चेक गणराज्य की मुचोवा को 6-1, 6-1 से हराया। क्वार्टरफाइनल में स्वियाटेक का मुकाबला चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन से होगा।

### कोनसाइंट को हराकर गोल हंटर्स ने लगाई खिताबी हैट्रिक

**नई दिल्ली।** गोल हंटर्स फुटबाल क्लब ने कोनसाइंट फुटबाल को 5-1 से हरा कर फुटसल दिल्ली लीग का खिताब जीत लिया। यह हंटर्स का लगातार तीसरा खिताब है। आज यहां के डी जाधव इंदिरा गॉंधी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में हंटर्स के अनुभवी और जाने माने खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल और अवसरों का लाभ उठा कर प्रतिद्वन्दवी को परास्त किया। गोल हंटर्स के लिए मानव शर्मा और अनमोल अधिकारी ने दो-दो और कप्तान अंश गुप्ता ने एक गोल दागा।